भोपाल
गुरुवार, 30 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-09
वर्ष : 12, अंक : 209
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 26
न्यून. 21

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**पाक को करारा जवाब**
'ऑपरेशन सिंदूर' की शक्ति की दिखाई झलक



# जिस राफेल पायलट शिवांगी को पकड़ने का पाकिस्तान ने किया था दावा, उन्हीं के साथ राष्ट्रपति ने 'खिंचवाई तस्वीर'

**एयरबेस पर मौजूद** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने एक दूसरे विमान मे उड़ान भरी

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंबाला एयर फोर्स बेस से राफेल में उड़ान भरी, लगभग 200 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद वायुसेना स्टेशन पर लौटीं**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने जिस दौरान पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया था, उसी वक्त पाकिस्तान की तरफ से एक दावा हुआ था कि उसने भारत की महिला पायलट को पकड़ लिया है। पाकिस्तान की तरफ से तब इस पायलट का नाम शिवांगी सिंह बताया गया था। हालांकि, भारत ने एक तस्वीर से पाकिस्तान के हर तरह के दावे को पूरी तरह झुठला दिया है। बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राफेल उड़ाने से पहले हरियाणा के अंबाला एयर फोर्स बेस पर उन्हीं शिवांगी सिंह के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और पाकिस्तान के दावों को धराशायी कर ▶▶ शेष पेज 6 पर


शिवांगी सिंह और राष्ट्रपति मुर्मू

## शिवांगी सिंह हैं.. राफेल उड़ाने वाली भारत की पहली महिला पायलट

वाराणसी के फुलवरिया रेलवे क्रासिंग के पास एक सामान्य परिवार में जन्मीं शिवांगी सिंह ने अपने छोटे-से घर से ऊंचे सपने देखे। पिता कुमारेश्वर सिंह, माता सीमा सिंह और तीन भाई-बहनों के इस परिवार में संस्कारों के साथ-साथ देशसेवा की भावना भी गहराई से रची-बसी थी। उनके नाना बीएन सिंह, भारतीय सेना में कर्नल थे। 2015 में शिवांगी ने भारतीय वायुसेना की परीक्षा उत्तीर्ण कर डेढ़ साल तक कठोर प्रशिक्षण लिया। 2017 में उन्हें देश की पहली 5 महिला फाइटर पायलटों की टीम में शामिल किया गया। प्रशिक्षण के बाद ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आसाराम को 6 महीने की अंतरिम जमानत



**जयपुर।** नाबालिग लड़की से रेप के दोषी आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से 6 महीने की अंतरिम जमानत मिल गई है। आसाराम ने 30 अगस्त को जेल में वापस सरेंडर किया था, जिसके कुछ दिन बाद ही उसकी तबीयत बिगड़ने लगी थी। मेडिकल के आधार पर याचिका पर सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने फैसला आसाराम के पक्ष में दिया।

### बैठक में चप्पल की माला पहनकर पहुंचीं पार्षद



**देवास।** नगर निगम परिषद की बैठक भाजपा पार्षद रितु सावनेर चप्पलों की माला पहनकर शामिल हुईं, जो चर्चा का विषय बन गया। पार्षद सावनेर ने बताया कि वे अपने वार्ड की समस्याओं को लेकर कई बार निगम अधिकारियों को अवगत करा चुकी हैं, लेकिन उनकी शिकायतों का कोई समाधान नहीं हुआ है।

### जबलपुर के 3 कारोबारियों की सड़के हादसे में मौत



**जबलपुर।** बुधवार शाम को नागपुर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार शाम सड़क हादसे में जबलपुर के तीन होटल कारोबारियों की मौत हो गई। इसमें डिलाइट टॉकीज स्थित गोपाल होटल के संचालक कपिल साहनी सहित अन्य अमित अग्रवाल और संदीप सोनी शामिल हैं। तीनों नागपुर से जबलपुर लौट रहे थे। देवलापार के पास हादसा हो गया।

**भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौता जल्द, अमेरिकी राष्ट्रपति ने दिए संकेत**

**दक्षिण कोरिया के एपीईसी सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति का बयान**

# ट्रंप ने पीएम मोदी को बताया शानदार दिखने वाला व्यक्ति...मजबूत आदमी

▶▶ ट्रंप ने बताया कि पीएम मोदी ने उनसे कहा कि हम लड़ते रहेंगे। दो दिन बाद भारत ने अमेरिका को फोन किया और अपने रवैए में नरमी दिखाई

**राहुल ने पीएम को दी नसीहत**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को दक्षिण कोरिया में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) सम्मेलन की सीईओ वार्ता में हिस्सा लेने पहुंचे। यहां उन्होंने अपने भाषण के दौरान भारत से व्यापार समझौते और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र किया। ट्रंप ने उस समय का भी जिक्र किया, जब भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष चल रहा था और दावा किया कि उन्होंने प्रधानमंत्री से बातचीत की थी।

ट्रंप ने पीएम मोदी को सबसे शानदार दिखने वाला व्यक्ति करार दिया। साथ ही कहा कि वे फादर की तरह हैं। ट्रंप ने कहा कि पीएम मोदी जबरदस्त हैं। वे काफी मजबूत नेता हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि चर्चा के दौरान पीएम मोदी ने एक मौके पर उनसे कहा कि हम लड़ते रहेंगे। ट्रंप ने दावा किया कि दो दिन बाद भारत ने अमेरिका को फोन किया और अपने रवैए में नरमी दिखाई। उन्होंने कहा कि यह एक बेहतरीन बात थी। ट्रंप ने भारत से जल्द व्यापार समझौता पूरा होने के संकेत ▶▶ शेष पेज 6 पर

**ट्रंप ने दावा किया कि टैरिफ लगाने की धमकी देकर जंग रुकवाई**

ट्रंप ने दावा किया कि हमने युद्ध के दौरान साफ कह दिया था कि भारत-पाक पर 250 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। इसका मतलब है कि आप कभी व्यापार नहीं करेंगे और 48 घंटे के भीतर युद्ध खत्म हो गया


फाइल फोटो

### भारत-पाक सीजफायर का पुराना राग अलापा... झड़प में सात नए खूबसूरत विमान गिराए गए

ट्रंप ने एक बार फिर पुराना राग अलापते हुए कहा कि अगर आप भारत-पाकिस्तान को देखें तो मैं भारत के साथ व्यापार समझौता करने वाला हूं और मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बेहद सम्मान करता हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इससे पहले जापान में भी भारत ▶▶ शेष पेज 6 पर

### प्रधान बोले-राहुल गांधी अपने बयान के लिए माफी मांगें



*केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पीएम मोदी पर राहुल गांधी की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि यह सार्वजनिक संवाद में शिष्टाचार के बुनियादी मानदंडों के विरुद्ध है। इस बेतुकी टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता से सार्वजनिक* ▶▶ शेष पेज 6 पर

### व्यापार समझौते पर क्या है स्थिति?

**सिर्फ दस्तावेजी भाषा पर सहमति बननी बाकी**

ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। दोनों देशों के बीच पिछले कुछ महीनों से चल रही गहन वार्ताओं के बाद अब समझौते का पहला चरण लगभग तय माना जा रहा है। भारत-अमेरिका पहले ट्रांच को अंतिम रूप देने के लिए बहुत करीब हैं, और सिर्फ दस्तावेजी भाषा पर सहमति बननी बाकी है।

### डरिए मत मोदी जी, जवाब देने की हिम्मत तो दिखाइए

**राहुल गांधी बोले- ट्रंप हर देश में कर रहे अपमान**



**पटना।** डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयान के बाद विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी को नसीहत देते हुए उन पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट कर कहा कि डोनाल्ड ट्रंप हर देश में पीएम मोदी का अपमान कर रहे हैं। राहुल ने इसी पोस्ट में कहा कि उन्होंने दोबारा कहा कि व्यापार का डर दिखाकर पीएम नरेंद्र मोदी को 'ऑपरेशन सिंदूर' रोकने पर मजबूर किया। उन्होंने यह भी कहा कि 7 विमान गिराए गए थे। राहुल गांधी ने काह- डरिए मत ▶▶ शेष पेज 6 पर

**मप्र विधानसभा के सत्र की अधिसूचना जारी**

# एक से 5 दिसंबर तक चलेगा शीतकालीन सत्र

**सदन की कुल 4 बैठकें होंगी**


विधानसभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र की सोलहवीं विधानसभा का सप्तम सत्र सोमवार एक दिसंबर से शुरू हो रहा है। यह शुक्रवार 5 दिसंबर तक चलेगा।

विधानसभा सचिवालय ने बुधवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी। विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने 'हरिभूमि' को बताया कि इस 5 दिवसीय सत्र में सदन की कुल 4 बैठकें होंगी। इसमें महत्वपूर्ण शासकीय कार्य संपादित किए जाएंगे। इसके लिए विधानसभा सचिवालय में अशासकीय विधेयकों की सूचनाएं 4 नवंबर ▶▶ शेष पेज 6 पर

**भाजपा नेता की हत्या के बाद पुलिस का एक्शन**

# देर रात दोनों आरोपी शॉर्ट एनकाउंटर के बाद धरे गए

**जबलपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया**


आरोपी को गोली लगने के बाद ले जाते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कैमोर में भाजपा नेता नीलेश रजक की हत्या के दो आरोपियों को शॉर्ट एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान दोनों आरोपी गंभीर रूप से घायल हो गए।

उन्हें जबलपुर के निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया ने बताया कि कैमोर हत्याकांड के आरोपी अकरम खान और प्रिंस जोसेफ के कजरवारा में होने सूचना मिली थी। इसके बाद रात करीब 2 बजे पुलिस ने घेराबंदी की। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस की ओर से चार राउंड फायर किए ▶▶ शेष पेज 6 पर

**शिवपुरी के फतेहपुर चौराहे पर दर्दनाक हादसा**

# खाद लेने जा रहे तीन किसानों को ट्रक ने रौंदा, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

> बुधवार तड़के नींद से जागकर खाद की लाइन में लगने गए थे



जिले में किसान खाद के लिए पूरी रात नींद से जागकर खाद की लाइन में लगने के लिए गोदाम पर पहुंच रहे हैं। बुधवार की तड़के शिवपुरी के कोतवाली था नां त ग ं त फतेहपुर चौराहे पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने खाद लेने के लिए जा रहे तीन किसानों को टक्कर मार दी। हादसे में एक किसान की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो किसान घायल हो गए। गुड़ा गांव के 22 वर्षीय भरत पाल, विशाल (20) और ईटमा के जंडेल पाल (20) बुधवार अलसुबह करीब 4 बजे जागकर बाइक से लुधावली स्थित खाद गोदाम जा रहे थे। ताकि जल्दी पहुंचकर लाइन में आगे लग जाएं और जल्दी से खाद प्राप्त कर सकें। टक्कर इतनी भीषण थी कि भरत पाल की मौके ▶▶ शेष पेज 6 पर

### बारिश से धान की फसल हुई बर्बाद तो किसान ने दी जान

**श्योपुर।** बेमौसम हुई बारिश से जिले के किसानों की धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। जिले के मानपुर थाना क्षेत्र के गांव सिरसौद निवासी किसान कैलाश मीणा (50) अपने छह बीघा खेत में खड़ी धान की फसल के बर्बाद होने का सदमा सहन नहीं कर सका और उसने बुधवार को अपने खेत पर जाकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। किसानों ने उसके शव का यह कहते हुए अंतिम संस्कार नहीं किया ▶▶ शेष पेज 6 पर


गुस्साए लोगों ने जाम लगाया

## 'रन फॉर साइबर अवेयरनेस' जागरुकता अभियान का शुभारंभ


सीएम डॉ. यादव ने दिखाई हरी झंडी

**साइबर अपराध से बचाव के लिए सबसे बड़ा हथियार जागरुकता है**

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'रन फॉर साइबर अवेयरनेस' जागरुकता अभियान के शुभारंभ मौके पर कहा कि साइबर अपराध से लड़ाई केवल पुलिस की नहीं, बल्कि पूरे समाज की है। तकनीक और कानून अपने स्थान पर हैं, पर सबसे बड़ा हथियार जागरुकता है। जब नागरिक जागरुक होगा, तभी राष्ट्र सुरक्षित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस* ▶▶ शेष पेज 6 पर

**बहराइच नाव हादसा: कौड़ियाला नदी में यात्रियों से भरी नाव डूबी**

# महिला की मौत, 13 तैरकर सुरक्षित निकले, 8 लापता

नाव में 22 ग्रामीण सवार थे, अंधेरे में रेस्क्यू में दिक्कत आई

एजेंसी ▶▶ बहराइच

उप्र के बहराइच जिले में कतर्नियाघाट के ट्रांस गेरुआ क्षेत्र में बुधवार देर शाम कौड़ियाला नदी में ग्रामीणों से भरी नाव डूब गई। नाव में 22 ग्रामीण सवार थे, जिनमें से 13 लोग तैर कर सुरक्षित निकल आए है, जबकि एक महिला का शव मिला है। 8 अभी लापता हैं।

भरथापुर गांव घने जंगल और गेरुआ नदी के पार स्थित होने के चलते यहां के लोग लखीमपुर खीरी जनपद के खैरटियाबाजार से रोजमर्रा की खरीदारी के लिए नाव से आवागमन करते हैं। बुधवार को गांव के लोग दोपहर में नदी पार कर खैरटिया बाजार गए थे। सभी ग्रामीण खरीदारी कर शाम 5:30 बजे खैरटियाघाट से नाव पर सवार होकर भरथापुर गांव की ओर रवाना हुए। ▶▶ शेष पेज 6 पर


घटना स्थल पर पुलिस मौजूद

### गेट खोलने से नदी में तेज हुआ बहाव

ग्रामीणों के मुताबिक चौधरी चरण सिंह घाघरा बैराज के गेट खोले जाने से नदी में तेज बहाव बढ़ गया है, जो इस हादसे की मुख्य वजह बना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लेकर पुलिस और प्रशासन को एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के साथ दुर्घटना स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया है।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कटोरिया, नाथनगर एवं आलमनगर सीट पर की सभाएं**

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बिहार तेजी से आगे बढ़ रहा है, यहां विकास की अपार संभावनाएं

# समग्र विकास के लिए बिहार में चाहिए तीसरी बार एनडीए सरकार

**अयोध्या में श्रीराम मंदिर के बाद अब बिहार के सीतामढ़ी में बनेगा माता सीता का भव्य तीर्थ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को बिहार के बांका जिले के कटोरिया, भागलपुर जिले के नाथनगर एवं मधेपुरा जिले के आलमनगर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आलमपुर से एनडीए प्रत्याशी नरेंद्र नारायण, नाथनगर से प्रत्याशी मिथुन यादव और कटोरिया से प्रत्याशी पूरन लाल के समर्थन में जनसभा को संबोधित ▶▶ शेष पेज 6 पर



### 74 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया हमें अब सम्मान की नजरों से देखती है। बिहार आगे बढ़ना चाहिए, देश आगे बढ़ना चाहिए और हर घर का बेटा-बेटी आगे बढ़ना चाहिए। अगर किसी को आगे बढ़ाने का मौका कोई देता है तो वह भारतीय जनता पार्टी है। मैं किसान परिवार से आता हूं, लेकिन पार्टी ने मुझे मुख्यमंत्री बना दिया। भगवान श्री राम को लेकर सवाल खड़े करने वालों को सबक सिखाएं।

### कांग्रेस नेता हिंदू-मुस्लिमों को वर्षों तक लड़ाते रहे

डॉ. यादव ने कहा कि बाबा महाकाल की नगरी से एनडीए प्रत्याशियों की जीत का आशीर्वाद लेकर आया हूं। बिहार की जनता हीरा परखना ▶▶ शेष पेज 6 पर

# गोमाता को मेहंदी, रोली व हल्दी के थापे लगाकर खिलाया गोग्रास और मालपुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोपाष्टमी का पर्व बुधवार को श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर में अनेक स्थानों पर गोमाता और ग्वालों की पूजा अर्चना की गई और गोरक्षा का संकल्प लिया। शहर की गोशालाओं में भी गोधुली बेला में गोमाता की पूजा अर्चना की गई, इस दौरान गोमाता को गोग्रास, मालपुए भी खिलाए गए। गोपाष्टमी के दिन बछड़े सहित गाय की पूजा का विधान है।

इस दिन गोमाता के अंगों में मेंहदी, रोली, हल्दी के थापे लगाए जाते हैं और सजाया जाता है। माना जाता है कि कार्तिक मास शुक्ल पक्ष अष्टमी पर ही भगवान श्रीकृष्ण ने गोचारण शुरू किया था। इसलिए इस दिन गो और ग्वालों की पूजा की जाती है। इसी के तहत शहर की गोशालाओं में आयोजन किए गए। नेहरू नगर महालक्ष्मी मंदिर गोशाला, गुफा मंदिर गोशाला सहित अन्य गोशालाओं में भी अनेक आयोजन हुए। एमपी नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ स्थित गोशाला में भी गोमाता को गौग्रास खिलाने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे।

### नेहरू नगर महालक्ष्मी मंदिर गोशाला, गुफा मंदिर में हुआ आयोजन

## गोपाष्टमी पर गायों का पूजन कर गोपालकों का किया सम्मान

अष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण ने गोचारण शुरू किया था

नगर के विभिन्न गो-शाला में पहुंचे श्रद्धालु



गोपाष्टमी पर गोशाला में गो माता को घांस खिलाया।

*सेवा संकल्प युवा संगठन द्वारा गोपाष्टमी पर गोशालाओं में बछड़े एवं गायों को रोली, चंदन से तिलक कर मंत्रोच्चार से पूजन किया। गायों की आरती कर हरा चारा एवं गुड़ का भोग अर्पण किया। संगठन के अध्यक्ष प्रकाश मालवीय ने बताया कि गोपाष्टमी पर भगवान कृष्ण के साथ गायों एवं गोपालकों के पूजन का महत्व है। एमपी नगर स्थिति गायत्री मंदिर एवं मैदा मिल की गोशालाओं में संगठन के युवाओं ने गायों की पूजन कर गोशाला के सभी गोपालकों का सम्मान कर मिष्ठान वितरित किया।*

**श्रद्धालुओं ने गो-माता की उतारी आरती**

*भोपाल संभाग में मॉडल गोशाला का खिताब प्राप्त बृजमोहन रामकली गो-संरक्षण केंद्र में गौपाष्टमी के पर्व पर गोपूजन किया गया। केंद्र के अध्यक्ष प्रहलाद दास मंगल एवं सचिव प्रमोद नेमा ने यहां मौजूद गायों को गुड़, दाना एवं चापड़ से बनी सानी खिलाकर पूजन कर सभी गो माताओं की आरती उतारी। इस अवसर पर श्याम अग्रवाल, सुरेश नाथ, रामबाबू शर्मा, शुभम सोनी सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।*

### शोभायात्रा निकाली, गिन्नोरी घाट पर दीपदान

गोपाष्टमी के मौके पर बांके बिहारी मार्कंडेय मंदिर से सालिगराम लड्डू गोपाल और तुलसी माता की शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर गाय और बछड़े की पूजा अर्चना की गई और उन्हें हल्दी के थापे लगाए गए। पंडित रामनारायण आचार्य ने बताया कि यह शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए गिन्नोरी घाट पहुंची। यहां पूजा कर दीपदान किया गया।

### संकट हरण महादेव मंदिर में अन्नकूट महोत्सव दो नवंबर को

**भोपाल।** राठौर संघ के संकट हरण महादेव मंदिर गिन्नौरी में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन दो नवंबर को रखा गया है। जिसमें बाबा का महाभिषेक, छप्पन भोग और बाबा का मनमोहन श्रृंगार किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर भोजन प्रसादी का भी वितरण किया जाएगा। राठौर संघ महिला मंडल की पदाधिकारी सविता राठौर ने बताया कि संघ के गिन्नौरी स्थित मंदिर में अन्नकूट महोत्सव के तहत रविवार को शाम छह बजे से बाबा खाटू श्याम की भजन संध्या का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के दौरान बाबा का श्रृंगार और श्रृंगार संध्या आरती भी की जाएगी। अन्नकूट महोत्सव में बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु समेत रहवासी शामिल होंगे।

### आंवला नवमीं आज

**भोपाल।** रोग, दोष और भय से छुटकारा देने वाली आंवला नवमीं गुरुवार को श्रद्धाभाव के साथ मनाई जाएगी। आंवला नवमीं को अक्षय नवमीं के नाम से भी जानते हैं। पंडित जगदीश शर्मा ने बताया कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमीं तिथि से लेकर कार्तिक पूर्णिमा तक भगवान विष्णु आंवले के पेड़ में विराजमान रहते हैं। इसलिए अक्षय नवमीं के दिन विधिवत आंवला के पेड़ की पूजा करने के साथ इसकी छाया में बैठकर भोजन करना शुभ माना जाता है। महिलाएं सुख-समृद्धि और सौभाग्य के लिए आंवले के पेड़ की पूजा-अर्चना कर उसकी 108 परिक्रमा भी लगाएंगी।

## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायतों को दिए तीन वृक्षों की टीपी के अधिकार

**भोपाल।** राज्य सरकार प्रदेश की ग्राम पंचायतों को तीन वृक्षों की ऑनलाइन टीपी जारी करने के अधिकार दिए हैं। ये तीन वृक्ष हैं सुबबूल, विलायती बबूल एवं नीलगिरी। दरअल इनकी ज्यादातर गांवों में बहुतायत है तथा इनका विभिन्न कार्यों में उपयोग होता है। इनकी कटाई के बाद इन्हें राज्य के अंदर एवं राज्य के बाहर ले जाने के लिये टीपी जनरेट करने का अधिकार ग्राम पंचायतों को देने का राज्य शासन ने निर्णय लिया गया है। इसके लिए वन विभाग के टीपी पोर्टल पर व्यवस्था की जाएगी। वन विभाग के लिए इन तीनों का कोई महत्व नहीं है।

### सरकारी आयुष कॉलेज में 31 तो निजी में दो हजार 58 सीटें खाली

**भोपाल।** आयुष नीट यूजी 2025-26 स्टेट व ऑल इंडिया कोटा की दो राउंड काउंसलिंग के पश्चात 32 निजी आयुर्वेद मेडिकल कॉलेजों की दो हजार 58 और सात शासकीय आयुर्वेद कॉलेजों में स्नातक यूजी की 31 सीटों समेत दो हजार 89 बीएएमएस यूजी सीटें खाली हैं। काउंसलिंग के दो राउंड तक 32 निजी आयुर्वेद कॉलेजों में अभी तक 859 यूजी सीटें भर गई हैं। वहीं सात शासकीय आयुर्वेद कॉलेज भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, इंदौर, उज्जैन व बुरहानपुर में संचालित हैं।

### शिक्षक भर्ती के वेटिंग कैंडिडेट ने मुंडन कराकर दर्ज कराया विरोध

**भोपाल।** राजधानी स्थित आंबेडकर पार्क में वेटिंग शिक्षक संघ द्वारा प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के लिए पहुंचे शिक्षक भर्ती के वेटिंग कैंडिडेट द्वारा मुंडन करा कर विरोध दर्ज कराया गया। वेटिंग कैंडिडेट संघ के नागुसिंह देवड़ा ने बताया कि उच्च माध्यमिक शिक्षक (वर्ग 1) भर्ती 2023 में पदवृद्धि के साथ द्वितीय कॉउंसलिंग के लिए विरोध स्वरूप मुंडन कराया गया है। ढाई साल से भर्ती प्रक्रिया अधूरी है। अब तक नाममात्र के फ्रेश पद दिए गए है। 5 साल बाद भर्ती आई, भर्ती चलते हुए ढाई साल हो गए। पहली बार 2-2 परीक्षा ली गई। चयन परीक्षा में 100 में से 80-85 अंक लाने के बाद भी नियुक्ति नहीं मिल पाई है, जबकि राजपत्र के अनुसार हजारों पद.खाली हैं।

### 3 दिनी वर्कशॉप में शिक्षण संवाद और नेतृत्व कौशल को मिला नया आयाम

**भोपाल।** राजधानी स्थित संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में बुधवार को क्वेस्ट अलायंस के तकनीकी सहयोग से इंदौर, बालाघाट, उज्जैन एवं सागर संभागों के मास्टर ट्रेनर्स के लिए तीन दिवसीय आवासीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य आईटीआई प्रशिक्षणार्थियों के बीच रोजगार कौशल पाठ्यक्रम को समेकित और प्रभावी रूप से लागू करना था। वर्कशॉप में चार संभागों के 17 जिलों से आए मास्टर ट्रेनर्स ने भाग लिया। प्रतिभागियों को कक्षा शिक्षण की आधुनिक पद्धतियों, विद्यार्थियों की लर्निंग जर्नी, डिजिटल एवं तकनीकी टूल्स के प्रयोग का प्रशिक्षण दिया।

### वर्ष-2003 के बाद जुड़े नामों के पिता के नाम की तलाश, 22 साल में जुड़े 9 लाख 44 हजार 152 वोटर्स

# पांच लाख वोटर्स को मिलेंगे नोटिस, जिन्हें नागरिक होने का पेश करना पड़ेगा प्रमाण-पत्र, चार लाख वोटर्स के मिले ब्लड रिलेशन

» **बीएलओ गणना पत्रक फार्म की जानकारी के आधार पर ही प्रारंभिक प्रकाशन में नाम आएगा**

» **चार नवंबर से स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन में गणना पत्रक बांटने का काम होगा शुरू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चार नवंबर से स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में गणना पत्रक बांटने का काम शुरू कर दिया जाएगा, जिसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने एक्सरसाइज का काम शुरू कर दिया है, जिसके तहत जिले की सात विधानसभाओं में 2029 बीएलओ ने अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं की जानकारी जुटाना भी शुरू कर दिया है। पिछले 22 साल में बढ़े 9 लाख 44 हजार 152 वोटर्स के पिता का नाम वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में तलाश किया जा रहा है। प्रारंभिक तौर पर करीब चार लाख वोटर्स के ब्लड रिलेशन वाले मतदाता भी मिल गए हैं। ऐसे में शेष बचे करीब पांच लाख वोटर्स को नोटिस जारी किए जाएंगे, जिन्हें भारत का नागरिक होने का प्रमाण पेश करना पड़ेगा।

बुधवार को उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ और सुपरवाइजर को ट्रेनिंग पूरी करने की हिदायत दी। इस मौके पर नरेला विधानसभा क्षेत्र के राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी एसआईआर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसआईआर के तहत प्रत्येक वोटर के घर पर बीएलओ गणना पत्रक फार्म लेकर जाएगा। जिसे सावधानी से भरना जरूरी है। इस फार्म की जानकारी के आधार पर ही प्रारंभिक प्रकाशन में नाम आएगा। जिन मतदाताओं के गणना पत्रक फार्म नहीं आएंगे, उनके नाम वोटर लिस्ट से काट दिए जाएंगे।

### गोविंदपुरा में 4 लाख से ज्यादा मतदाता

वर्तमान में गोविंदपुरा विधानसभा में सबसे ज्यादा 4 लाख 1 हजार 816 मतदाता हैं। जबकि वर्ष-2003 में इनकी तादाद 3 लाख 41 हजार 51 थी। इस विस को तोड़कर ही नरेला विधानसभा का गठन किया गया था। नरेला में 3 लाख 54 हजार 844 मतदाता दर्ज है। इधर, दक्षिण-पश्चिम में पहले 4 लाख 21 हजार 105 थे, जो अब घटकर 2 लाख 34 हजार 134 हो गए हैं। इस विस को तोड़कर मध्य विस का गठन किया गया था। इसी तरह बैरसिया विस में पहले एक लाख 96 हजार 709 मतदाता थे, जो अब बढ़कर दो लाख 53 हजार 918 हो गए हैं।

### एसडीएम दफ्तरों में लग जाएगी भीड़

एसआईआर के दौरान जिन लोगों के नाम वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नाम नहीं है। या जिसके पिता, दादा, ताऊ और चाचा का नाम भी वोटर लिस्ट में दर्ज नहीं है। उनको एसडीएम नोटिस जारी करेंगे। ऐसे में सात विधानसभाओं में पांच लाख से अधिक लोगों को नोटिस जारी होंगे, जिससे एसडीएम दफ्तरों में भीड़ लग जाएगी।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की वर्चुअल बैठक

## मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अधिकारी अनिवार्य रूप से करें पालन



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा बैठक लेते हुए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) संजीव कुमार झा ने वीडियो कांफ्रेसिंग से सभी संभागों के कमिश्नर एवं कलेक्टर तथा जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में सभी संभागों के कमिश्नर एवं सभी जिलों के कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी शामिल हुए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में दिए गए निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। निर्देशों का अच्छी तरह से अध्ययन कर लें। भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट वोटर्स.डॉट.ईसीआई.इन पर जाकर कोई भी मतदाता 2003 की मतदाता सूची देख सकता है। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर भी मतदाता सूची उपलब्ध है। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ तीन बार मतदाताओं के घर घर जाएंगे, यह सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जो व्यक्ति 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा है, वह भी मतदात सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकता है।

### 7 फरवरी 2026 तक चलेगी प्रक्रिया

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने बताया कि एसआईआर की प्रक्रिया 28 अक्टूबर से प्रारंभ हो गई है जो 8 फरवरी 2026 तक चलेगी। इस बीच 3 नवंबर तक बीएलओ को ट्रेनिंग दी जाएगी। बीएलओ की ओर से 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक घर घर जाकर सर्वे किया जाएगा। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 9 दिसंबर तक किया जाएगा। दावा आपत्तियों के 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक आवेदन लिए जाएंगे।

### जुड़वाने के लिए फॉर्म 6 हटवाने के लिए फॉर्म 7

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6, हटवाने के लिए फॉर्म 7 और सुधार या संशोधन के लिए मतदाता को फॉर्म 8 भरना होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने बताया कि एन्यूमरेशन फार्म भरने में यदि कोई व्यक्ति मिथ्या घोषणा करता है, तो जुर्माने या कारावास के लिए दंडनीय होगा।

### चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव को दिए निर्देश

## सात फरवरी तक कलेक्टर, ज्वॉइंट कलेक्टर, तहसीलदारों के तबादलों पर रोक

प्रदेश में अब सात फरवरी तक कलेक्टर, एसडीएम (संयुक्त कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टर), तहसीलदार के तबादले नहीं किए जा सकेंगे। चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव को निर्देश जारी कर कहा है कि इन अधिकारियों के तबादले रकफ की प्रक्रिया पूरी होने तक नहीं किए जाएं। अत्यधिक जरूरी होने पर चुनाव आयोग की परमिशन के बाद तबादले किए जा सकेंगे। सरकार इस अवधि में सीनियर आईएएस अफसरों के तबादले कर सकेगी, इस पर कोई रोक नहीं रहेगी। भारत निर्वाचन आयोग ने इसको लेकर जारी निर्देश में मुख्य सचिव से साफ तौर पर कहा है कि मतदाता सूची के काम में जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (जॉइंट कलेक्टर या डिप्टी कलेक्टर), सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (तहसीलदार या नायब तहसीलदार) के तबादले एसआईआर की प्रक्रिया शुरू होने के बाद नहीं होंगे। आयोग ने कहा है कि मुख्य सचिव की यह भी जिम्मेदारी होगी कि किसी भी विधानसभा क्षेत्र में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का पद रिक्त नहीं होना चाहिए ताकि आयोग द्वारा तय टाइमलाइन में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण की कार्यवाही की जा सके। इस काम में आवश्यक बीएलओ और सुपरवाइजर्स की कमी भी नहीं हो, इसका ध्यान कलेक्टर और राज्य शासन रखेगा।

### इन पर भी रोक नहीं

चुनाव आयोग ने यह भी साफ किया है कि पुलिस अधीक्षक, आईजी और अन्य सीनियर आईपीएस के अलावा एसडीओपी, सीएसपी, डीएसपी स्तर के अधिकारी या टीआई भी किसी तरह के तबादले के प्रतिबंध में नहीं रहेंगे। सरकार चाहे तो मंत्रालय और विभिन्न विभागों में पदस्थ सीनियर आईएएस अफसरों के भी तबादले कर सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि ये अधिकारी मतदाता सूची के रजिस्ट्रीकरण की कार्यवाही से किसी तरह से सीधे तौर पर नहीं जुड़े हैं।

### अहमद कॉलोनी में स्मार्ट मीटर लगाने पर हंगामा

## रहवासियों ने कहा, हम नहीं लगाएंगे घरों में स्मार्ट मीटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के अहमद अली औकाफ कॉलोनी में बुधवार को स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान जमकर हंगामा हुआ। कॉलोनी के 800 घरों में बिजली कंपनी के अधिकारी स्मार्ट मीटर लगाने के लिए पहुंचे थे, लेकिन लोगों ने बढ़े हुए बिजली बिल को लेकर जवाब सवाल किया तो हंगामे की स्थिति बन गई। मौके पर पहुंचे कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने बिजली कंपनी के अधिकारियों से उपभोक्ताओं के सहमति पत्र दिखाने के लिए कहा। गोविंदपुरा बिजली कंपनी के असिस्टेंट इंजीनियर संजय बारामासे ने कहा कि उन्हें सरकार का निर्देश है इसलिए स्मार्ट मीटर लगाने आए हैं।



स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध करते लोग।

### कलेक्टर के आदेश के खिलाफ तहसीलदार ने कोर्ट से लिया स्टे

## कलेक्टर ने तहसील से हटाया, कोर्ट के आदेश पर दोबारा किया ज्वॉइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हुजूर तहसील के वृत-1 में पदस्थ तहसीलदार आलोक पारे को हटाने के मामले में कोर्ट ने स्टे दे दिया है, जिसके बाद पारे ने दोबारा से वृत में ही काम शुरू कर दिया है। दरअसल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने पिछले दिनों हुजूर तहसील में पदस्थ तहसीलदार आलोक पारे को कलेक्टोरेट में अटैच करने के आदेश जारी किए थे।

तहसीलदार इस आदेश के खिलाफ कोर्ट गए, जहां से उन्हें स्टे मिल गया है। कलेक्टर के आदेश के खिलाफ किसी तहसीलदार के कोर्ट जाने का भोपाल में संभवतः यह पहला मामला सामने आया है। दरअसल तहसीलदार आलोक पारे को पहले प्रभारी डिप्टी कलेक्टर का प्रभार मिला था, लेकिन उन्होंने प्रमोशन नहीं लिया। जिसके बाद कलेक्टर ने उन्हें हुजूर तहसील के वृत-1 में नायब तहसीलदार स्तर का काम सौंपा था। जिसके बाद कलेक्टर ने आदेश जारी कर पारे को तहसील से हटाकर कलेक्टोरेट अटैच कर दिया। तहसील के वृत-1 में राकेश पिप्पल को पदस्थ किया गया। जबलपुर हाईकोर्ट से मिले स्टे के बाद पारे ने वृत में दोबारा से काम संभाल लिया है।

### रवीश श्रीवास्तव को हटाया, भुवन गुप्ता बने एसडीएम

लंबे समय से गोविंदपुरा एसडीएम सर्कल में पदस्थ रवीश श्रीवास्तव को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने हटा दिया है। उन्हें कलेक्टोरेट में ओआईसी का काम सौंपा गया है। इनकी जगह पर उपजिला निर्वाचन अधिकारी का काम देख रहे भुवन गुप्ता को एसडीएम बनाया गया है। इसके पहले इनका नाम कोलार एसडीएम के लिए चल रहा था, लेकिन एसआईआर शुरू होने से उन्हें निर्वाचन का काम दे दिया गया, लेकिन अचानक से उन्हें निर्वाचन के साथ गोविंदपुरा एसडीएम की जिम्मेदारी भी दे दी गई है। गुप्ता के पास डीपीसी का भी अतिरिक्त प्रभार है।

### भावांतर योजनांतर्गत कृषि उपज मंडियों में हो रही है सोयाबीन की खरीदी

**भोपाल।** प्रदेश में सोयाबीन फसल के लिए लागू की गई भावांतर योजना में 9 लाख 36 हजार 352 किसानों ने पंजीयन कराया है। सोयाबीन का विक्रय 24 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ है जो 15 जनवरी 2026 तक जारी रहेगा। अभी तक 27 हजार 63 किसानों से 47 हजार 493 टन सोयाबीन खरीदी गई है। मंगलवार 28 अक्टूबर को 10 हजार 851 किसानों से 19 हजार 191 टन सोयाबीन की खरीदी हुई। कृषि उपज मंडी देवास में सर्वाधिक 1699, इंदौर में 1579, उज्जैन में 1538, गंजबासौदा में 1283, बैरसिया में 1154, आगर में 1085, आष्टा में 1061, शाजापुर में 1053, तराना में 1040 एवं सागर मंडी में 962 टन, गंजबासौदा मंडी में 1254, देवास में 1182, उज्जैन में 1106, आष्टा में 1075, बैरसिया में 900, आगर में 891 सोयाबीन की खरीदी हुई।

### पुलिस ऑफिसर्स मेस में डीजीसीआर अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले 56 पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को मिला अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में अपनी कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए कानून व्यवस्था को बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से बुधवार को पुलिस मुख्यालय के पुलिस ऑफिसर्स मेस में डायरेक्टर जनरल्स कमंडेशन रोल (डीजीसीआर) अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीजीपी कैलाश मकवाना ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 56 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र और डिस्क देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीजीपी मकवाना ने कहा कि मैं सभी पुलिसकर्मियों के त्याग और लगनशीलता की सराहना करता हूं।

### उत्कृष्ट कार्य कर पुलिसकर्मियों ने देशभक्ति-जनसेवा के सूत्रवाक्य को किया सार्थक : डीजीपी



पुलिस मुख्यालय में डीजीपी मकवाना महिला अफसर को प्रशस्त्रि-पत्र देकर सम्मानित करते हुए।

### पुलिस सदैव अपना कर्तव्य पूरा करने के लिए तत्पर

मकवाना ने कहा कि पुलिस सदैव अपना कर्तव्य निभाने के लिए चुनौतियों के बीच कार्य करने के लिए तत्पर रहती है। ऐसे में अच्छा कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन कर उन्हें सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इस पुरस्कार को पाने वाले पुलिसकर्मियों ने उत्कृष्टता की मिसाल पेश की है।

### पुलिस ने अविस्मरणीय योगदान दिया

मध्यप्रदेश के पुलिस विभाग ने अपनी स्थापना से अब तक की गौरवमयी यात्रा में प्रदेश में कानून व व्यवस्था, शांति, आपसी प्रेम, भाईचारे की परम्पराओं को अक्षुण्ण बनाए रखने में अविस्मरणीय योगदान दिया है। मध्य प्रदेश पुलिस को इस मुकाम तक पहुंचाने में एक से बढ़कर एक जांबाज अधिकारियों एवं कर्मचारी की अहम भूमिका रही है।

### प्रतियोगिताओं में विजेताओं को दिए प्रमाण-पत्र

## एसपीएम कॉलेज में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में हुईं प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शासन के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कॉलेज में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति तथा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन हुआ। इस दौरान भाषण, निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिताएं हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत मध्यप्रदेश गान के सामूहिक गायन से हुआ। माहवद्यिालय में भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना ने स्थापना दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला।



विजेता विद्यार्थी को पुरस्कार देते हुए।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025

## हवाओं में ठिठुरन
## रात में छाया कोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में बुधवार को लगातार तीसरे दिन हवाओं में ठिठुरन, आसमान पर बादल और रात में धुंध_कोहरे का असर रहा। इस सीजन में ऐसा पहली बार हुआ है जब लगातार तीन दिन बादल, बौछारों के बीच सर्द हवाओं का मौसम रहा। यह क्रम अभी तीन से चार दिन और चलने की उम्मीद है। इससे कड़ाके की सर्दी से पहले ऐसी सर्दी सीजन में पहले बार महसूस की जा रही है। सर्दी का सीजन एक अक्टूबर से शुरू हुआ है। मौसम में ठंडक घुलते ही सैलानियों में घूमने की ललक बढ़ गई है। शहर के अंदर और आसपास के इलाकों में सैरसपाटे के लिए लोग बड़ी संख्या में पहुंचने लगे हैं। दिन में घूमने और शाम को अलाव जलाने वालों की संख्या जंगली इलाकों के आसपास भी देखी जा रही है।


राजधानी में जब सुबह 7 बजे लोगों की आंख खुली तो शहर को कोहरे में लिपटा पाया। कोहरे का यह असर 11 बजे तक रहा। ड्रोन चित्र वीआईपी रोड का। **फोटो जसप्रीत सिंह**

### डॉक्टर बोला, वर्ष 2016 से भोपाल में हूं, दस थाना प्रभारी को जानता हूं...
# कार में बैठकर रेजीडेंट डॉक्टर कर रहे थे शराब पार्टी, पुलिसकर्मी ने रोका तो की गाली-गलौज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स के पास मुख्य सड़क पर कार खड़ी कर शराब के नशे में धुत रेजीडेंट डॉक्टर्स द्वारा पुलिसकर्मी से गालीगलौज किए जाने का मामला समने आया है। दरअसल, एम्स के तीन रेजीडेंट सफेद रंग की बलेनो कार में पार्टी कर रहे थे। दो डॉक्टर्स को नशे अधिक होने के कारण वह कार में थे, जबकि तीसरा कार की छत पर बीयर की बोतल रखकर बीयर पी रहा था और पास ही खड़ा होकर सिगरेट के छल्ले बना रहा था। पुलिसकर्मी ने उन्हें सड़क पर खड़े होकर पार्टी करने का पूछा तो कार में मौजूद एक डॉक्टर्स कार से बाहर निकल आया और उसने पुलिसकर्मी से गालीगलौज शुरू कर दी। वह कहने लगा कि मैं वर्ष 2016 से भोपाल में हूं और थाने के दस अधिकारियों को पहचानता हूं। पुलिसकर्मी ने चार्ली में तैनात अन्य पुलिसकर्मी को बुलाया और तीनों डॉक्टर्स को एम्स के सुरक्षाकर्मियों को सौंप दिया है। जल्द ही पुलिस डॉक्टर्स के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज कर सकती है।


कार में बीयर की बोतलें मिली, कार की छत पर बीयर रख सिगरेट के छल्ले बना रहा था रेजीडेंट

कार के अंदर देखा तो पड़ा था स्नेक्स, बनाया वीडियो


हंगामे के दौरान पुलिसकर्मी को रोकने के लिए फोन लगाते डॉक्टर।

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो मंगलवार देर रात का बताया जा रहा है। वीडियो में एमपी 30 सी 8190 नंबर की सफेद रंग की बलेनो कार में नशे में धूत दो युवक बैठे हुए थे, जबकि तीसरा ड्राइवर साइड के गेट के पास खड़ा होकर सिगरेट पी रहा है। इस बीच एक कार रुकती है और उसमें मौजूद पुलिसकर्मी मोबाइल पर वीडियो बनाते हुए कार के पास पहुंचता है। कार के पास खड़े युवक से पुलिसकर्मी ने पूछा कि कहां रहते हो तुम लोग। क्या चल रहा है। इस पर एक युवक बोला कि एम्स में रहते हैं, डॉक्टर हैं। पुलिसकर्मी बोला कि क्या दिखाना चाहते हो। इतनी पी रखी है और कार की छत पर बीयर की बोतल रखकर क्या दिखाना चाहते हो। पुलिसकर्मी ने कार के अंदर का वीडियो बनाया तो वीडियो में बीयर की खाली बोतल, स्नैक्स पड़ा हुआ नजर आ रहा था।


कार की डाइवर सीट के नीचे पड़ी खाली बीयर की बोतलें।

### गाली-गलौज हंगामे के बीच कार में सोता रहा एक डॉक्टर

पुलिस का कहना है कि दो डॉक्टर्स अत्यधिक नशे में थे। जबकि तीसरा बीयर पी रहा था। एक डॉक्टर ने पुलिसकर्मी का विरोध किया है, जबकि दूसरा पुलिसकर्मी के सवाल का धैर्य से जवाब दे रहा था, जबकि तीसरा डॉक्टर को इतना अधिक नशा हो गया था कि वह कार में सोता ही रहा।

### एम्स प्रबंधन ने की रेजीडेंट के आचरण पर की कड़ी कार्रवाई

वायरल वीडियो के आधार पर एम्स प्रशासन ने घटना को बेहद गंभीरता से लिया है। एक जूनियर रेजिडेंट को संस्थान की सेवाओं से हटा दिया गया है, जबकि दूसरे के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई चल रही है। यह सुनिश्चित करना हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हर समय उचित व्यवहार बनाए रखा जाए।

### जानकारी मिलते ही कार्रवाई करेंगे

डॉक्टरों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। जानकारी मिलते ही आगे की कार्रवाई करेंगे।

**अमित कुमार सोनी**
**थाना प्रभारी, बागसेवनिया**

# महिला डीएसपी ने सहेली के घर से चुराई दो लाख की नकदी, सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद
### *स्पेशल ब्रांच में पदस्थ थी डीएसपी, अब बनाया निरीक्षक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित महालक्ष्मी परिसर गल्ला मंडी में रहने वाली महिला ने अपनी डीएसपी रेंक की सहेली पर चोरी के आरोप लगाए हैं। उनकी शिकायत पर पुलिस ने महिला डीएसपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। स्पेशल ब्रांच में पदस्थ महिला डीएसपी का डिमोशन करते हुए उन्हें निरीक्षक बना दिया गया है। पुलिस का कहना है कि महिला डीएसपी फरार है। उन्हें नोटिस भेजा गया है, लेकिन वह नोटिस रिसीव नहीं कर रही है।

पुलिस के अनुसार प्रवीण उर्फ प्रमिला तिवारी (35) मकान नंबर-101 बी-17, महालक्ष्मी परिसर गल्ला मंडी में रहती हैं और प्राइवेट इंश्योरेंस शाखा में नौकरी करती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि एक महीने पहले 24 सितंबर को वह अपना मोबाइल चार्जिंग पर लगाकर बाथरूम में नहा रही थी। इस दौरान उनका उनका बैग हाल में रखा था। पूजा से पहले वह फ्लैट का मुख्य दरवाजा खोलकर नहाने चली गई। उनकी बेटी अंदर के कमरे में पढ़ाई कर रही थी। शाम करीब साढ़े 6 बजे वह नहाकर निकली तो चार्जिंग में रखा उनका मोबाइल नहीं मिला। वह हाल में गई तो बैग रखा हुआ था, लेकिन बैग के अंदर रखे दो लाख रुपए नहीं थे। उक्त रुपए उन्होंने अपनी बेटी निक्की की फीस के लिए लाए थे।


सीसीटीवी में कैद हुई महिला पुलिस अफसर सहेली के घर से बाहर जाती नजर आई।


### सीसीटीवी में कैद हुई डीएसपी

*प्रवीण उर्फ प्रमिला ने फ्लैट के सामने रहने वाले पड़ोसी के घर के सीसीटीवी कैमरे चेक किए। कैमरे में उनकी सहेली कल्पना रघुवंशी नजर आई। वह बैग लेकर फ्लैट में आती हुई नजर आई और लौटकर जाती हुई भी नजर आई। जब वह आई थी उनके पास बैग था, लेकिन जाते समय उनके हाथ में नोट की गड्डी थी। जल्दबाजी में उन्होंने चप्पल नहीं पहनी और हाथ में चप्पल लेकर चली गई। घटना की शिकायत प्रवीण ने उर्फ प्रमिला ने तत्काल जहांगीराबाद थाने पहुंचकर की थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर डीएसपी कल्पना रघुवंशी के खिलाफ मोबाइल और नगदी चोरी का प्रकरण दर्ज किया है।*

### डेढ़ साल से नौकरी पर नहीं जा रही डीएसपी

पुलिस ने कल्पना रघुवंशी के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि वह डेढ़ साल से नौकरी पर नहीं जा रही है। उनकी प्रवीण उर्फ प्रमिला से दोस्ती है। उनका प्रवीण के घर अक्सर आना-जाना है। प्रवीण ने चोरी हुआ मोबाइल कल्पना रघुवंशी से ले लिया है। जबकि रुपए वापस नहीं करने के कारण उन्होंने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

## सीएमआरएस का इंतजार, मेट्रो स्टेशनों को दिया फाइनल टच



**भोपाल।** राजधानी के लोगों को जल्द मेट्रो की सौगात मिल सकती है। स्थानीय मेट्रो प्रशासन पूरी तरह से कामों को अंतिम रूप देने में जुटा है। सभी मेट्रो स्टेशनों को फाइनल टच दे दिया गया है। स्टेशन रोशनी से पूरी तरह से जगमग हैं। अब केवल मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) के शेड्यूल का इंतजार है। इसके बाद मुख्य रेल्वे संरक्षा आयुक्त (सीसीआरएस) मेट्रो के संचालन को हरी झंडी देंगे।

# थ्रम्बोलिसिस से 4.5 घंटे में ठीक हो रहे लकवे के मरीज
### *नसों में जमे ब्लड को खोलता है थ्रंबोलाइसिस इंजेक्शन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पैरालिसिस (लकवा) से पीड़ित मरीज अब चंद घंटों में ही जान बचने के साथ वह पूरी ठीक हो जाएगा। बुधवार को विश्व पक्षाघात दिवस (वर्ल्ड स्ट्रोक डे) पर हरिभूमि से चर्चा में हमीदिया अस्पताल के न्यूरोलॉजिस्ट डॉ आयुष दुबे ने बताया कि पैरालिसिस से बचाने के लिए हमीदिया अस्पताल में नई तकनीक से इलाज शुरू किया गया है। इसमें मरीज को इमरजेंसी में विशेष इंजेक्शन दिया जाएगा, जिससे मरीज कुछ ही दिनों में पूरी तरह ठीक हो जाएगा। इस इलाज को थ्रम्बोलिसिस कहा जाता है। थइंजेक्शन मरीज के नसों में जाम हुए खून को खोलने का काम करता है। यह इंजेक्शन ऐसे ही क्लॉटिंग को ठीक करने या फिर ब्लड को जमने से रोकता है। पैरालिसस के मामले में समय का सबसे महत्त्वपूर्ण होता है। बाद के शुरूआती 4.30 घंटे बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान क्लॉट सॉफ्ट होते हैं और आसानी से खत्म हो जाते हैं। इसे विंडो पीरिएड या गोल्डन पीरिएड कहा जाता है।

### ये लक्षण देख तुरंत पहुंचें अस्पताल

डॉ. आयुष दुबे ने बताया कि व्यक्ति को अचानक हाथ-पैर में कमजोरी, पैरों में लड़खड़ाहट, बैलेंस बिगड़ना, आवाज में बदलाव या चेहरा टेढ़ा हो जाना स्ट्रोक या लकवा की पहचान है। 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में स्ट्रोक होने की संभावना अधिक होती है। हाई ब्लड प्रेशर, शुगर, हाई कोलेस्ट्रॉल अथवा अनियमित दिल की धड़कन, यह बीमारियों में स्ट्रोक की संभावना ज्यादा होती है।

### हमीदिया में निःशुल्क लग रहा 40 हजार का इंजेक्शन

इस इलाज के दौरान मरीज को विशेष इंजेक्शन टेनेक्टेप्लेज दिया जाता है।



निजी अस्पतालों में इस इंजेक्शन की कीमत करीब 40 हजार रुपए है, लेकिन हमीदिया में यह निःशुल्क दिया जा रहा है।

**डॉ. आयुष दुबे, न्यूरोलॉजिस्ट,**
**हमीदिया अस्पताल**

## स्पॉट बनाने कॉलोनी समाजसेवी संगठनों के माध्यम से जागरूक करेगा निगम

डॉग को भोजन की जिम्मेदारी स्थानीय लोगों की रहेगी, नगर निगम करवाएगा साफ-सफाई

# *स्ट्रीट डॉग से हादसे रोकने कॉलोनियों-मोहल्लों में फीडिंग स्पॉट तय होंगे, जहां लोग रख सकेंगे भोजन, निगम करेगा निगरानी, लगेंगे बोर्ड*

एमएम सिद्दीकी ▶▶ भोपाल

स्ट्रीट डॉग से हो रहे हादसों को लेकर स्थानीय निकायों की तैयारियों व किए जा रहे कार्यों से संबंधित सुप्रीम कोर्ट द्वारा रिपोर्ट तलब किए जाने के बाद निगम ने कार्य योजना बनाना शुरू कर दी है। इस काम के लिए कॉलोनियों व मोहल्लों में फीडिंग स्पॉट तय करने के लिए मोहल्ला समितियों, समाजसेवी संगठनों की मदद ली जाएगी। कॉलोनी और मोहल्ले के लोग ही स्पॉट तय करेंगे जहां स्थानीय लोग ही भोजन उपलब्ध कराएंगे। निगम द्वारा यहां निगरानी की जाएगी और सफाई के इंतजाम के अलावा बोर्ड लगाएगा, ताकि लोगों को इस बात की जानकारी रहे कि यहां स्ट्रीट डॉग के लिए भोजन रखना है।

शहर में सवा लाख से ज्यादा स्ट्रीट डॉग हैं, लेकिन इनकी संख्या साल-दर-साल बढ़ रही है। इनकी संख्या को रोकने तीन एबीसी सेंटर संचालित हो रहे हैं। यहां आपरेशन की क्षमता 120 है, लेकिन 70-75 ही यहां रोज पहुंच पाते हैं। हालांकि निगम पइन सेंटरों को बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। शहर को दो जोन में बांटकर स्ट्रीट डॉग को पकड़ने और उन्हें एबीसी सेंटर भेजने का काम किया जा रहा है। इन टीमों के लिए भी जरूरी संसाधन जुटाए जाएंगे। अभी एक टीम के पास दो वाहन और 22 डॉग कैचर हैं।

अलग खबर

एबीसी सेंटरों में ऑपरेशन क्षमता 120 की, लेकिन पहुंच रहे हैं 70,975

बीते 10 माह में अब तक 13 हजार स्ट्रीट डॉग की हो चुकी है नसबंदी

### बीते साल 22 हजार डॉग की हुई थी नसबंदी


फाइल फोटो

तीनों एबीसी सेंटरों में बीते साल 22 हजार स्ट्रीट डॉग के आपरेशन किए गए। इस साल अब तक 13 हजार आपरेशन किए जा चुके हैं।

### फीडिंग स्पॉट से यह होगा लाभ

*फीडिंग स्पॉट तय होने से स्ट्रीट डॉग को न सिर्फ भोजन उपलब्ध हो सकेगा बल्कि उन्हें पकडकर आपरेशन करना आसान हो जाएगा। जानकारों का मानना है कि इससे बर्थ कंट्रोल हो सकेगा। वर्तमान में जितने आपरेशन किए जा रहे हैं उनसे कई गुना ज्यादा उनकी संख्या बढ़ रही है।*

### मोहल्ला समितियों और समाजसेवी संगठनों की सहायता ली जाएगी

स्ट्रीट डॉग के लिए फीडिंग स्पॉट मोहल्लों और कॉलोनियों में तय करने की कार्य योजना है। इसके लिए स्थानीय मोहल्ला समितियों और समाजसेवी संगठनों की सहायता ली जाएगी। भोजन की व्यवस्था स्थानीय रहवासियों के जिम्मे रहेगी। निगम द्वारा बोर्ड लगाया जाएगा और सफाई करवाई जाएगी।

**पीपी सिंह, प्रभारी, एबीसी सेंटर**

## कारोबारियों के ठिकानों पर ईडी का एक्शन

**भोपाल।** कटनी में ईडी ने शहर के कई कारोबारियों के ठिकानों पर कार्रवाई की गई है। हालांकि ईडी की जांच और एक्शन देर रात में भी जारी रहा है। यह कार्रवाई एक बड़े राजनेता और खनन कारोबार से जुड़े लोगों के ठिकानों पर केंद्रित रही। टीम ने दो व्यक्तियों को पूछताछ के लिए कटनी में कई घंटे तक पूछताछ की। इस मामले में जबलपुर और भोपाल में भी छापेमारी हुई। जबलपुर से खनन कारोबारी के चार्टर्ड अकाउंटेंट और भोपाल से उनके करीबी रिश्तेदार को हिरासत में लेने की खबर है।



# मंडीदीप में सवा करोड़ की लागत से बनेंगे 4 डीलक्स सुलभ शौचालय, अभी खुले में शौच करने पर मजबूर हैं रहवासी

## 5 माह से अटका सुलभ शौचालय का निर्माण कार्य, नगर पालिका ने तोड़ दिया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

मध्य प्रदेश सरकार नगरीय निकायों की दुर्दशा सुधारने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है, लेकिन औद्योगिक नगर मंडीदीप में रहवासी विकास के लिए मोहताज हैं। मूलभूत सुविधाओं के अभाव में लोग खासे परेशान हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर में 4 डीलक्स सुलभ शौचालय का निर्माण किया जाना है, जिसकी लागत लगभग सवा करोड़ रुपए मानी जा रही है। मंगल बाजार बस स्टैंड पर 16 सीटर शौचालय का निर्माण लगभग 35 लाख रुपए की लागत से प्रभात कंट्रक्शन को ठेका दिया है। 5 महीने से अधूरा निर्माण कार्य रहवासियों के लिए समस्या बन गया है। बस स्टैंड में लोग खुले में शौच करने पर मजबूर हैं, उनके पास वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है।

### महिलाएं ज्यादा परेशान

यहां पर बस स्टैंड के साथ-साथ मुख्य बाजार होने के कारण लोगों को लघुशंका के लिए परेशान होना पड़ता है। सुलभ शौचालय के बंद होने से सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को हो रही है। मंगल बाजार, बस स्टैंड स्थित शुलभ शौचालय विगत 5 महीने से बंद पड़ा हुआ है। रोजाना इस बस स्टैंड में अनेक बसें रुकती हैं और सैकड़ों की संख्या में यात्री आते हैं। इसी स्थान में ऑटो स्टेंड होने के चलते दिन भर स्थानिय लोगों की भी आवाजाही रहती है। सुलभ शौचालय बंद होने से आने जाने वाले लोगों के साथ-साथ दुकानदारों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।


पिछले 5 महीने से टूटा पकड़ा सुलभ शौचालय।

### लोगों को हो रही थी परेशानी

स्थानीय लोगों का कहना है कि सुलभ शौचालय का ठीक से रखरखाब भी नहीं होने के कारण काफी गंदगी एवं बदबू से लोगों को परेशानी हो रही थी, कुछ लोगों का कहना है सुलभ शौचालय जैसा भी था, काम चल रहा था, पर विगत 5 महीने से सुलभ शौचालय टूटा पड़ा है, जिसके चलते लोगों को परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका के अधिकारी का कहना है कि यह शौचालय तोड़कर नया शौचालय बनाया जाएगा, वहीं शहर में तीन अन्य स्थानों पर भी निर्माण किया जा रहा है। वार्ड 8 आंबेडकर भवन के पास 24 सीटर परिसर का निर्माण लगभग 62 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा, जिसका निर्माण रेखा कंट्रक्शन को सौंपा गया है। वहीं सतलापुर श्मशान घाट पर 14 सीटर शौचालय का निर्माण 29 लाख एवं वार्ड 14 सतलापुर में भी 29 लाख रुपए की लागत से आरबीएन साइन बोर्ड कंस्ट्रक्शन को निर्माण कार्य सौंपा गया है।

### एक हफ्ते में काम चालू हो जाएगा

नगर पालिका डीलक्स शौचालय का निर्माण शीघ्र प्रारंभ करेगी। ठेकेदारों को जिसके लिए निर्देशित किया गया है, एक हफ्ते में काम चालू कर दिया जाएगा।

**सतीश बेलिया,** इंजीनियर नगर पालिका, मंडीदीप

### निर्माण प्रारंभ की करने की तैयारी पूर्ण

सुलभ शौचालय का निर्माण प्रारंभ की करने की तैयारी पूर्ण हो चुकी है एक हफ्ते में निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

**प्रशांत जैन,** सीएमओ नगर पालिका, मंडीदीप

## खबर संक्षेप



### प्रकाश पर्व के उपक्ष्य में निकाली प्रभात फेरी

**औबेदुल्लागंज।** गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को ऐतिहासिक बनाने के लिए नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। यह क्रम 4 नवंबर तक चलेगा। गुरु सिंह सभा पंचायती, गुरुद्वारा औबेदुल्लागंज के तत्वावधान में गुरुद्वारा संत संतोख सिंह जी भजनगढ़ में प्रातः 4 बजे कथाकार जगजीत सिंह जीते द्वारा कथा करेंगे। यह आयोजन 4 नवंबर तक चलेगा। 5 नवंबर को शाम 5 बजे से नगर कीर्तन के रूप में निकलेगा और रात 8 बजे गुरुद्वारा साहब में समाप्त होगा।

### ड्राइवर ने फांसी लगाकर दी जान, मर्ग कायम

**भोपाल।** शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित सुमित्रा परिसर बावड़िया कला में ड्राइवर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है। पुलिस के अनुसार शंकर कुशवाह पिता विनोद कुशवाह (24) सुमित्रा विहार, बावड़िया कला में रहता था और प्राइवेट गाड़ी चलाता था। परिजन ने बताया कि शंकर रोज सुबह देरी से सोकर उठता था। बुधवार सुबह साढ़े दस बजे तक वह सोकर नहीं उठा तो मां उसे उठाने के लिए कमरे के बाहर पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़ने पर पता चला कि शंकर ने साड़ी का फंदा बनाकर पंखे पर फांसी लगा ली।

### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 92 लोग कराया परीक्षण



**औबेदुल्लागंज।** सेवा सदन बैरागढ़ के डॉक्टरों ने औबेदुल्लागंज के झूलेलाल मंदिर की धर्मशाला में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। 92 लोगों ने अपने नेत्रों की जांच करवाई, जिसमें मोतियाबिंद के 16 मरीजों को चश्मा दिया गया। अरुण शुक्ला, सुमित साहू, दीनदयाल मेहर, सलोनी माझी, सेवा सदन बरखेड़ा से जांच करने औबेदुल्लागंज आए। मनोज मेघानी, माधव वासवानी, रतन मेघानी, रमेश बसवानी, जगदीश चंदानी, भुरामल आडवाणी का विशेष सहयोग रहा।

### रिटायर डिप्टी रेंजर ने की देहदान की घोषणा



**औबेदुल्लागंज।** श्री राज राजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु के जन्मोत्सव पर बुधवार को रिटायर डिप्टी रेंजर कमल नरेश मालवीय ने देहदान की घोषणा की। मालवीय एसडीएम दफ्तर में देहदान का फॉर्म भरेंगे। यह प्रेरणा श्री राम हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक के समस्त साथियों ने दी।

### अशोका गार्डन थाने के पीछे बनी अवैध दीवार तोड़ी



**भोपाल।** नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने भवन अनुज्ञा शाखा की कार्रवाई में सहयोग करते हुए अशोका गार्डन थाने के पीछे अवैध रूप से बनी दीवार तोड़ने की कार्रवाई की। इसके साथ ही अयोध्या बायपास रोड स्थित राजीव नगर में घरों के सामने अवैध रूप से लगी जाली, रैम्प एवं चबूतरे भी तोड़े।

### शुभांक

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 3861 | | |
| दिन: | 159 | 59 | 568 |
| रात: | 336 | 25 | 339 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 135 | 94 | 239 |
| रात: | 200 | 20 | 145 |

## कोहेफिजा स्थित फिजा पैलेश फेस-6, रिगालिया हाइट्स में हुई वारदात

# बेटे की शादी में व्यस्त थे कारोबारी, घर की तिजोरी से जेवर समेत 40 लाख की चोरी

**चौकीदार और स्वागत के लिए कमरा सजाने आए इवेंट कंपनी के कर्मचारियों पर संदेह, जांच में जुटी कोहेफिजा पुलिस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोहेफिजा स्थित फिजा पैलेश फेस-6, रिगालिया हाइट्स में रहने वाले कारोबारी के घर से अज्ञात बदमाश लॉकर तोड़कर साढ़े 11 लाख रुपए की नगदी और तीन अलग-अलग बॉक्स में रखा गोल्ड सहित डायमंड का सामान चुरा लिया। घटना 28 अक्टूबर की रात की बताई जा रही है। कारोबारी ने अपने चौकीदार और नव विवाहित जोड़े के वेलकम के लिए घर सजाने आए इवेंट कंपनी के कर्मचारियों पर संदेह है। पुलिस संदेहियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार 51 साल के नसिरुद्दीन पैलेश फेस-6, रिगालिया हाइट्स कोहेफिजा में रहते हैं। उनका गोल्ड और प्रॉपर्टी का काम हैं। पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि बड़े बेटे बिलाल की शादी का कार्यक्रम बैरागढ़ स्थित फार्चुन रिसोर्ट में था। 28 अक्टूबर को शादी होने के कारण परिवार और रिश्तेदार रिसॉर्ट में व्यस्त थे। रात करीब 10 बजे घर पर ताला लगाकर सभी बारात लेकर रिसॉर्ट के लिए निकल गए थे। घर की सुरक्षा की जिम्मेदारी चौकीदार शकील के पास थी। इस दौरान इवेंट कंपनी के तारिक का कॉल आया। उसने कहा कि घर सजाना है और आतिशबाजी की व्यवस्था करनी है। नसिरुद्दीन ने कर्मचारी सैय्यद रेहान अली को चाबी लेकर घर पहुंचा दिया।

### चोर ने जल्दबाजी में अंदर रखा पुराना गोल्ड छोड़ा

नसिरुद्दीन ने बताया कि चोर ने जल्दबाजी में लॉकर पूरा चेक नहीं किया। अंदर पन्नी में लिपटा हुआ गोल्ड रखा हुआ था। चोर केवल नगदी और बाहर की तरफ रखे गोल्ड के तीन डिब्बे चुराकर ले गया है। उनके घर से नगदी सहित करीब चाली लाख रुपए की चोरी हुई है। घटना की शिकायत उन्होंने कोहेफिजा पुलिस को दी थी। कोहेफिजा पुलिस ने एफएसएल की मदद से निरीक्षण कराया है। नसिरुद्दीन ने अपने चौकीदार और इवेंट कंपनी के कर्मचारियों पर संदेह जताया है। उन्होंने बताया कि चौकीदार पूर्व में एटीएम से चोरी के केस में फंस चुका है।


रिगालिया हाइट्स कॉलोनी, (फाइल फोटो)

### रात करीब सवा दो बजे पहुंचे घर

रात करीब सवा दो बजे शादी का कार्यक्रम खत्म होने के बाद परिवार घर पहुंचा। नसिरउद्दीन ने बताया कि वह अंदर कमरे में पहुंचे तो अलमारी का लॉकर टूटा था। लॉकर में शादी के बाद अलग-अलग लोगों को देने के लिए रखी साढ़े 11 लाख रुपए की नकदी नहीं थी। इसके अलावा गोल्ड और डायमंट सेट की ज्वेलरी नहीं थी। कोई अज्ञात बदमाश गोल्ड और डायमंड की ज्वेलरी चुराकर ले गया।

### एमपी में खनिजों की चोरी और अवैध परिवहन रोकने कसा जाएगा शिकंजा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में खनिज परिवहन करने वाले वाहनों को अब आरएफआईडी टैग से लैस किया जाएगा। इससे अवैध खनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर शिकंजा कसा जाएगा। खनिज विभाग अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण को रोकने के लिए नियमों में बदलाव करने जा रहा है। इसके लिए मौजूदा व्यवस्थाओं में कई तरह के बदलाव किए जा रहे है। प्रदेश में खनिज विभाग ने 41 स्थानों पर ई चैक गेट लगाए हैं। इन चैक गेटों को कैमरे और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से लैस किया जा रहा है। अभी इन चैक गेटों पर नंबर प्लेट को कीचड़ से ढकने, मोड़ देने, तोड़ देने के कारण वाहनों की पहचान नहीं हो पा रही है। अब ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि प्रदेश में खनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर रेडियो फ्रिक्वेंसी वाला आईडी टैग लगाया जाएगा। वाहनों के नंबर इन पर डाले जाएंगे। उसकी फोटो भी विभाग के पोर्टल पर अपलोड होगी।

### बाइक सवार युवक से बदमाशों ने सोने की चेन लूटी

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित अंजली विहार कॉलोनी में स्कूटी सवार तीन बदमाशों ने एक बाइक सवार युवक से सोने की चेन लूट ली। घटना रविवार रात की है, जबकि मंगलवार को थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस सीसीटीवी के जरिए आरोपियों की पहचान कर रही है। पुलिस के अनुसार 42 वर्षीय प्रशांत विमल यूनिक कैंपस, बागसेवनिया में रहते हैं और प्राइवेट नौकरी करते हैं। रविवार रात करीब 8.15 बजे वे अपने घर लौट रहे थे। अंजलि बिहार के पास पहुंचने पर पीछे से आए तीन स्कूटी सवार युवकों ने उनकी बाइक के आगे स्कूटी अड़ा दी। इससे पहले कि प्रशांत कुछ समझ पाते, उनमें से एक युवक ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन तोड़ ली और तीनों बदमाश स्कूटी पर सवार होकर फरार हो गए। घटना के दौरान आसपास ज्यादा लोग मौजूद नहीं थे, जिससे बदमाश आसानी से भाग निकले। पुलिस का कहना है कि व्यस्तता के कारण प्रशांत ने तुरंत थाने में शिकायत नहीं की थी, लेकिन दो दिन बाद मंगलवार को बागसेवनिया थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित रिषी नगर का मामला

# नहाते समय इमर्शन रॉड से लगा करंट, 70 साल की महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित रिषी नगर में बुधवार सुबह नहाते समय इमर्शन रॉड से करंट लगने से 70 साल की बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। नहाते समय पैर फिसलने से उनका हाथ इमर्शन रॉड वाली बाल्टी में चला गया। करंट लगने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि रिषी नगर रातीबड़ निवासी राजाराज जाटव अपने परिवार के साथ रहकर खेती-किसानी करते हैं। बुधवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे उनकी पत्नी वैजयंती जाटव (70) नहाने के लिए बाथरूम में गई थी। पानी गर्म करने के लिए उन्होंने बाल्टी में इमर्शन रॉड (बिजली की लोहे की रॉड) डालकर स्विच ऑन कर दिया। कुछ देर बाद ही उनका पैर स्लिप हो गया और संतुलन बिगड़ने से उनका एक हाथ इमर्शन वाली बाल्टी में चला गया। जोरदार करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। गिरने की आवाज सुनकर घर की महिलाएं बाथरूम की ओर गईं तो उन्हें वैजयंती बाई मृत अवस्था में पड़ी मिलीं।

### फर्जी और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर क्रेडिट कार्ड से धोखाधड़ी के दोषियों को 5 वर्ष की सजा

**भोपाल।** फर्जी और कुटरचित दस्तावेज तैयार कर फरियादी के नाम का क्रेडिट कार्ड प्राप्त कर फरियादी के खाता से अपने खाता में रूपए ट्रांसफर कर धोखाधड़ी और ठगी करने वाले आरोपी आमिर रजा आत्मज इकबाल खान (31) निवासी दिगोड़ा तहसील जतारा जिला टीकमगढ़ मप्र एवं अजीत बामने आत्मज मिश्रीलाल बामने (29) निवासी ग्राम चिकलदा कछार जिला बैतूल मप्र को अपर सत्र न्यायाधीश स्वयं प्रकाश दुबे ने भादंसं की धारा-201 ,420,467,468 एवं 471 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 36000 रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है। अभियोजन के अनुसार फरियादी अनूप बदलानी द्वारा 2 दिसंबर 2019 को क्राइम ब्रांच थाना में एक शिकायती आवेदन प्रस्तुत किया था।

## हर्राई में ग्राम विकास को लेकर बड़ी चौपाल आज

# बैठक में एसडीएम ने विभागों से रिपोर्ट पेश करने के दिए निर्देश


ग्राम हर्राई में बुधवार को एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तन ने ली समीक्षा बैठक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

सरकार की योजनाओं के शत प्रतिशत क्रियान्वयन एवं गांव की समस्याओं को गांव में ही सुनना और उनके समाधान को लेकर ग्राम हर्राई में बड़ी चौपाल का आयोजन गुरुवार को किया जाएगा। इसी को लेकर एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने बुधवार को कार्यक्रम स्थल पर समीक्षा बैठक कर सभी विभागों से रिपोर्ट तैयार कर पेश करने के निर्देश दिए। बहु-क्षेत्रीय दृष्टिकोण से आयोजित चौपाल में ग्रामीणों को विभिन्न विभागों के चक्कर न लगाना पड़े ऐसा समाधान खोजा जाएगा। रोजगार, आजीविका, आवास, कौशल और सामाजिक सुरक्षा के लिए अभिसरण को बढ़ावा देना तथा गरीब परिवारों की आजीविका सुधार करना इस चौपाल का उद्देश्य है।

# मानस कल्याण समिति का शीघ्र चुनाव करवाने सौंपा ज्ञापन

**समिति का 2002 के बाद से अब तक नहीं हुआ चुनाव**

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

भाजपा के 150 कार्यकर्ताओं, कांग्रेस के ब्लॉक नेताओं एवं मानस कल्याण समिति के स्थाई सदस्यों एवं आजीवन सदस्यों ने बुधवार को फिर प्रभारी जिला मंत्री, विधायक सुरेंद्र पटवा, कलेक्टर रायसेन, एसडीएम सहित तहसीलदार, रजिस्टार आदि को दिया ज्ञापन सौंपकर मांग कि है कि मानस कल्याण समिति की जांच लोकायुक्त एवं ई.डी से जांच कराई जाए। 2002 से 2025 तक का पूरा रिकॉर्ड जब्त कर और मानस कल्याण समिति में प्रशासक नियुक्त किए जाएं।

स्थाई सदस्य और आरएसएस के अशोक मित्तल, कांग्रेस नेता विनोद इरपाचे, उत्तम यादव, राहुल यादव, आरएसएस के प्रेम नारायण सोनी, पेंशनर समिति, व्यापार संघ जनकल्याण समिति के सदस्यों ने रजिस्टार एवं एसडीएम को बताया कि तीन साल में चुनाव कराने का मानस कल्याण समिति के संविधान में है, अगर 3 साल से ज्यादा समय तक चुनाव नहीं होते तो समिति अवैध मानी जाती है। इसलिए इसकी जांच करा कर शीघ्र चुनाव कराए जाएं। मानस कल्याण समिति के पूर्व कोषाध्यक्ष कमल नरेश मालवीय, पूर्व हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष जीतू नेमा ने बताया कि 23 साल में भारी अनियमिताएं होने का मामला होने से चुनाव टाला जा रहा हैं। इसीलिए जांच होने से गड़बड़ी उजागर हो जाएगी।

## महापौर मालती राय भी हुईं शामिल, एकजुट रहने का दिया संदेश

# भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती पर की पूजा-अर्चना, वरिष्ठजनों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

कल्चुरी कलार समाज द्वारा बुधवार को जेबी गार्डन में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती पर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भोपाल महापौर मालती राय, कल्चुरी राष्ट्रीय महासभा कोषाध्यक्ष एलएन मालवीय, पंकज चौकसे गोटेगांव, औबेदुल्लागंज नगर परिषद अध्यक्ष शंकर लाल राय, अध्यक्ष हिन्दू उत्सव समिति आदि उपस्थित रहे। अतिथियों ने कल्चुरी कलार समाज की पौराणिक कथाओं एवं शौर्य गाथाओं से समाज को एकजुट एवं संगठित रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में कल्चुरी कलार समाज के विशिष्ट अतिथियों का फूलमाला से स्वागत किया। वहीं वरिष्ठजनों, को शॉल-श्रीफल, पुष्प, चरण वंदन कर सम्मानित किया गया। समाज के मेघावी छात्र- छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया गया। भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जी की जयंती पर समाज के श्याम मालवीय अध्यक्ष, नवल किशोर मालवीय, मनोज जायसवाल, बबलू भैया, कपिल राय, पारस राय, अमित राय, ओपी चौकसे, प्रकाश राय, अशोक शिवहरे, प्रदीप राय, अशोक जायसवाल, सोनू राय, कलार समाज की महिला शक्ति प्रीती-ब्रजेश चौकसे, जनपद अध्यक्ष, राधा मालवीय, माया मालवीय, निशा राय, माया राय आदि मौजूद थे।



भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की पूजा करते समाज के लोग, दूसरे चित्र में मुख्य अतिथि महापौर मालती राय संबोधित करती हुईं।

## पेट में दर्द होने के कारण युवती नहीं गई थी कोचिंग

# आदिवासी छात्रावास में 17 साल की छात्रा ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित आदिवासी छात्रावास में 17 साल की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश कोचिंग से लौटी उसकी सहेलियों ने फांसी के फंदे पर लटकी देख हॉस्टल स्टाफ को दी। स्टाफ उसे एम्स लेकर पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। छात्रा के परिजन बालाघाट से भोपाल के लिए निकल गए हैं। गुरुवार को उनकी मौजूदगी में पीएम कराया जाएगा। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारण का पता नहीं चला।

पुलिस के अनुसार वंदना मरकाम पिता दर्शन मरकाम (17) गांव जैरासी, तहसील पेस्ट बिरसा, बालाघाट की रहने वाली थी। उसका एडमिशन डमी स्टुडेंट बतौर बालाघा में था। वह आदिवासी छात्रावास कटारा हिल्स में रह रही थी और एमपी नगर स्थित निजी कोचिंग में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। गुरुवार सुबह उसकी सहेलियां कोचिंग जाने के लिए तैयार हुई, लेकिन वंदना तैयार नहीं हुई। सहेलियों ने कोचिंग चलने का कहा तो उसने कहा कि उसे पेट में दर्द हो रहा है और आज कोचिंग नहीं जाएगी। उसकी सहेलियां उसे छोड़कर कोचिंग चली गई। कोचिंग से शाम पांच बजे हॉस्टल लौटी सहेलियों ने वंदना का शव फांसी के फंदे पर लटका देखा था। इसके बाद प्रबंधन को घटना की जानकारी दी। प्रबंधन के कर्मचारी उसे लेकर एम्स लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर वंदना को मृत घोषित कर दिया।


वंदना मरकाम, मृतक

### छात्रा ने लगाई फांसी, हाथ में मिला मोबाइल

बैरसिया के ग्राम हिरणखेड़ी में मंगलवार सुबह 11वीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बेटी का शव फंदे पर लटका देख माता-पिता ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि छात्रा के पैर जमीन से टिके थे और मोबाइल उसके हाथ में था। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन ने भी ऐसी कोई बात नहीं बताई जिससे आत्महत्या के कारण सामने आ सकें। पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजन को सौंप दिया गया है। पुलिस ने छात्रा का मोबाइल जब्त कर जांच के लिए भेज दिया है। सीडीआर निकलवाई जा रही है। अनुमान लगाया जा रहा कि आत्महत्या करने से पहले छात्रा की किसी से बात हुई होगी। पुलिस के अनुसार ग्राम हिरणखेड़ी बैरसिया निवासी रघुवीर सिंह मजदूरी करते हैं। परिवार में पत्नी और दो बच्चे थे। बड़ी बेटी वंदना राजपूत (17) बैरसिया के सरकारी स्कूल में कक्षा 11वीं की छात्रा थीं। उससे छोटा एक बेटा है। सोमवार रात परिवार के सभी लोगों ने साथ बैठकर खाना खाया और फिर सोने चले गए थे। मंगलवार सुबह करीब 6 बजे परिजन ने वंदना का शव नायलोन की रस्सी से लटका देखा। वंदना ने म्याल में रस्सी बांधकर स्टूल पर खड़े होकर फांसी लगाई थी। हालांकि स्टूल गिरने के बाद उसके पैर जमीन से टिके हुए थे। सीधे हाथ में मोबाइल फंसा था।

# सड़क हादसे से बचाने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में रेडियम पट्टी लगाने का अभियान शुरू

**मंडी की तरफ से किसानों को निःशुल्क दी जा रही रेडियम पट्टी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

कृषि उपज मंडी में थाना प्रभारी बीपी सिंह, नायब तहसीलदार निलेश सरवटे एवं मंडी सचिव के द्वारा संयुक्त अभियान में रात के अंधेरे में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से मंडी प्रांगण में अपना अनाज बेंचने आए किसानों को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में रेडियम पट्टी लगाने का अभियान शुरू किया गया। थाना प्रभारी ने किसानों को बताया कि मंडी गेट के बाहर अब वो ही ट्रैक्टर-ट्रॉली निकलेंगी, जिनपर रेडियम पट्टी का संकेतक लगा होगा। हर किसान को मंडी की तरफ से निःशुल्क रेडियम पट्टी लगाई जा रही है और मंडी गेट पर मिलेगी।

थाना प्रभारी बीपी सिंह ने किसानों एवं वाहन चालकों से कहा कि मोटर व्हीकल एक्ट के अनुसार ट्रैक्टर के साथ ट्रॉली का भी रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है, लेकिन हम नहीं कराते है, जो जोखिम भरा है और अन्य वाहनों के समान इनमें भी लाइट एवं बीमा होना जरूरी है। मंडी प्रांगण में किसानों, ट्रैक्टर, लोडिंग वाहन चालकों एवं मजदूरों को साइबर एवं बालक, बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों एवं उनसे बचने की समझाइस दी गई।


किसानों को समझाइस देते टीआई पीबी सिंह।

## खबर संक्षेप



### मैनिट: सीबीआई की धाराओं की जानकारी दी

**भोपाल।** राजधानी स्थित मैनिट में आयोजित किए जा रहे सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को सीबीआई शाखा प्रमुख शुभेन्द्र कट्टा (आईआरएस) पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक शाखा भोपाल को आमंत्रित किया गया। कट्टा ने अपने उद्बोधन में सीबीआई के अधिनियम और धाराओं के बारे जानकारी दी। उन्होंने चिन्हित उदाहरणों के साथ भ्रष्टाचार के प्रकारों के बारे में बताया। तीसरे भाग में उन्होंने साइबर क्राइम के वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से भ्रष्टाचार के होने से पहले पहचानना और उसे रोकने की तकनीकी तरकीबें बताईं। शुरूआत में मैनिट के मुख्य सतर्कता अधिकारी प्रो. विमलेश कुमार सोनी ने सीबीआई और संस्थान के सीवीओ कार्यालय के संयुक्त प्रयासों के बारे में बताया। चर्चा के दौरान संस्थान के डीन, विभाग प्रमुख, प्रोफेसर्स, प्रशासकीय स्टाफ और छात्रों ने उत्सुकता के साथ भाग लिया। संचालन प्रो. मनीष विश्वकर्मा और प्रो. विकास पूनिया ने तथा आभार प्रदर्शन प्रो. ललिता गुप्ता ने किया।

### आईएएस प्रीति मैथिल ट्राइफेड में डीजीएम बनी

**भोपाल।** मप्र कॉडर की 2009 बैच की आईएएस अफसर श्रीमती प्रीति मैथिल (आयुक्त-सह-संचालक, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण तथा सचिव मप्र शासन तथा उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग (अतिरिक्त प्रभार) की सेवाएं ट्राईफेड (ट्राइवल को आपरेटीव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया को सौंपी गई है। उन्हें भोपाल में ही डिप्टी जनरल मैनेजर के पद पर भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय के अधीन पदस्थ किया गया है। उनकी सेवाएं कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग नई दिल्ली को सौंपी गई हैं। इसी तरह मैथिल के कार्यमुक्त होने पर अरविंद कुमार दुबे, भाप्रसे (2012), अपर सचिव, मुख्यमंत्री तथा प्रबंध संचालक, मप्र राज्य कृषि उद्योग विकास निगम, भोपाल (अतिरिक्त प्रभार) को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक आयुक्त-सह-संचालक, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा गया है।

# अब फेसबुक पर आमजनों से रूबरू होंगे मुख्यमंत्री डॉ. यादव, हर विकास कार्य की मिलेगी जानकारी

## आमजन से जुड़ने के लिए सीएम ने अधिकारिक फेसबुक पेज शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के आम नागरिक अब प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तक न केवल सीधे अपनी बात पहुंचा सकेंगे, बल्कि प्रदेश के हर विकास कार्य की जानकारी आम नागरिक को सीधे सीएम के जरिए ही मिल सकेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अब आमजन से जुड़ने के लिए अपना अधिकारिक फेसबुक पेज शुरू किया है। स्थापना दिवस के ठीक पहले मुख्यमंत्री का अधिकारिक फेसबुक पेज शुरू किया गया है।

यहां आमजन डिजिटल रास्ते से अपनी सरकार से सीधे जुड़ सकते हैं। मध्यप्रदेश में किस क्षेत्र में कौन सी सड़क बन रही है, किस जगह स्कूल खुल रहा है। किसानों के लिए राज्य सरकार क्या योजना शुरू करने जा रही है। हर जानकारी अब आम आदमी के हाथ में होगी।

**राज्य सरकार क्या योजना शुरू करने जा रही है, इसकी जानकारी अब आम आदमी के पास में होगी**




फाइल फोटो

### क्षेत्रीय समस्याओं की सीधे शिकायत

मुख्यमंत्री के इस पेज को फॉलो करने वाले अब उनसे अपनी क्षेत्रीय समस्याओं, अफसरों को हटाने, भ्रष्टाचार की शिकायत भी सीधे कर रहे है। सारणी से आरके सीलू ने सीएम से कहा है कि सारणी मार्ग का भूमिपूजन होने के दो वर्ष बाद भी सड़क नहीं बन पाई है। इस सड़क से सारणी से लादी रतेड़ा, मुलताई, आमला के लोग आवागमन करते है। उन्होंने इस निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू करने का आग्रह किया है। पंकज मीणा का सीएम ने कमेंट पढ़ने के बाद किसी अधिकारी को तत्काल उनकी समस्या का निराकरण कराने के लिए कहने का आग्रह किया है।

### कैबिनेट, आम बैठक, कार्यक्रमों की लाइव लिंक मिल सकेगी

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इस फेसबुक पेज को फॉलो कर आम आदमी राज्य सरकार से जुड़ी हर खबर बिना इंतजार पा सकेगा। यह पेज खुद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पब्लिश और स्पॉन्सर किया गया है। इस पेज को फॉलो करने वालों को मुख्यमंत्री की कैबिनेट बैठकों, आम बैठकों, कार्यक्रमों, समारोहों की लाइव लिंक भी मिलेगी और वीडियो, फोटो भी सबसे पहले देखने को मिलेंगे। प्रदेश के सरकारी विभागों से जुड़ी तमाम योजनाओं की जानकारी भी यहां आमजन को देखने को मिलेगी।*

## एक्सपोर्ट 66,218 करोड़ रुपए पर पहुंचा

# मप्र ने निर्यात क्षेत्र में रचा नया इतिहास, पहली बार अब तक का सबसे अधिक निर्यात लक्ष्य हासिल



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र का निर्यात पहली बार 66,218 करोड़ रुपए दर्ज किया है। यह अब तक का सर्वोच्च निर्यात है। प्रदेश ने निर्यात क्षेत्र में बेहतरीन सफलता प्राप्त करते हुए यह रिकार्ड हासिल किया है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गनाइजेशन की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश का मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट 66,218 करोड़ रुपए और आईटी कंपनियों का निर्यात 4,038 करोड़ रुपए रहा। निरंतर औद्योगिक विकास और आर्थिक सशक्तिकरण के परिणामस्वरूप मप्र की राष्ट्रीय निर्यात रैंकिंग 15 वें से बढ़कर 11वें स्थान पर पहुंची है। यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है, क्योंकि प्रदेश के अनेक निर्यातक अपने उत्पादों का निर्यात गुजरात और महाराष्ट्र के बंदरगाहों के माध्यम से करते हैं, जिससे उनके आंकड़े प्रायः अन्य राज्यों के खाते में दर्ज हो जाते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हाल ही में मप्र एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी का शुभारंभ किया। इस नीति के तहत निर्यातकों को प्रोत्साहन, वित्तीय सहायता और विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, जिससे प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने में नई गति मिली है।

### एक्सपोर्ट प्रमोशन विषयक कार्यशालाएं और प्रदर्शनियां हुई

प्रदेश सरकार और मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम ने निर्यात वृद्धि के उद्देश्य से वन डिस्टिक्ट वन प्रोडक्ट एवं एक्सपोर्ट प्रमोशन विषयक कार्यशालाएं और प्रदर्शनियां निरंतर आयोजित की। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रदेश के कारीगरों, किसानों, उद्यमियों और एमएसएमई इकाइयों को अंतरराष्ट्रीय मानकों, निर्यात प्रक्रियाओं और वैश्विक अवसरों से जोड़ना है। इसी क्रम में 28 अक्टूबर को सागर में कृषि उपकरणों के निर्यात पर कार्यशाला हुई। अगर मालवा में 29 अक्टूबर को संतरा उत्पादों के प्रसंस्करण पर, 30 अक्टूबर को बैतूल में सागौन उत्पादों के वैश्विक बाजार पर, 31 अक्टूबर को इंदौर में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग पर और 4 नवम्बर को श्योपुर में टमाटर प्रसंस्करण और निर्यात संभावनाओं पर आयोजित की जाएंगी।

### कार्यशालाओं में यह विषय होंगे शामिल

कार्यशालाओं में एपिडा, उद्यानिकी विभाग, हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद, कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, ईसीजीएस, एसबीआई, एक्जिम बैंक, भारतीय डाक विभाग और प्रमुख ई-कॉमर्स मंचों के विशेषज्ञ भाग लेंगे। विशेषज्ञ ब्रांडिंग, पैकेजिंग, जीआई टैगिंग, गुणवत्ता परीक्षण, वित्तीय सहायता, बीमा, लॉजिस्टिक्स और डिजिटल मार्केटिंग जैसे विषयों पर व्यावहारिक मार्गदर्शन देंगे। मप्र की असली पहचान उसकी कृषि, परंपरा और हुनर में निहित है। प्रदेश जहां फलों, सब्जियों, मसालों, अनाज और वनोपज के उत्पादन में अग्रणी है, चंदेरी साड़ी, लकड़ी के खिलौने, रत्न और कृषि आधारित उत्पाद प्रदेश की वैश्विक पहचान बन रहे हैं।

### लाइव डेमोंस्ट्रेशन का किया जाएगा आयोजन

मप्र स्थापना दिवस (1 नवम्बर 2025) पर एक भव्य प्रदर्शनी और लाइव डेमोंस्ट्रेशन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के विविध ओडीओपी उत्पाद प्रदर्शित होंगे। कारीगर अपने उत्पादों का लाइव निर्माण कर आगंतुकों को प्रदेश की परंपरा, परिश्रम और कौशल से परिचित कराएँगे। यह आयोजन प्रदेश की सांस्कृतिक और आर्थिक समृद्धि का जीवंत उदाहरण होगा। उज्जैन स्थित एकता मॉल इस पहल का उत्कृष्ट उदाहरण है, जहां देशभर के जीआई टैग और ओडीओपी उत्पाद एक ही छत के नीचे प्रदर्शित और विक्रय किए जा रहे हैं।

### निगम आयुक्त ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**भोपाल।** निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने बुधवार को विभिन्न विभागों के अफसरों के साथ विकास कार्यों और स्वच्छता संबंधी चल रहे कामों को लेकर बैठक ली व जानकारी हासिल की। उन्होंने राजधानी में चल रहे विभिन्न प्रोजेक्ट की भी जानकारी ली। उन्होंने अफसरों से निगम द्वारा किए जा रहे कामों को निर्धारित समय में पूरा करने को कहा। बैठक में उपायुक्त, अपर आयुक्त सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## मां नर्मदा के वाहन मगरमच्छ को बसाने का पूर्ण हो रहा संकल्प

# मां नर्मदा के जल में आज छोड़े जाएंगे मगरमच्छ: मुख्यमंत्री

**मोहन सरकार सभी प्रकार के जीवों के संरक्षण के लिए संकल्पित**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार पुण्य सलिला मां नर्मदा के वाहन मगरमच्छ को मां नर्मदा में बसाने का अपना संकल्प पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। मगरमच्छों के आवास के लिए नर्मदा जी की धारा अत्यंत अनुकूल है। गुरुवार 30 अक्टूबर को मां नर्मदा के जल में मगरमच्छों को छोड़ा जाएगा।



सीएम डॉ. मोहन यादव

राज्य सरकार सभी प्रकार के जीवों के संरक्षण के लिए संकल्पित है। प्रदेश में वन्य जीवों के साथ ही घड़ियाल, मगरमच्छ जैसे सभी प्रकार के जलीय जीवों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष चंबल नदी में घड़ियाल छोड़े गए थे। डॉ. यादव ने यह जानकारी अटल पथ पर मीडिया से चर्चा के दौरान दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में सभी प्रकार के वन्यजीवों के संरक्षण का अभियान चल रहा है। भारतीय संस्कृति में मनुष्य एवं वन्य जीव परस्पर एक-दूसरे पर निर्भर हैं। मां नर्मदा जी का वाहन निर्मल जल में अठखेलियां करता दिखाई देगा। नर्मदा जी में मगरमच्छों को छोड़ते समय इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा कि इस जलीय जीव को ऐसे स्थान पर छोड़ा जाए, जहां लोगों को इससे खतरा न हो। मगरमच्छ की मौजूदगी मां नर्मदा के लिए शुभ होगी और यह जल की धारा को सशक्त बनाएगी। डॉ. यादव 30 अक्टूबर को खण्डवा जिले के नर्मदानगर प्रवास पर रहेंगे।

## मध्य प्रदेश के 52 लाख से अधिक विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ स्कूल शिक्षा मंत्री और जनजातीय कल्याण मंत्री भी होंगे शामिल

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज विद्यार्थियों के खातों में अंतरित करेंगे 300 करोड़ रुपए

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरूवार को 52 लाख से अधिक विद्यार्थियों के बैंक खातों में समेकित छात्रवृत्ति योजना की 300 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन के सभागार में आयोजित होगा। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह और जनजातीय कल्याण मंत्री कुंवर विजय शाह भी मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव विद्यार्थियों और जन-समुदाय को वर्चुअली संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का प्रसारण सभी जिलों के समस्त विद्यालयों में भी होगा। कार्यक्रम में समेकित छात्रवृत्ति योजना के पात्र विद्यार्थी जिला अथवा विकासखण्ड के विद्यालयों के समेकित छात्रवृत्ति कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में विधायक और जन-प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा अंतरित की जाने वाली राशि में स्कूल शिक्षा विभाग की 7 प्रकार की छात्रवृत्ति जैसे सामान्य निर्धन वर्ग छात्रवृत्ति, सुदामा प्री-मेट्रिक, स्वामी विवेकानन्द पोस्ट मेट्रिक, सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों के बच्चों की छात्रवृत्ति, पितृहीन कन्याओं की छात्रवृत्ति, इकलोती बेटी की शिक्षा विकास छात्रवृत्ति की राशि भी शामिल है। छात्रवृत्ति योजना में प्रदेश के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा-1 से 12 तक अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की राशि एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से स्वीकृत की गई है।

### लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किए निर्देश

*लोक शिक्षण संचालनालय ने समेकित छात्रवृत्ति-2025 के संबंध में समस्त जिला शिक्षा अधिकारी एवं जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्तों को निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रम में विद्यार्थियों और स्थानीय जन-प्रतिनिधियों को शामिल किये जाने के संबंध में निर्देश दिए गए हैं।*

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज ड्रोन तकनीक वर्कशॉप और एक्सपो-2025 की करेंगे शुरुआत


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् (मेपकास्ट) के मुख्य सभागृह में ड्रोन तकनीक कार्यशाला एवं एक्सपो-2025 का शुभारंभ करेंगे। कार्यशाला का आयोजन मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम एवं आईआईटी इंदौर द्वारा किया जा रहा है। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित यह दो दिवसीय कार्यशाला एवं एक्सपो राज्य में ड्रोन तकनीक के विकास, उपयोग और नवाचारकों को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

#### यह रहेंगे विशेष रूप से उपस्थित

कार्यशाला में विज्ञान एवं प्रौद्योगिक के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी, स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटक्चर के निदेशक डॉ. कैलासा राव, मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

#### प्रदर्शनी, हैंड्स ऑन वर्कशॉप होगी

ड्रोन टेक वर्कशॉप एवं एक्सपो-2025 का मुख्य उद्देश्य राज्य में ड्रोन तकनीक की समझ, उपयोगिता और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना है। कार्यशाला से युवाओं, शोधकर्ताओं, स्टार्टअप्स, उद्योगों और नीति निर्माताओं को एक साझा मंच मिलेगा। इससे ड्रोन तकनीक के व्यावहारिक, सामाजिक और औद्योगिक उपयोग को बढ़ावा दिया जा सकेगा। कार्यक्रम में ड्रोन प्रदर्शनी एवं हैंड्स ऑन वर्कशॉप आयोजित की जाएगी। एक्सपो में राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय विशेषज्ञों के प्रेरक व्याख्यान, ड्रोन उड़ान के लाइव डेमो एवं टेक्निकल शोकेस, इनोवेशन चैलेंज एवं प्रतियोगिताएं, सहभागी संस्थाओं, विद्यार्थियों को डिजिटल सहभागिता प्रमाण पत्र वितरण किया जाएगा।




### थाना क्षेत्र में बढ़ता अपराध, करानी पड़ी पूजा

राजधानी के एक वीआईपी थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ते क्राइम ने थाना प्रभारी और एसीपी के होश उड़ा दिए। एक गंभीर अपराध में आरोपी की धड़पकड़ के लिए दीवाली के एक दिन पूर्व पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि आरोपी को पकड़ने के बाद पुलिस ने चेन से दीवाली मनाई। अपने क्षेत्र में लगातार गंभीर अपराध होते देख थाना प्रभारी भी दबाव में आ गए और उन्होंने थाने के बाहर मंदिर में पूजा अर्चना की। हालांकि बताया जाता है कि थाना प्रभारी अक्सर पूजा करते हैं, लेकिन लगातार अपराधों का ग्राफ बढ़ता देख उन्होंने विशेष पूजा की और अब अपराध में कमी भी आने लगी है।

### अब तो कार से भी आने लगे लुटेरे

राजधानी में लगातार बढ़ती झपटमारी ने पुलिस की नाक में दम कर दिया है। एक थाना प्रभारी ने तो झपटमारों की गिरफ्तारी के लिए पूरा जोर लगा दिया, लेकिन झपटमार अब तक बेसुराग है। हैरानी की बात तो यह है कि अब तक बाइक या स्कूटर सवार झपटमारी करने आते थे, लेकिन इनके थाना क्षेत्र में हुई झपटमारी में झपटमार कार से आए थे और बुजुर्ग महिला के गले से चेन झपट ली। लगातार झपटमारी होती देख कमिश्नर साहब को क्राइम कंट्रोल और समीक्षा की लिए सभी थाना प्रभारियों की बैठक बुलानी पड़ी। बताया जाता है कि इस बैठक में थाना प्रभारी की जमकर खिचाई हुई है।

### डीजी की पसंद फॉर्च्यूनर और एसपी को डिफेंडर

रिटायरमेंट से पहले पीएचक्यू में पदस्थ डीजी को फॉर्च्यूनर पसंद आई है लेकिन चर्चा एसपी की ज्यादा है। क्योंकि एसपी साहब ने डिफेंडर पसंद की है। इसके लिए विभाग से अनुमति भी मांगी है। डीजी से नहीं एसपी से जरूर पूछा गया है कि कौन से कारोबार कर रहे हो। एसपी ने पत्नी के भाई का हवाला दिया। कहा मैं तो डाउन पेमेंट करूंगा। बाकी तो साले का उपहार है। इस बारे में चर्चा है कि केंद्र की योजना में पेड़ काटने का ठेका रिश्तेदार को जरूर मिला है। इसलिए साला जीजा पर डिफेंडर गिफ्ट करने के लिए मेहरबान है।

### एसपी बन गया अब क्या करूं

पिता की इच्छा होती है कि वो तरक्की करे। बेटे ने आईपीएस बनने का फैसला किया और बन भी गया। काफी मेहनत के बाद एसपी भी बना। फिर भी पिता खुश नहीं है, क्योंकि साहब पुरानी जमीन से कब्जे को नहीं हटा पा रहे हैं। उन्होंने यह दर्द आईजी को सुनाया। साहब की डांट पर एसपी भागते हुए ऑफिस पहुंच गए। पिता की शिकायत पर आईजी ने कहा कि किसी काम के नहीं हो, ऐसा आपके पिता ने कहा है। फिर बेटे ने कहा कि एसपी बन गया हूं। अब क्या करूं। इस जवाब से पिता ने तो कुछ नहीं कहा, मगर आईजी बोले, अब जमीन खाली कराओ।

-प्रकाश भोमरकर

## 100 फीसदी मुआवजे की मांग को लेकर कांग्रेस ने राजस्व मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्वालियर, शिवपुरी सहित कई जिलों में भारी बारिश के चलते किसानों की फसलों को नुकसान को लेकर मुआवजा राशि देने की मांग पर कांग्रेस नेताओं ने राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को तत्काल जिलों में जाकर सर्वे करना चाहिए। किसान बहुत परेशान है, कांग्रेस के दो विधायक धरने पर बैठे हुए हैं। मंत्री वर्मा ने आश्वासन दिया है। कि देश और प्रदेश में किसानों की हितैषी सरकार है। सरकार मुआवजा राशि वितरित करेगी, लेकिन कांग्रेस के पूर्व विधायक नीतू सिकरवार ने कहा



मंत्री वर्मा को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी।

कि सरकार को इस मामले में पूरी गंभीरता बरते हुए वहां पर राहत राशि को तत्काल किसानों को पहुंचना चाहिए। अभी जिले के कलेक्टर ने निरीक्षण तक नहीं किया है। सिर्फ 10% नुकसान बात कर सर्वे किया जा रहा है। कांग्रेस की मांग है कि किसानों को पूरा मुआवजा दिया जाए। जिससे किसानों की भरपाई हो, इस संबंध में राजस्व मंत्री ने भरोसा दिया है।

## स्टॉक बढ़ाकर खाद की कालाबाजारी चल रही

**भोपाल।** राजधानी में रबी सीजन के लिए 22 हजार मीट्रिक टन यूरिया, आठ हजार मीट्रिक टन डीएपी और तीन हजार मीट्रिक टन एनपीके खाद की जरूरत होती है। जिसके तहत 90 फीसदी किसानों ने खाद खरीद ली है। बावजूद इसके खाद की कमी बनी हुई है। दरअसल प्राइवेट दुकानदार खाद का स्टॉक बढ़ाकर खाद की कालाबाजारी कर रहे हैं। डिप्टी डायरेक्टर कृषि सुमन प्रसाद का कहना है कि जिले के करीब पचास हजार किसानों को बीस हजार मीट्रिक टन यूरिया, छह हजार मीट्रिक टन डीएपी और तीन हजार मीट्रिक टन एनपीके खाद बांटी गई है। सहकारी संस्थाओं, पांच सरकारी काउंटर और प्राइवेट दुकानों पर पर्याप्त खाद उपलब्ध है।

## श्याम महाजन ने पूजा-अर्चना कर विधि विधान से संभाला दायित्व

# भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन ने किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कार्यभार ग्रहण किया। श्री श्याम महाजन सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ प्रदेश कार्यालय पहुंचे।

प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन ने कार्यालय परिसर में स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना करने के पश्चात जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर राष्ट्र निष्ठा, सेवा और संगठन के आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। पदभार ग्रहण के अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, डॉ. निशांत खरे, प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, प्रदेश



प्रदेश कार्यालय में कार्यक्रम में मौजूद भाजपा पदाधिकारी

मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, पूर्व प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र सिंह राजपूत, अर्चना सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंटकर व मुंह मीठा कराकर श्याम महाजन का स्वागत किया। उन्होंने प्रदेश कार्यालय परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर पारस्परिक संवाद और समन्वय को मजबूत बनाने पर बल दिया।

## गोपाष्टमी पर्व पर राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में दोबारा राजनीति में सक्रिय होने के संकेत दिए

# पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती लड़ेंगी वर्ष 2029 में लोकसभा चुनाव, कहा- गाय और गंगा के बिना राष्ट्र निर्माण अधूरा

**मां गंगा और गोवंश से जुड़े कार्यों को और गति देने के लिए चुनाव में उतरेंगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने एक बार फिर 2029 के लोकसभा चुनाव लड़ने की बात कही है। गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में उमा भारती ने दोबारा राजनीति में सक्रिय होने के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि मां गंगा और गोवंश से जुड़े कार्यों को और गति देने के लिए मैं 2029 में लोकसभा चुनाव लड़ूंगी। गाय और गंगा के बिना राष्ट्र निर्माण अधूरा है।

उन्होंने कहा कि राम का काम अब गो संवर्धन पर केंद्रित है। गाय केवल धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि राष्ट्र की आर्थिक और पर्यावरणीय शक्ति का आधार है। दरअसल, गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर राजधानी भोपाल



कार्यक्रम में उमा भारती का सम्मान करते जनप्रतिनिधि।

के दशहरा मैदान (अयोध्या बायपास) में बुधवार को गोभक्तों का समागम हुआ। काफी संख्या में जुटे श्रद्धालुओं के बीच पूर्व मुख्यमंत्री मंत्री साध्वी उमा भारती ने गोपूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभा में कन्यापूजन और गो स्तुति वाचन भी किया गया।

### गो-पालकों ने लिया संकल्प

उमा भारती की संकल्प सभा में पर्यटन मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, बंडा विधायक वीरेन्द्र सिंह लंबरदार, पिछोर विधायक प्रीतम लोधी, बड़ामलहरा के पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी, पृथ्वीपुर के पूर्व विधायक डॉ. शिशुपाल यादव, पूर्व विधायक नरेन्द्र बिरथरे शामिल हुए। उमा भारती ने कहा कि जब तक देश में गायों की रक्षा और गंगा का संरक्षण नहीं होगा, तब तक राम का कार्य अधूरा रहेगा। 4 नवंबर से प्रयागराज में गंगा का अभियान चलाया जाएगा। सभा के अंत में गोपालकों ने उमा भारती के नेतृत्व में यह संकल्प लिया कि वे गौवंश संवर्धन को जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाएंगे।

### लाड़ली बहनों को एक-एक गाय दी जाए

*उमा भारती ने कहा कि गंगा और गो संवर्धन का काम चलता रहेगा और इसमें आम जनता को अपना योगदान देना होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि लाड़ली बहनों को एक-एक गाय दी जाए। शहरों में कुत्ता-बिल्ली रखने की इजाजत है, लेकिन गाय रखने की नहीं। उमा भारती ने सरकार को सुझाव दिया कि हाईवे रोड पर फेंसिंग होनी चाहिए और पीछे चारागाह बनाए जाने चाहिए ताकि गायें सड़क पर न आएं। बंजर जमीन पर नए गोचर (चारागाह) भी बनाए जाने चाहिए।*

### शराब दुकानें पूरी तरह खत्म करने की मांग

*उमा भारती ने प्रदेश से शराब की दुकानें पूरी तरह खत्म करने की मांग की। महिलाओं से काली बनकर दुकानों को खत्म करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के संयोजक अशोक त्रिपाठी के नेतृत्व में गोवंश आधारित कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम डेढ़ वर्ष तक चलते रहेंगे।*

## पेज एक का शेष....

### जिस राफेल पायलट ...

दिया। राष्ट्रपति के साथ इस तस्वीर में स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह मुस्कुराती हुई दिख रही हैं। एयरबेस पर मौजूद वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने एक दूसरे विमान मे उड़ान भरी। राफेल में राष्ट्रपति मुर्मू जी-सूट पहनकर सवार हुईं, जो कि तेज जी-फोर्स में पायलट की रक्षा करता है। इस दौरान राष्ट्रपति ने पायलट को दिए जाने वाला खास चश्मा भी पहने और वे हाथ में हेलमेट लिए दिखीं। गौर हो कि सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर मुर्मू ने 8 अप्रैल 2023 को असम के तेजपुर वायुसेना स्टेशन में सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी और वह ऐसा करने वाली तीसरी राष्ट्रपति बनी थीं। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम और प्रतिभा पाटिल ने क्रमशः 8 जून, 2006 और 25 नवंबर, 2009 को पुणे के पास लोहेगांव वायुसेना स्टेशन से सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी।

**यह उड़ान लगभग 30 मिनट तक चली:** राष्ट्रपति मुर्मू ने सुबह 11.27 बजे विमान के उड़ान भरने से पहले जेट के अंदर से हाथ हिलाकर अभिवादन किया। यह उड़ान लगभग 30 मिनट तक चली और लगभग 200 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद यहाँ वायुसेना स्टेशन पर वापस लौटी। विमान को 17 स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन अमित गेहानी उड़ा रहे थे। इस लड़ाकू विमान ने समुद्र तल से लगभग 15,000 फीट की ऊंचाई पर और लगभग 700 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उड़ान भरी।

### शिवांगी सिंह हैं ...

उन्होंने मिग-21 जैसे सुपरसोनिक फाइटर जेट पर उड़ान भरी। इस दौरान उनकी पोस्टिंग राजस्थान के उस एयरबेस पर हुई, जो पाकिस्तान सीमा के करीब है। यहीं उन्होंने विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान के साथ भी काम किया।

### ट्रंप ने पीएम मोदी...

दिए। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका जल्द ही व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। हालांकि, इस बीच उन्होंने आयात शुल्क को अमेरिका की ताकत के तौर पर भी दर्शाया। ट्रंप ने दावा किया कि हमने साफ कह दिया था कि भारत-पाक पर हम 250 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। इसका मतलब है कि आप कभी व्यापार नहीं करेंगे और 48 घंटे के भीतर युद्ध खत्म हो गया।

### भारत-पाक सीजफायर का...

पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का राग अलापा था। पीएम मोदी के साथ अच्छे संबंधों की दुहाई देते-देते, सीजफायर का पुराना राग अलापते-अलापते अमेरिकी राष्ट्रपति पाकिस्तान के सात विमान गिराने वाले प्रोपेगैंड का भी उल्लेख कर गए। वो प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और हारकर फील्ड मार्शल का ओहदा पा अपनी पीठ खुद ही थप-थपाते घूम रहे पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर को भी महान बता गए। ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच हुई झड़प में सात नए खूबसूरत विमान गिराए गए थे।

### प्रधान बोले- राहुल गांधी...

रूप से माफ़ी मांगने की भी मांग की। प्रधान ने कहा कि राहुल गांधी को छठ के महापर्व और पीएम मोदी के बारे में इस अपमानजनक और बेहद शर्मनाक बयान के लिए बिहार और देश की जनता से सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगनी चाहिए, जो मर्यादा की सभी सीमाओं को लांघता है। राहुल का बयान सनातन संस्कृति के प्रति उनकी घृणा को दर्शाता है, साथ ही पीएम मोदी के प्रति कांग्रेस की गहरी नाराजगी और हताशा को भी उजागर करता है। ज्ञात हो कि राहुल ने कहा था कि पीएम मोदी वोटों के लिए कुछ भी कर सकते हैं, यहां तक कि नाच भी सकते हैं और भाजपा पर बिहार में नीतीश कुमार सरकार को रिमोट कंट्रोल से चलाने का आरोप लगाया था।

### डरिए मत मोदी जी...

मोदी जी, जवाब देने की हिम्मत तो दिखाइए। इससे पहले राहुल गांधी ने दरभंगा रैली में पीएम नरेंद्र मोदी को चुनौती देते हुए कहा कि वह बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान यह कहकर दिखाएं कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं। राहुल गांधी ने बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के समय का उल्लेख करते हुए कहा कि 1971 में इंदिरा गांधी ने अमेरिका के राष्ट्रपति (रिचर्ड निक्सन) से कह दिया था कि हम तुमसे नहीं डरते। प्रधानमंत्री यह होता है। राहुल ने काह कि आज ट्रंप हमारी सेना, हमारी वायुसेना पर टिप्पणी कर रहे हैं और पीएम मोदी चुप हैं।

### एक से 5...

तथा अशासकीय संकल्पों की सूचनाएं 20 नवंबर तक प्राप्त की जाएगी। जबकि स्थगन प्रस्ताव, ध्यानाकर्षण, नियम 267-क के अधीन सूचनाएं विधानसभा में 25 नवंबर से कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 4 तक प्राप्त की जाएंगी।

### देर रात दोनों ...

गए। आरोपियों के पैर और हाथ में गोली लगी है। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे कैमोर में भाजपा के पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष नीलेश रजक को इन्हीं दो लोगों ने बैंक ऑफ बड़ौदा के पास गोली मार दी थी। एसपी अभिनव विश्वकर्मा ने कैमोर थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद चौबे और प्रधान आरक्षक प्रेम शंकर पटेल को लाइन अटैच कर दिया था। बुधवार शाम करीब 5:30 बजे कैमोर मुक्ति धाम में पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी गई। इस दौरान स्थानीय विधायक संजय सतेंद्र पाठक भी मौजूद रहे।

### खाद लेने जा...

पर ही मौत हो गई। विशाल ने बताया कि वह एक दिन पहले भी खाद लेने के लिए गोदाम पर आए थे, परंतु दिन भर लाइन में लगने के बाबजूद उन्हें खाद नहीं मिली थी। विभाग के कर्मचारियों ने शाम 5 बजे तक खाद वितरण किया था। ऐसे में उन्हे आशंका थी कि अगर वह लेट पहुंचे तो शायद खाद खत्म न हो जाए।

### बारिश से धान ....

कि जब तक पीड़ित परिवार को मुआवजा दिए जाने की घोषणा शासन की ओर से नहीं की जाती, तब तक उसका दाह संस्कार नहीं किया जाएगा। किसान और नेता किसान के शव को जैनी गांव के तिराहे पर रोककर धरना देते रहे।

### साइबर अपराध से ....

कार्यक्रम ने डिजिटल युग की सबसे जरूरी पहल को जन-आंदोलन का रूप दिया है। हम जिस रफ्तार से डिजिटल रूप से मजबूत हुए हैं उसी रफ्तार से नई परेशानियां और खतरे सिर उठाने लगे हैं। जिस तकनीक ने हमें जोड़ा है उसी तकनीक ने अपराधियों को नए हथियार भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि आज ठगी के नए-नए तरीके आ गए हैं। डिजिटल अरेस्ट, फेक प्रोफाइल, हैकिंग, डेटा ब्रीचिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, ओटीपी फॉड, ऑनलाइन शॉपिंग धोखाधड़ी और फेक इन्वेस्टमेंट लिंक जैसे अपराध बढ़ते जा रहे हैं।

### महिला की मौत...

लेकिन नाव जब शाम 6 बजे के आसपास भरथापुर घाट पहुंचने वाली थी तभी दो सौ मीटर पहले अनियंत्रित होकर पलट गई। सुरक्षित बचकर निकले लक्ष्मी नारायण ने फोन कर सुजौली पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए बताया कि नाव में 22 लोग सवार थे। एक बाइक और चार साइकिल भी लदी थी। लक्ष्मी नारायण ने बताया कि वह और तीन अन्य लोग सुरक्षित निकल आए हैं। नाव चालक मिहींलाल पुत्र पुत्तीलाल भी लापता हैं। उधर घटना की सूचना पाकर रात 9 बजे एसडीएम मिहींपुरवा रामदयाल और तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष सुजौली प्रकाश चंद्र शर्मा और 13 लेखपालों की टीम भी गांव पहुंच गई। नदी का तेज बहाव और अंधेरा ग्रामीणों के लिए मुश्किल खड़ी कर रहा है। स्थानीय लोग अपने स्तर पर देर रात तक तलाश में जुटे रहे।

### समग्र विकास के ...

करते हुए कहा कि बिहार की धरती हमेशा से पूजनीय रही है। यह हमारी सनातन संस्कृति का गौरवशाली पृष्ठ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार में बिहार तेजी से आगे बढ़ रहा है। यहां विकास की अपार संभावनाएं हैं। बिहार में समग्र विकास के लिए तीसरी बार एनडीए सरकार बनाना है। पीएम किसान सम्मान निधि सिर्फ पैसा नहीं है, यह किसानों के पसीने का सम्मान है। बिहार से लेकर विदेशों तक छठ मैया की जय-जयकार हो रही है। जब देश की कई राजनीतिक पार्टियों में परिवारवाद की राजनीति चल रही है। देश में पहली बार किसानों को सम्मान निधि मिल रही है। बहनों को हर माह आर्थिक सहायता दी जा रही है।

### कांग्रेस नेता हिंदू-...

जानती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक गरीब परिवार से आते हैं, लेकिन अब वह दुनिया में भारत का मान बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री की उपस्थिति से हर मंच प्रकाशमान हो जाता है।

कांग्रेस और उनके साथ वाले सालों तक अयोध्या के मुद्दे पर देश के हिंदु-मुस्लिमों को लड़ाते रहे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के आने के बाद सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से निर्णय आया और अयोध्या में श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार है। कहीं कोई दंगा नहीं हुआ और सबने मिलकर जय श्रीराम का नारा लगाया।

## टीवी मसाला



# नेहल ने बिग बॉस से बाहर आते ही फरहाना को बताया झगड़ालू

**मुंबई।** 'बिग बॉस 19' में इस बार दर्शकों को कई ऐसे मोड़ देखने को मिले, जिन्होंने सबको चौंका दिया। इस हफ्ते के 'वीकेंड का वार'में नेहल चुडासमा और बसीर अली को कम वोटों के आधार पर घर से बाहर कर दिया गया। शो में नेहल हमेशा अपने गेम और सच्ची दोस्ती के लिए जानी गईं। घर से बाहर आने के बाद नेहल ने बताया कि उनकी फरहाना भट्ट संग दोस्ती में कैसे दरारें आनी शुरू हुईं। नेहल चुडासमा ने अपने और फरहाना भट्ट के रिश्ते के बारे में बात की। दोनों की दोस्ती कुछ हफ्ते पहले तक काफी मजबूत थी और उन्होंने कई टास्क और मुश्किल हालातों में एक-दूसरे का साथ दिया, लेकिन कुछ समय बाद यह दोस्ती तनावपूर्ण होने लगी. नेहल का घर से बाहर होना फरहाना के लिए काफी भारी पड़ गया। उन्हें यह देखकर दुख हुआ और वह रोती हुई नजर आईं। वह नेहल के साथ अपने झगड़े को लेकर पछतावा करती दिखी। इस बारे में नेहल ने अपनी प्रतिक्रिया साझा की। उन्होंने कहा, फरहाना को पछतावा मेरे शो के जाने के बाद हुआ। मैं उसके इस इमोशन की कद्र करती हूं, लेकिन मेरे लिए इसकी कोई खास अहमियत नहीं है, क्योंकि यह मुझसे सीधे तौर पर नहीं कहा गया। फरहाना के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए नेहल ने कहा, मुझे फरहाना ने निराश किया, क्योंकि वह अक्सर बिना वजह झगड़ा करती थी, कोई क्लियर फैसला नहीं लेती थी और कई बार दूसरों को भड़काती थी। उसमें थोड़ा बहुत अहंकार भी था, इसलिए मेरा निराश होना लाजमी था। बता दें कि फरहाना और नेहल के बीच यह झगड़ा तब और बढ़ गया जब तान्या ने फरहाना को बताया कि नेहल उसके बारे में पीछे से नेगेटिव बातें कर रही थी. तान्या मित्तल ने फरहाना को बताया कि नेहल ने कहा था कि उन्हें फरहाना से निगेटिव वाइब्स मिलती हैं। यह बात सुनकर फरहाना दुखी हो गईं. नेहल इस बात को लेकर तान्या पर भड़की और आरोप लगाया कि उन्होंने उनके शब्दों को तोड़-मरोड़ कर फरहाना को उनके खिलाफ भड़काया है। घर छोड़ते समय नेहल ने तान्या से कहा कि उसने अच्छा नहीं किया और वह उसकी गेम प्लान को कभी नहीं भूलेंगी।

# हमेशा चाहती थीं मृत्यु को समझना...

**मुंबई।** बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने आज अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने बौद्ध शिक्षाओं और अध्यात्म के जरिए जीवन और मृत्यु को समझने की अपने सफर के बारे में बताया। मनीषा कोइराला ने गुरु मिंग्युर रिनपोछे के साथ कई तस्वीरें इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर कीं। इसके साथ ही मनीषा ने कैप्शन में लिखा, 'हमेशा मृत्यु को समझना चाहती थीं, ताकि उसका डर खत्म हो जाए।' मनीषा ने आगे किताब 'द तिब्बती बुक ऑफ लिविंग एंड डाइंग' की एक पंक्ति लिखी- 'आप वैसे ही मरते हैं जैसे आप जीते थे'। मनीषा ने अपनी इस पोस्ट में न्यिमा रिनपोछे से हुई मुलाकात के बारे में जिक्र करते हुए लिखा, '2008-09 में चोकी न्यिमा रिनपोछे से मिलीं। मैंने सवाल पूछा- 'मेरा जीवन उद्देश्य क्या?' जवाब मिला- 'यह पश्चिमी सवाल है।' जब मनीषा ने बाद में बारदो (मृत्यु और पुनर्जन्म के बीच का समय) के बारे में पूछा, तो योंगे मिंग्युर रिनपोछे के पास भेजा गया। मनीषा ने आगे लिखा, 'मिंग्युर रिनपोछे की कक्षाओं से प्रेरित हुईं। वे प्राचीन बौद्ध ज्ञान को क्वांटम फिजिक्स और आधुनिक विज्ञान से जोड़कर सरल तरीके से समझाते हैं। अब उनके कोर्स दोबारा शुरू करने को उत्सुक हैं।' मनीषा ने सीखा कि कैसे जीवन और मृत्यु अलग नहीं, जागृति यहीं शुरू होती है। मनीषा मूल रूप से काठमांडू, नेपाल की रहने वाली हैं। वह नेपाल के प्रसिद्ध राजनीतिक परिवार से। दादा बिश्वेश्वर प्रसाद कोइराला देश के पहले लोकतांत्रिक प्रधानमंत्री थे। मनीषा ने अपना बॉलीवुड करियर 1991 में फिल्म 'सौदागर' से शुरू किया था। मनीषा ने '1942: अ लव स्टोरी', 'बॉम्बे', 'खामोशी: द म्यूज़िकल' और 'दिल से' जैसी कई हिट फिल्में दी हैं। बहरहाल, मनीषा अब जल्द ही वेब सीरीज 'हीरामंडी 2' में नजर आएंगी।




मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित
कार्यालय महाप्रबंधक (संपदा/निर्माण), संभाग क्र. 1
पंचानन भवन द्वितीय तल, मालवीय नगर, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष क्रमांक : 0755-2673196
E-mail : laghubpl01@gmail.com
क्रमांक : लउनि/निर्माण/संभाग-क्र.-1, भोपाल/2025-26/38
भोपाल, दिनांक : 29.10.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्य की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती हैं **कार्य का नाम- औद्योगिक क्षेत्र गोविन्दपुरा, जिला भोपाल में सीमेंट कांक्रीट रोड एवं 2 स्वागत द्वार निर्माण कार्य,** अनुमानित लागत राशि रु. 126.74 लाख। निविदा की बिड जमा करने की **अंतिम तिथि 10.11.2025 सायं 05.30 बजे।** निविदा की समस्त जानकारी उक्त वेबसाइट पर दी जावेगी। निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता हैं, तो वह उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है।
म.प्र. माध्यम/122737/2025 महाप्रबंधक (सं./नि)

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैं, संजीव अरविंद देशपांडे, पुत्र अरविंद वामन देशपांडे, निवासी प्लॉट नंबर 101, ए विंग, सागर प्रीमियम टॉवर, फेज-II, कोलार, भोपाल, मध्य प्रदेश – 462042, यह सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम संजीव अरविंद देशपांडे (पुराना नाम) से बदलकर संजीव देशपांडे (नया नाम) कर लिया है। अब से मुझे संजीव देशपांडे नाम से जाना और पहचाना जाएगा।

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवाएं के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यवस्थापक

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473
Kurl-on | Sleepwell | Springwel | bonds | Foam & Mattress
GUPTA DECOR & FURNISHING
Product Range Available
Sofa Cloth | Curtains | Wallpapers | Blinds
Pu Foam | Mattress | Carpets | Bed Sheet
WPC Doors | Door | Louvers | Glass Work
Wall Art | Wooden Flooring | Aluminium Work
Festive Offers Get Upto 20%* Off on All Product Range
90009303994 | 8226043994 | 9981047959 | 9074270227
Shop No.222, Behind Sargam Talkies, Zone-II, M.P. Nagar, Bhopal SUNDAY OPEN

**नाम परिवर्तन**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम TUBA RIZWAN AZIZ था जो पासपोर्ट में अंकित है। परंतु मैंने अपना नाम परिवर्तन करके TUBA AZIZ कर लिया है। आगे से मुझे TUBA AZIZ D/O RIZWAN AZIZ के नाम से जाना जाए. ADDRESS :DUPLEX-8,FAIZ MASJID COMPOUND,INDRA VIHAR COLONY BHOPAL M.P

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs.40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910


## राशिफल

**मेष:** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष:** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह:** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या:** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ:** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन:** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 6032



**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -6031 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | र | व | | | | मु | का | ब | ला |
| मी | | | त | म | त | मा | ना | | | ज |
| श | ब | | न | या | | न | दी | | जी | वा |
| न | र | क | | न | म | क | | ख | रा | ब |
| | दा | म | न | | जा | | न | फा | | |
| | न | | ख | त | | म | न | | म | |
| | | सा | रा | | आ | | द | म | न | |
| अ | ना | र | | र | स | म | | त | ह | री |
| मा | ता | | ल | क | | सौ | त | | र | त |
| न | | | च | म | क | दा | र | | | स |
| त | क | दी | र | | | | ल | ल | का | र |

## सूडोकु नवताल - 6042

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6041 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

औद्योगिक उत्थान को लेकर भारत को चीन का उदाहरण लेना चाहिए

# भारत को अगली औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व करना चाहिए: सुमन बेरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने बुधवार को कहा कि अगली औद्योगिक क्रांति ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, सेमीकंडक्टर और एडवांस मटेरियल जैसे उद्योगों से परिभाषित होगी और इस औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व भारत द्वारा किया जाना चाहिए। इंस्टीट्यूट फॉर स्टडीज इन इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट (आईएसआईडी) द्वारा आयोजित एक कॉन्फ्रेंस में बेरी ने कहा कि औद्योगिक उत्थान को लेकर भारत को चीन का उदाहरण लेना चाहिए और अपने लिए एक अलग और खास मार्ग तैयार करना चाहिए।

**अगला चरण राज्य और जिला प्रधान होना चाहिए**

*उन्होंने कहा कि सुधारों के अगले चरण में मजबूत सप्लाई चेन, गुणवत्ता मानकों और स्किल इकोसिस्टम के विकास को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इससे छोटे उद्यमों को विस्तार करने और ग्लोबल प्रोडक्शन नेटवर्क में इंटीग्रेट करने का अवसर मिलेगा। बेरी ने कहा कि भारत की औद्योगिक रणनीति का अगला चरण राज्य और जिला-प्रधान होना चाहिए, जिसमें क्षेत्रीय इंडस्ट्रियल क्लस्टर का निर्माण हो। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने बड़े पैमाने पर सुधारों में प्रगति हासिल की है।*

2047 तक तकनीकी आत्मनिर्भरता के लिए भूमिका निभाने किया प्रोत्साहित

# एसआरएम यूनिवर्सिटी-एपी का दीक्षांत समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चेन्नई




एसआरएम विश्वविद्यालय-एपी ने अपने 5वें दीक्षांत समारोह का आयोजन मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) कोठा मधु मूर्ति, अध्यक्ष, आंध्र प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद (एपीएससीएचई), संस्थापक कुलाधिपति डॉ. टी आर पारीवेंद्र, प्रो-कुलपति डॉ. पी सत्यनारायणन, कुलपति प्रो. सीएच सतीश कुमार, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य; प्रबंधन बोर्ड, रजिस्ट्रार डॉ. आर प्रेमकुमार; परीक्षा नियंत्रक, शैक्षणिक और अनुसंधान परिषद,सभी स्कूलों के डीन, निदेशक, पूर्व छात्र, संकाय सलाहकार और गौरवान्वित अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति में किया। प्रो. सीएच सतीश कुमार ने अपने स्वागत भाषण में कहाकि स्नातक होना किसी के जीवन के सबसे महत्वपूर्ण पड़ावों में से एक होता है। मुख्य अतिथि प्रो. मधु मूर्ति ने 2025 के स्नातक वर्ग को दीक्षांत भाषण देते हुए कहाकि आंध्र प्रदेश भारत के एआई परिवर्तन में एक प्रमुख भूमिका निभा रहा है।

## निर्माण कार्य शुरू, करीब 30 लाख रुपए की लागत से दो माह में तैयार होगा

# भोपाल दुग्ध संघ के प्लांट गेट पर स्थित पार्लर अब सांची फैमिली रेस्टोरेंट यानी कैफे में बदलेगा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भोपाल दुग्ध संघ के मुख्य प्रवेश द्वार स्थित पार्लर को अब सांची फैमिली रेस्टोरेंट में बदला जाएगा। यह बदलाव का नवाचार खुद भोपाल सहकारी दुग्ध संघ ने शुरू किया है।

किफायती दाम पर शुद्ध, गुणवत्तायुक्त सांची दूध और दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराने में महारथ हासिल कर शहरवासियों के साथ समूचे मध्यप्रदेश में लोकप्रियता हासिल करने वाला एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एमपीसीडीएफ) भोपाल से संबद्ध भोपाल सांची दुग्ध सहकारी संघ ने नवाचार को मूर्तरूप देने में जुट गया है। सांची कैफै के रूप में तब्दील करने का कार्य संघ ने शुरू करवा दिया है।

**खास बातें**

- सांची कैफे में दूध सहित सभी दुग्ध उत्पाद, मिष्ठान और सांची अन्य उत्पाद किफायती दाम पर मिलेंगे
- जहां शहरवासी अपनी फैमिली के साथ एंजाय कर सकेंगे
- सुरक्षित और सुंदर फैमिली रेस्टोरेंट में मिलेंगे शुद्ध सांची घी से तले हुए समोसे, पनीर पकोड़े, जलेबी,रबड़ी सहित अन्य खाद्य सामग्री और अन्य डेयरी उत्पाद



अभी का सांची पार्लर




दो महीने बाद ऐसा दिखेगा

### आधुनिक लुक देने रेनोवेशन का कार्य प्रारंभ

भोपाल दुग्ध संघ की मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) प्रीतेश जोशी ने बताया कि रानी कमलापति स्टेशन स्थित सांची दुग्ध संघ प्लांट के प्रवेश द्वार पर संचालित सांची



पार्लर को आधुनिक लुक देने के साथ यहां इस फैमिली रेस्टोरेंट में स्थापित करने के लिए रेनोवेशन का कार्य शुरू करवा दिया गया है। सीईओ प्रीतेश जोशी ने सांची कैफे और फैमिली रेस्टोरेंट के रूप में पार्लर को बदले जाने की लागत खर्च 30 लाख रुपए है। जो अगले दो महीने में तैयार हो जाएगा। यह आधुनिकता और सुंदरता से ओतप्रोत होगा।

*सांची कैफे में चारों तरफ हरियाली युक्त वातावरण कोल्ड स्टोरेज स्थापित होने के साथ यह आधुनिकता और सुंदरता से ओतप्रोत होगा*

### सभी दुग्ध संघों के प्रवेश द्वार पर स्थित पार्लर होंगे भोपाल की तर्ज पर आधुनिक : गोवाणी

एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एमपीसीडीएफ) के प्रबंध संचालक संजय गोवाणी ने बताया कि



भोपाल दुग्ध की तर्ज पर इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन सहित सभी दुग्ध संघों के फैक्ट्री गेट पर संचालित सांची पॉर्लर को आधुनिक लुक देते हुए सांची कैफे में तब्दील किया जाएगा। प्रबंध संचालक गोवाणी ने बताया कि नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड ने 13 अप्रैल को दुग्ध संघ की जिम्मेदारी ली थी। इसके बाद दूध संग्रहण और बिक्री दोनों में बड़ा सुधार हुआ है। इस सफलता के पीछे सबसे बड़ा कारण ईआरपी सिस्टम है, जिससे किसानों को समय पर भुगतान हो रहा है।

### फैमिली रेस्टोरेंट में सेल्फी प्वॉइंट, हाईजीनिक किचन के साथ कोल्ड स्टोरेज होगा

भोपाल दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) प्रीतेश जोशी ने



बताया कि प्लांट प्रवेश द्वार पर स्थित सांची पार्लर को सांची कैफे में तब्दील करने के लिए रेनोवेशन कार्य शुरू हो गया है। जो कि सांची कैफे में विस्तारित होगा। यहां भोपालवासियों को फैमिली रेस्टोरेंट जैसा सुरक्षित वातावरण मिलेगा। सांची कैफे में चारों तरफ हरियाली युक्त वातावरण, सेल्फी प्वाइंट, हाईजीनिक किचन के साथ कोल्ड स्टोरेज होगा।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील सीहोर जिला सीहोर**

प्रकरण क्रमांक 0150/ब-121/2025-26

**इश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्रीमति वर्षा राठौर पत्नि श्री राजेन्द्र राठौर कृषक ग्राम शेरपुर तहसील व जिला सीहोर द्वारा भूमि खसरा नं 301/22/2/1/1/1 रकबा 0.086 हे० भूमि का बटान संशोधन कराने हेतु इस न्यायालय में प्रकरण प्रचलित है जिसमें सुनवाई दिनांक 06/11/2025 नियत है।

अतएव उपरोक्त वर्णित भूमि के बटान संशोधन के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति या आक्षेप हो तो वह प्रकरण में नियत दिनांक 06/11/2025 को स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद प्राप्त किसी भी आवेदन पत्र या आपत्ति पर विचार नही किया जाएगा।

आज दिनांक 29/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील, सीहोर**

प्रारूप-दस
(नियम 7 देखिये)

**न्यायालय तहसीलदार, नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल (पुराना जिला पंचायत भवन, कोहेफिजा जिला भोपाल)**

रा.प्र.क्र . 1898/अ-6-25-26

:: **सार्वजनिक नोटिस** ::

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण/बटान/बटवारा/सीमांकन की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 03/11/25 को समय दोपहर 03:00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ़ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण/बटान/बटवारा/सीमांकन के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।, अनुसूची- ग्राम का नाम- गोदरमऊ, खसरा नंबर-336/2, क्षेत्रफल-5000 वर्गफिट, उस व्यक्ति का विवरण जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है(आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता)- सतीश आनन्द शर्मा / पिता स्व. एच सी शर्मा । आज दिनांक 29/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**नजूल संतहिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त भोपाल**

**वृत रतनपुर सडक तह कोलार जिला भोपाल**

क्रमांक 2166/अ-6/2025-26

// इश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। प्रकरण का संक्षिप्त विवरण आवेदक आदित्य सेंगर आ. घनश्याम सेंगर निवासी भोपाल ने आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109-110 मध्य प्रदेश भू-राजस्व सहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत आलेख किया है कि ग्राम पिपलिया बेरखेड़ी स्थित भूमि खसरा न.144 रकबा 128.62 वर्ग मीटर के आधार पर फौथी नामान्तरण किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के 15 दिन के भीतर इस न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 17/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया

**तहसीलदार**
**तहसील कोलार भोपाल**

## बिजनेस न्यूज



### एनएचडीसी में वॉकथॉन द्वारा दिया निष्ठा एवं पारदर्शिता का संदेश

**भोपाल।** एनएचडीसी लिमिटेड द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत सत्यनिष्ठा एवं कार्य मे पारदर्शिता के प्रचार प्रसार एवं भ्रष्टाचार के विरूद्ध जन- जागृति के लिए वॉकथॉन का आयोजन किया गया । एनएचडीसी के प्रबंध निदेशक राजीव जैन द्वारा झंडा दिखाकर वॉकथॉन का शुभारंभ किया। इस अवसर प्रबंध निदेशक महोदय ने निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जागरूक बनने एवं देश की प्रगति एवं समृद्धि के लिए योगदान देने के लिए प्रेरित करने का आव्हान गया । वॉकथॉन निगम मुख्यालय परिसर से शुरू होकर आकाशवाणी चौराहा, तक एवं वापस एनएचडीसी परिसर पर ही समाप्त हुई । सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत वॉकथॉन का आयोजन जनमानस में भ्रष्टाचार के विरूद्ध जागरूकता बढ़ाने एवं सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी' के उद्देश्य से किया गया । वॉकथॉन में निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ।

### रक्तदान शिविर में पीएनबी के 75 स्टाफ सदस्यों ने किया रक्तदान



**भोपाल।** पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय भोपाल द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर धीरेंद्र कुमार झा, मंडल प्रमुख, मंडल कार्यालय भोपाल की अध्यक्षता में किया गया। धीरेंद्र कुमार झा, मंडल प्रमुख ने सभी स्टाफ सदस्यों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। रक्तदान शिविर में लगभग 75 स्टाफ सदस्यों ने रक्तदान किया। शिविर को सफल बनाने में रेड क्रॉस सोसाइटी की टीम ने विशेष सहयोग प्रदान किया। पंजाब नैशनल बैंक मंडल कार्यालय भोपाल द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्यों का आयोजन करने में सदैव अग्रसर रहता है। कार्यक्रम के अंत में उप मंडल प्रमुख मनीष सिंह द्वारा इस सफल आयोजन के लिए रेड क्रॉस सोसायटी की पूरी टीम एवं रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

### सेंट्रल बैंक में सतर्कता जागरुकता रैली का आयोजन



**भोपाल।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आँचलिक कार्यालय भोपाल द्वारा सतर्कता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य बैंक कर्मियों एवं आम नागरिकों में ईमानदारी, निष्ठा एवं भ्रष्टाचार विरोधी मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। रैली का शुभारंभ धीरज गोयल, अंचल प्रमुख, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अरेरा हिल्स, भोपाल स्थित कार्यालय परिसर से किया गया। रैली में बैंक के उप महाप्रबंधक प्रमोद मिश्रा, आतंरिक लेखा परिक्षक राकेश शर्मा सहित अनेको अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा भ्रष्टाचार मुक्त भारत, ईमानदारी हमारी पहचान, सतर्क रहें, सुरक्षित रहें ,ना रिश्वत ना भ्रष्टाचार-ये है हमारे संस्कार जैसे नारे लगाकर नागरिकों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध सजग रहने का संदेश दिया।रैली जेल रोड, कोर्ट रोड क्षेत्र से होते हुए आँचलिक कार्यालय भोपाल में संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद घाटिया, सतर्कता अधिकारी द्वारा किया गया। ।

### होंडा का जापान मोबिलिटी शो में नए एसयूवी मॉडल का वर्ल्ड प्रीमियर

**नई दिल्ली।** होंडा मोटर कंपनी जापान मोबिलिटी शो 2025 में में बड़ा धमाका की है। कंपनी ने जापान मोबिलिटी शो 2025 में अगली जनरेशन के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), होंडा 0 अल्फा के प्रोटोटाईप का वर्ल्ड प्रीमियर किया। इस शो के दौरान यह प्रोटोटाईप मॉडल होंडा बूथ में डिस्प्ले में रखा रहेगा। होंडा 0 अल्फा एक ऐसी एसयूवी के रूप में विकसित की गई है, जो शहरी और प्राकृतिक वातावरण सहित हर परिस्थिति में लोगों को बेहतरीन सेवा देगी। इस साल जनवरी में सीईएस 2025 में पेश की गई होंडा 0 सलून और होंडा 0 एसयूवी के बाद होंडा 0 पूरी दुनिया में होंडा 0 सीरीज का "गेटवे मॉडल" होगा। इसमें रिफाईंड डिजाईन के साथ विशाल केबिन भी है, जो सवारियों को सर्वाधिक आराम प्रदान करता है।

### भाभा विवि में पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ





**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम "एनईपी 2020 के साथ उच्च शिक्षा में नवीन शिक्षण पद्धतियां और उभरती प्रौद्योगिकियां" का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. साधना कपूर के कर-कमलों द्वारा गरिमामय रूप से माता सरस्वती के विधिवत पूजन कर किया। उन्होंने विश्व विद्यालय में हो रहे नवीनतम अनुसंधानों पर पर बधाई देते हुए उक्त पंच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन पर शुभ कामनाएं दी। कार्यक्रम के प्रथम दिवस के प्रथम सत्र का सत्र का विषय था शिक्षण शिक्षाशास्त्र, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सुप्रसिद्ध कैरियर और लाइफ कोच, कॉर्पोरेट ट्रेनर मास्टर योगिता यश रावत ने अपने विचार प्रस्तुत किये। वह क्षण यह और वह गतिविधि[illegible] के माध्यम से सभी प्रतिभागियों के मस्तिष्क को सक्रिय कर वातावरण को उत्साहपूर्ण बनाया गया। सत्र में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के डीन, निदेशक, प्राचार्य और लगभग 150 शिक्षकों ने सहभागिता की।

### नेस्ले इंडिया ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के साथ अनुबंध किया

**नई दिल्ली।** नेस्ले इंडिया ने भारत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अनुबंध के तहत ओडिशा और जहां-जहां इसकी फैक्ट्रियां मौजूद हैं, उन जगहों पर ग्रीन फील्ड और ब्राउन फील्ड परियोजनाओं में निवेश को बढ़ाया जाएगा। इस सहमति पत्र पर नई दिल्ली में वर्ल्ड फूड इंडिया समिट 2025 में हस्ताक्षर किए गए। नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक, मनीष तिवारी ने कहा कि यह निवेश अगले 2 से 3 वर्षों के समय सीमा में होगा। नेस्ले इंडिया के कॉर्पोरेट अफेयर्स प्रमुख,कुंवर हिम्मत सिंह ने कहाकि भारत में 113 साल से ज्यादा समय से मौजूद नेस्ले इंडिया 100,000 से अधिक किसानों के साथ काम करता है, जिनमें डेयरी, कॉफी, मसाले, गेहूं, गन्ना और चावल के किसान शामिल हैं। सप्लायर्स के साथ हमारी मजबूत साझेदारी भी है।

### एमवे के अध्यक्ष और सीईओ ने की 100 करोड़ रु. के निवेश की घोषणा

**नई दिल्ली।** एमवे के अध्यक्ष और सीईओ माइकल नेल्सन ने कंपनी की विनिर्माण यात्रा के 10 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में इस सप्ताह भारत का दौरा किया। यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है जो एमवे के वैश्विक संचालन में भारत की रणनीतिक भूमिका को मजबूत करता है। भारत, अमेरिका और चीन के साथ एमवे के केवल तीन वैश्विक विनिर्माण केंद्रों में से एक है। इस मजबूत नींव पर निर्माण करते हुए, कंपनी अगले तीन से पांच सालों में 100 करोड़ रुपए (12 मिलियन अमेरिकी डॉलर*) का निवेश करेगी ताकि एमवे बिजनेस ओनर्स/डिस्ट्रीब्यूटर्स की क्षमताओं को और मजबूत किया जा सके, अपनी भौतिक उपस्थिति का विस्तार किया जा सके और ग्राहक अनुभव को बढ़ाया जा सके।



रिजर्व बैंक के पास 9 लाख किलो सोना

# वित्त वर्ष की पहली छमाही के अंत में 880.18 मीट्रिक टन हो गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक का स्वर्ण भंडार पिछले 12 महीनों में सितंबर 2025 तक 25.45 मीट्रिक टन बढ़कर 880 मीट्रिक टन (करीब 9 लाख किलो) हो गया। केंद्रीय बैंक का गोल्ड रिजर्व सितंबर 2024 के अंत में उसके भंडार 854.73 मीट्रिक टन से बढ़कर चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के अंत में 880.18 मीट्रिक टन हो गया। इसमें 25.45 मीट्रिक टन की वृद्धि हुई। केंद्रीय बैंक ने जारी एक छमाही रिपोर्ट में यह बात कही है।

### आरबीआई बीते 6 महीनों में विदेशों में रखा अपना 64 टन सोना वापस भारत लाया




भारतीय रिजर्व बैंक देश की संपत्ति को सुरक्षित रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। इस वर्ष मार्च से सितंबर तक की अवधि में केंद्रीय बैंक ने विदेशों में रखा अपना 64 टन सोना वापस मंगवा लिया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब दुनिया भर के देश भू-राजनीतिक दबाव के हथियार के तौर पर फाइनेंशियल बैन और एसेट फ्रीज का इस्तेमाल कर रहे हैं। आरबीआई के पास 880.8 टन सोना है। इसमें से 575.8 टन का एक बड़ा हिस्सा भारत में सुरक्षित रखा गया है। इसके अलावा, 290.3 टन सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के पास रखा गया है। वहीं, 14 टन सोना गोल्ड डिपॉजिट अरेंजमेंट का हिस्सा है।

**संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास**
**6 नम्बर बस स्टाप, शिवाजी नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश**
दूरभाष नं.-0755-2554048, E-mail Id- tonish.mandraha@mpurban.gov.in

क्रमांक 11893 | दिनांक 15/10/2025

**द्वितीय ई-निविदा सूचना**

संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, भोपाल, मध्यप्रदेश, द्वारा "किराये के ईंधन/इलेक्ट्रीक वाहन उपलब्ध कराने की सेवाएँ" प्रदान करने हेतु, पंजीकृत एजेंसियों से 02 वर्ष की समयावधि के लिये, ई-निविदा क्र. 2025_UAD_458846_1 आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत रुपए 02.00 करोड़ तथा निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपए 12,500/- निर्धारित है। निविदा दिनांक 08.11.2025 दोपहर 5:30pm तक ऑनलाईन प्रस्तुत की जा सकेगी। निविदा प्रपत्र व कार्य की विस्तृत शर्तें www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रकाशन उपरांत, निविदा में कोई भी परिवर्तन / संशोधन ऑनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर ही किया जावेगा, समाचार पत्र में नहीं।

उप संचालक
नगरीय प्रशासन एवं विकास
भोपाल, मध्यप्रदेश

जी - 20669/25 स्वच्छता ही सेवा

**कार्यालय प्राचार्य, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस**
**जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बैतूल (म.प्र.)**
(NAAC द्वारा प्रदत्त ग्रेड 'A+') email: hegjhpgcbet@mp.gov.in

क्रमांक /1991 /निविदा/2025 | बैतूल दिनांक 22/10/25

**विज्ञप्ति**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज.हा. शासकीय स्नाताकोत्तर महाविद्यालय, बैतूल में सत्र 2025-26 हेतु विभिन्न विषयों के अध्यापन कार्य हेतु विजिटिंग फैकल्टी, पुस्तकें एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्र-छात्राओं को वितरण हेतु निःशुल्क स्टेशनरी संबंधी खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकर्ता निविदा का विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित होने के दिनांक से 21 दिवस के भीतर अपनी निविदाएं सील बंद लिफाफे में डाक/कोरियर/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्राचार्य/सचिव प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज.हा. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल को कार्यालयीन समय में प्रेषित करें। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा के नियम एवं शर्तों की पूर्ण जानकारी उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट http://highereducation.mp.gov.in तथा महाविद्यालय की वेबसाइट https://www.jhgovtbetul.com/ पर उपलब्ध है।

प्राचार्य
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
ज.हा.शास.स्ना. महावि. बैतूल

जी - 20664/25 स्वच्छता ही सेवा

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अर्जुन मेवाड़ा, पुत्रः प्रेम सिंह मेवाड़ा, पताः मकान संख्या 74, ग्राम–समर्डी, तहसील–आस्था, जिला–सीहोर, मध्य प्रदेश–466114** ने **CC No. 5129/24, U/s: 138 NI Act, पुलिस थाना रूप नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अर्जुन मेवाड़ा** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अर्जुन मेवाड़ा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना रूप नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **अर्जुन मेवाड़ा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.12.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री आरुषि परवाल
एल.डी. जेएमएफसी (NI Act)–05,
सेंट्रल, कमरा नंबर 02, केंद्रीय अनुबंध– 01
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14462/N/2025

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय -I :
पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल

**ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता को धारा [धारा 13(2)] के अन्तर्गत मांग सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)**

केनरा बैंक **की संबंधित शाखा** के माध्यम से निम्नवर्णित ऋणियों द्वारा लोन / साख सुविधा समय-समय पर प्राप्त किये गये।

| ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक / ऋण का प्रकार/ऋण राशि/ बकाया राशि/ब्याज दर | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **केनरा बैंक, एम.पी. नगर शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणीः **श्री विनोद चावला पुत्र श्री मुरलीधर चावला** पताः 881, शिवाजी वार्ड गांधी नगर बैरागढ़ हुजूर भोपाल म.प्र.-462036 सहऋणीः **मेसर्स श्री शिव गारमेंट्स प्रो. श्री विनोद चावला** पताः दुकान नंबर 17 कपड़ा धर्मशाला के अंदर बैरागढ़ भोपाल हुजूर म.प्र.-462036 | मांग सूचना दिनांक : 28.10.2025 दिनांक को बकाया राशि ₹ 36,04,230.01 + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 25.10.2025 | **एक फ्री होल्ड आवासीय फ्लैट संख्या एम.आई.जी. 501, पांचवीं मंजिल, ब्लॉक संख्या 1, फेज-2 तिरुपति एम.एल. हिसाराइज, ग्राम दामखेड़ा वार्ड संख्या 74, तहसील हुजूर जिला- भोपाल (मध्य प्रदेश) बिल्टअप क्षेत्रफल 84.63 वर्गमीटर,** चर्तुसीमाएंः पूर्वः फ्लैट नं. एल.आई.जी. 502, पश्चिमः खुला क्षेत्र, उत्तरः गलियारा, दक्षिणः खुला क्षेत्र, संपत्ति मालिक- श्री विनोद चावला पुत्र श्री मुरलीधर चावला |
| **केनरा बैंक, न्यू मार्केट शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणीः **श्री सी. करुणानिधि** ऋणी/सह-आवेदकः **श्रीमती नवनीतम करुणानिधि** दोनों का पताः मकान संख्या-1469, अन्ना नगर, गोविंदपुरा, भोपाल, मध्य प्रदेश- 462003 | मांग सूचना दिनांक : 27.10.2025 दिनांक को बकाया राशि ₹ 15,66,085.51 + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 05.10.2025 | **बंधक संपत्ति दो मंजिला रिहायशी मकान नं. 206, ईडन गार्डन, बीडीए कॉलोनी के पास, अवधपुरी के पीछे, ग्राम- अमरावत खुर्द, भोपाल (मध्य प्रदेश)। साइट का कुल क्षेत्रफलः 800 वर्गफुट। चर्तुसीमाएं-** पूर्वः सड़क, पश्चिमः प्लाट नं. 233, उत्तरः प्लाट नं. 207, दक्षिणः प्लाट नं. 205, संपत्ति मालिक- श्री सी. करुणानिधि एवं श्रीमती नवनीतम करुणानिधि |
| **केनरा बैंक, नर्मदापुरम शाखा, नर्मदापुरम** | | |
| ऋणीः **श्रीमती सुभद्रा पवार पत्नी श्री लखन लाल पवार,** पता : वार्ड क्रमांक 24, 25 रसूलिया, होशंगाबाद बाबई, म.प्र.-461001 सहऋणीः **श्री कैलाश पवार पुत्र श्री लखन लाल पवार** पताः पुत्रीशाला काम्पलेक्स, पूर्व पुरानी सड़क राजनांदगांव गुंडरदेही दुर्ग छ.ग.-491441 **मेसर्स वरदान फुट प्रोप. श्री कैलाश पवार,** पताः जी 16 पुत्री शाला कॉम्प्लेक्स राजनांदगांव गुंडरदेही छत्तीसगढ़ 491441 जमानतदारः **श्री अर्जुन दास लोहानी पुत्र श्री कुंजुमल लोहानी,** पताः गली नं. 4, लाल बाग सिंधी कॉलोनी राजनांदगांव छ.ग.-491441 | मांग सूचना दिनांक : 28.10.2025 दिनांक को बकाया राशि ₹ 9,03,468.99/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 08.01.2024 | **बंधक संपत्ति मौजा रसूलिया टाउन होशंगाबाद वार्ड क्रमांक 25 हनुमान नगर डायवर्टेड खसरा नं. 39/2 एवं 56/1 से बाहर लाइन क्रमांक 4 प्लॉट क्रमांक 56 कुल क्षेत्रफल 50*30=1500 वर्गफीट चर्तुसीमाएं :** पूर्वः रास्ता, पश्चिमः गली (वर्तमान में नाली), उत्तरः प्रजापति का प्लॉट, दक्षिणः आर.के. कुशवाह का मकान संपत्ति मालिक- श्रीमती सुभद्रा बाई पवार |
| ऋणी/बंधककर्ताः **श्री राम कुमार गौड़ पुत्र श्री शिव कुमार गौड़,** पताः कालिका नगर, शनि होशंगाबाद के पीछे, बाबई म.प्र.-461001 ऋणीः **श्री शिव कुमार गौड़ पुत्र श्री केशव प्रसाद गौड़** पताः मकान नंबर 3 वार्ड नंबर 1 ग्राम कढैया के पास तहसील बाबई, होशंगाबाद म.प्र.-461001 | मांग सूचना दिनांक : 16.10.2025 दिनांक को बकाया राशि ₹ 8,58,209.18 + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 30.06.2025 | **एक खुला प्लाट क्षेत्रफल 757 वर्गफिट, डायवर्टेड खसरा नं. 107/5, 110/3, 111/3, सेटलमेंट नं. 101, हल्का नं.17 स्थित वार्ड क्रमांक 16 जलालाबाद कालिका नगर, होशंगाबाद तहसील एवं जिला होशंगाबाद (म.प्र.) चर्तुसीमाएं :** उत्तरः यादव जी का प्लॉट, दक्षिणः कॉलोनी रोड, पूर्वः कॉलोनी रोड, पश्चिमः श्री रामविलास यादव का मकान संपत्ति मालिक- श्री राम कुमार गौड़ पुत्र श्री शिव कुमार गौड़, |

उपरोक्त वर्णित ऋण / साख सुविधा संबंधित दस्तावेजों द्वारा बैंक के पक्ष में संपत्ति को बंधक रखकर सुरक्षित किया गया था। चूंकि आप ऋण चुकाने में असफल रहे हैं। अतः बैंक द्वारा उपरोक्त तालिका में वर्णित दिनांक को ऋण को एन.पी.ए. वर्गीकृत किया गया है। उपरोक्त वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को विस्तृत माँग सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी की गई एवं नोटिस में उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस की तारीख से 60 दिवस की अवधि के भीतर अदा करने के लिए सूचित करते हैं। अन्यथा बैंक द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी।

इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय का लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं। विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की शाखा से संपर्क करें। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

मांग सूचना की प्रति रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा शाखा में उपलब्ध आपके अंतिम ज्ञात पते पर भेजी जा रही है।

**स्थान : भोपाल**
**दिनांक : 30/10/2025**

प्राधिकृत अधिकारी
केनरा बैंक

## चिंतन

# बड़ी उपलब्धि, आखिरी सांसें गिन रहा नक्सलवाद

पिछले छह दशकों से देश में नासूर बनकर उभरा नक्सलवाद अब समाप्त होने के कगार पर आ गया है। परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। केंद्र सरकार की नक्सलवाद से मुक्ति के अभियान की सफलता से यह अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। कई बड़े नक्सली कमांडर सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में ढेर हो चुके हैं या फिर उन्होंने सरेंडर कर अपनी जान बचा ली है। कभी देश के 128 जिले नक्सलवाद के शिकंजे में थे, लेकिन अब इनकी संख्या महज 6 रह गई है। यहां भी नक्सली नेता एक-एक करके सरेंडर कर रहे हैं। बीते दिनों सीपीआई (माओवादी) के सेंट्रल कमेटी मेंबर पिल्लूरी प्रसाद राव उर्फ चंद्रन्ना और आंध्र के स्टेट यूनिट के नेता बंदी प्रकाश उर्फ प्रभात ने सरकार के सामने सरेंडर किया तो साफ हो गया कि देश केंद्र सरकार द्वारा तय किए गए 31 मार्च तक नक्सलवाद सफाए के लक्ष्य को पाने के करीब है। चंद्रन्ना नक्सलियों के ऐसे कमांडर रहे, जिसकी पहुंच कई राज्यों में है। हथियार जुटाने और फंड उगाहने में माहिर चंद्रन्ना के सरेंडर करने के बाद यह माना जा रहा है कि नक्सल आंदोलन की बस अब कुछ सांसें बाकि हैं। अचानक बड़े नक्सली नेताओं के आत्मसमर्पण को सुरक्षा बलों की जीत के तौर पर देखा जा रहा है। पिछले दो महीने में मोस्ट वॉन्टेड नक्सलियों के शीर्ष कमांडर ने आत्मसमर्पण किया है। सरेंडर करने वालों में एक करोड़ के इनामी नक्सली मल्लाजोलु वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति, केंद्रीय समिति के सोनू, हार्डकोर कमांडर रुपेश, मारे गए नक्सली कमांडर किशनजी की पत्नी सुजाता भी शामिल रहीं। अब पिल्लूरी प्रसाद राव उर्फ चंद्रन्ना और आंध्र के स्टेट यूनिट के नेता बंदी प्रकाश भी इस लिस्ट में शामिल हो गए। गृह मंत्रालय के अनुसार, अक्टूबर 2025 तक 1,225 नक्सलियों ने सरेंडर किया और करीब 270 नक्सली मारे गए। 680 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। असल में केंद्र सरकार ने नक्सल आंदोलन को खत्म करने के लिए दोहरी नीति अपनाई है, वह रंग ला रही है। एक तरफ सुरक्षा बल टेक्नोलॉजी की मदद से माओवादियों के गढ़ में आक्रामक अभियान चला रहे हैं, दूसरी ओर सरेंडर करने वाले नक्सलियों के लिए पुनर्वास की योजना शुरू की गई है। सरेंडर करने वाले मल्लोजुला वेणुगोपाल उर्फ भूपति को स्टील और खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड ने अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त करने की पेशकश की। सरकार के आत्मसमर्पण और पुनर्वास पैकेज के तहत चंद्रन्ना को 25 लाख और प्रकाश को 20 लाख रुपये का चेक दिया गया। यह उन नक्सलियों के लिए मैसेज है, जो हथियार छोड़ना चाहते हैं। सरकार का इशारा साफ है कि अगर कोई अहिंसा का रास्ता अपनाना चाहता है तो सरकार उसका पूर्ण सहयोग करेगी। वैसे भी अनेक ऐसे नक्सली सामने आ रहे हैं, जिनका हिंसा से मोहभंग हो गया है। यही कारण है कि नक्सलवाद के बड़े कमांडर आत्मसमर्पण कर रहे हैं। बड़े माओवादी नेताओं के सरेंडर करने के कारण नक्सल आंदोलन से जुड़ने वाले युवा भी हतोत्साहित हो रहे हैं। आत्मसमर्पण के पीछे नेतृत्व में आंतरिक कलह, बढ़ती उम्र को भी बड़ा कारण माना जा रहा है। संगठन में कलह के चलते एक धड़ा सरेंडर कर रहा है। संगठन दो गुटों में बंटा हुआ है। भूमिगत कार्यकर्ता और सदस्य अपनी-अपनी राहें चुन रहे हैं। सुरक्षा बलों के तेज प्रहार के कारण भी नक्सल आंदोलन कमजोर हुआ है। कारण चाहे जो भी रहे हों। ये सही है कि नक्सलवाद खत्मे की ओर है, जो देश के विकास के लिए बहुत जरूरी है।



विश्लेषण
हरदीप सिंह पुरी

# भाजपा ने नेतृत्व को पुनर्परिभाषित किया

वंशवाद भाजपा समेत सभी दलों में मौजूद है। फिर भी, भाजपा की एक खासियत यह है कि वहां पारिवारिक पृष्ठभूमि अपने-आप नेतृत्व में तब्दील नहीं होती। यह एक ऐसी पार्टी है जहां अवसर अर्जित करना जरूरी होता है और जहां किसी व्यक्ति का उत्थान उसके काम, प्रतिबद्धता एवं जनता के विश्वास पर निर्भर करता है, न कि वंश पर। भाजपा में, एक पारिवारिक पहचान एक दरवाजा तो खोल सकता है, लेकिन उस दरवाजे को हमेशा के लिए खुला नहीं रख सकता। कांग्रेस से परे भी, सत्ता का एक परिवार विशेष के हाथों में केंद्रित होना ही कई क्षेत्रीय दलों की पहचान है। भाजपा उन चंद पार्टियों में से एक है जहां नेतृत्व विरासत में नहीं मिलता, केवल अर्जित किया जाता है।

आजाद भारत के इतिहास में राजनीति ज्यादातर समय हक की एक ऐसी भावना से प्रभावित रही, जिसने विरासत और वैधता के बीच घालमेल किया। एक परिवार और एक पार्टी को यह लगने लगा कि वे शासन करने के लिए ही पैदा हुए हैं। गुजरते वक्त के साथ, इस मानसिकता ने संस्थाओं को खोखला कर दिया और पीढ़ियों को राजनीतिक विशेषाधिकार को जन्मसिद्ध अधिकार मानने के लिए प्रेरित किया। इस धारणा को अब योग्यता, जवाबदेही और प्रदर्शन पर आधारित नई राजनीतिक नैतिकता द्वारा चुनौती दी जा रही है। हाल ही में इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित “वन नेशन, ए फ्यू फैमिलीज” शीर्षक लेख में भारत में वंशवादी राजनीति के जारी रहने को लेकर एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया गया है। यह लेख जिस मुद्दे को उजागर करता है वह वास्तविक तो है, लेकिन उसकी व्याख्या अधूरी है। वंशवाद भाजपा समेत सभी दलों में मौजूद है। फिर भी, भाजपा की एक खासियत यह है कि वहां पारिवारिक पृष्ठभूमि अपने-आप नेतृत्व में तब्दील नहीं होती। यह एक ऐसी पार्टी है जहां अवसर अर्जित करना जरूरी होता है और जहां किसी व्यक्ति का उत्थान उसके काम, प्रतिबद्धता एवं जनता के विश्वास पर निर्भर करता है, न कि वंश पर। भाजपा में, एक पारिवारिक पहचान एक दरवाजा तो खोल सकता है, लेकिन उस दरवाजे को हमेशा के लिए खुला नहीं रख सकता।

यह एक मौलिक अंतर है। राजनीतिक रिश्तेदारी अपने आप में कोई समस्या नहीं है। लेकिन वंशानुगत नियंत्रण एक समस्या है। जब नेतृत्व एक ही परिवार की मिल्कियत बन जाए, जब आंतरिक बहस की जगह रक्त संबंधों के प्रति निष्ठा ले ले, तो लोकतंत्र मुरझा जाता है। राजनीतिक संस्कृतियों के बीच का यह अंतर काफी गहरा है। वर्ष 2000 से, भारतीय जनता पार्टी के आठ राष्ट्रीय अध्यक्ष हुए हैं- बंगारू लक्ष्मण, जना कृष्णमूर्ति, वेंकैया नायडू, लालकृष्ण आडवाणी, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अमित शाह और जे.पी. नड्डा। ये सभी अलग-अलग क्षेत्रों एवं पृष्ठभूमि से आए हैं और इनमें से प्रत्येक संगठनात्मक कार्य के अनुशासन के रास्ते आगे बढ़े हैं। इसी अवधि के दौरान, कांग्रेस के मात्र तीन अध्यक्ष ही हुए हैं, जिनमें से दो गांधी परिवार से हैं। सोनिया गांधी उन्नीस वर्षों तक इस पद पर रहीं और आज भी पार्टी में इस परिवार का निर्णय ही अंतिम होता है।

आकस्मिक रिश्तेदारी और संस्थागत कब्जे के बीच अंतर किए बिना ही, प्रकाशित विश्लेषण राजनीति में रिश्तेदारों वाले विधायकों की संख्या की गिनती करता है। भाजपा के 2,078 विधायकों में से 84 राजनीतिक परिवारों से आते हैं, जो लगभग चार प्रतिशत है। कांग्रेस के 857 विधायक हैं, जिनमें से 73 वंशवादी हैं, जो लगभग नौ प्रतिशत है। आनुपातिक रूप से मापने पर, कांग्रेस का वंशवादी घनत्व दोगुना है। फिर भी, इस लेख में संख्याओं की गिनती का हवाला देकर एक झूठी समरूपता गढ़ी गई है। कांग्रेस से परे भी, सत्ता का एक परिवार विशेष के हाथों में केंद्रित होना ही कई क्षेत्रीय दलों की पहचान है। समाजवादी पार्टी की बागडोर मुलायम सिंह यादव से निकलकर अखिलेश यादव के पास चली गई। राष्ट्रीय जनता दल यादव परिवार के ही अधीन है। द्रमुक की लगाम एम. करुणानिधि से एम. के. स्टालिन और अब उदयनिधि स्टालिन के पास चली गई। तृणमूल



कांग्रेस ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक के इर्द-गिर्द ही घूमती है। झारखंड मुक्ति मोर्चा पर सोरेन परिवार का नियंत्रण बना हुआ है। ये बहुलवादी नेतृत्व के नहीं, बल्कि विरासत में मिले नेतृत्व के उदाहरण हैं। परिवार को हटा दिया जाए, तो पार्टी ढह ही जाए। इस बात को समझने के लिए कि भाजपा अलग तरह से क्यों काम करती है, हमें इसके संस्थागत ढांचे पर गौर करना होगा। भाजपा का संगठन स्तरीकृत, सामूहिक और लक्ष्य-उन्मुख है। वहां कार्यकर्ताओं को बहुत जल्दी ही पहचान लिया जाता है और उन्हें व्यवस्थित कार्यक्रमों के जरिए प्रशिक्षित किया जाता है और बूथ, मंडल, जिला और राज्य स्तर पर जिम्मेदारी देकर परखा जाता है। प्रत्येक चरण में किया गया प्रदर्शन अगले अवसर का निर्धारण करता है। चुनाव जीते जाने वाली प्रतियोगिताएं होती हैं, लेकिन ये संगठन की लामबंदी, लोगों को समझाने और परिणाम देने की क्षमता का भी लेखा-जोखा होती हैं। यह संरचना एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करती है जिसमें सेवा, अनुशासन और परिणाम ही आगे बढ़ने के पैमाने हैं। नेतृत्व की पाइपलाइन की भी यही कहानी है। वर्ष 2014 से पार्टी ने पहली पीढ़ी के वैसे नेताओं को आगे बढ़ाया है जो भारत की सामाजिक गतिशीलता को दर्शाते हैं। छत्तीसगढ़ के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णु देव साईं ने निरंतर जमीनी स्तर पर काम करके अपना करियर बनाया। ओडिशा में मोहन माझी ने मुख्यमंत्री पद का दायित्व मिलने से पहले संगठन और विधानमंडल में वर्षों बिताए। हरियाणा में नायब सिंह सैनी एक साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं और राजस्थान में भजन लाल शर्मा वर्षों तक निर्वाचन क्षेत्र में काम करके और पार्टी की जिम्मेदारी निभाकर आगे बढ़े। इनमें से किसी को भी राजनीतिक पद विरासत में नहीं मिला। इनमें से प्रत्येक इस बात के उत्कृष्ट उदाहरण हैं कि एक योग्यता-आधारित पार्टी में नेतृत्व कैसे अर्जित किया जा सकता है। भाजपा का संसदीय और सरकार में रहने का अनुभव भी पहुंच और प्रभुत्व के बीच के अंतर को दर्शाता है। कई युवा नेताओं को दृश्यता और जिम्मेदारी दी जाती है, लेकिन उनका मूल्यांकन उनके काम के आधार पर किया जाता है। मंत्रियों का मूल्यांकन परिणामों, सुधारों और जन संवाद के आधार पर किया जाता है। पार्टी के पद समयबद्ध और प्रदर्शन से जुड़े होते हैं। इससे त्रुटि या महत्वाकांक्षा समाप्त नहीं होती और न ही कोई भी संस्था ऐसा कर सकती है। लेकिन यह कवायद ऐसे प्रोत्साहन पैदा करती है, जो वंशावली की तुलना में योग्यता को प्राथमिकता देते हैं। इतिहास को स्वीकार करना जरूरी होता है। कांग्रेस ने राष्ट्रीय कल्पना में राजनीतिक विरासत को आम बात बना दिया। वाईएसआर कांग्रेस और बीआरएस से लेकर तृणमूल तक, कई क्षेत्रीय वंशवादी संगठन कांग्रेस की ही शाखाएं हैं और उन्होंने उसके वंशानुगत ढांचे की नकल की है।

दशकों से इस संस्कृति ने राजनीतिक दलों को ऐसे पारिवारिक उद्यमों में बदल दिया है, जहां विचारधारा की जगह निष्ठा ने ले ली और नेतृत्व के विकास की जगह उत्तराधिकार के नियोजन ने ले ली। यह मॉडल कुछ समय तक चुनावी सफलता तो दिला सकता है, लेकिन यह शायद ही कभी टिकाऊ संस्थाओं या सक्षम नेताओं की एक व्यापक श्रृंखला का निर्माण कर पाता है। भाजपा उन चंद पार्टियों में से एक है जहां नेतृत्व विरासत में नहीं मिलता, केवल अर्जित किया जाता है। इस मायने में, भाजपा एक अनूठी पार्टी है। इसलिए नहीं कि वह पूर्णता का दावा करती है, बल्कि इसलिए कि उसने एक ऐसी संस्कृति विकसित की है जो नेतृत्व अर्जित करने पर जोर देती है। भारत के सार्वजनिक जीवन में यही वह खूबी है जिसे बनाए रखना जरूरी है, क्योंकि यह सत्ता को जवाबदेही से और महत्वाकांक्षा को सेवा से जोड़ती है।

(लेखक केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।


विचार
आदर्श सिंह

# बाल विवाह के खात्मे व सतत विकास लक्ष्यों के करीब भारत

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान दुनियाभर से जुटे बाल अधिकार कार्यकर्ताओं ने बाल विवाह के खात्मे की धीमी रफ्तार के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को हासिल करने में हो रही देरी पर चिंता जताई। संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत विकास लक्ष्य 5.3 में बच्चों को नुकसान पहुंचाने वाली सभी प्रथाओं जैसे बाल विवाह व महिलाओं के जननांगों को विकृत करने की कुरीति पर 2030 तक पूरी तरह रोक लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस पर 193 देशों ने दस्तखत किए हैं। बाल विवाह का खात्मा सतत विकास लक्ष्य 3 (अच्छा स्वास्थ्य व सेहत) और सतत विकास लक्ष्य 4 (गुणवत्तापूर्ण शिक्षा) को हासिल करने की भी बुनियादी शर्त है। इसके पीछे कारण यह है कि कम उम्र में बाल विवाह के नतीजे में कम उम्र में मां बनने से जच्चा-बच्चा दोनों की जान को खतरा तो होता ही है, दोनों के कुपोषित होने का खतरा भी रहता है। साथ ही, बाल विवाह का एक दुष्परिणाम यह होता कि शादी के बाद 10 में से सिर्फ दो लड़कियां ही पढ़ाई जारी रख पाती हैं। यानी यह बच्चियों की शिक्षा व पढ़-लिख कर अपने पांव पर खड़े होने की संभावनाएं ही समाप्त कर देता है जो सीधे-सीधे सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में सबसे बड़ी रुकावट है। भारत उन देशों में शुमार है जहां बाल विवाह की समस्या हमेशा से विकराल रही है और इसी वजह से माना जा रहा था कि भारत के लिए इन सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करना मुश्किल है। इसकी वजह हैं निराशाजनक आंकड़े। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे -5 (2019-21) के अनुसार देश में 20 से 24 आयुवर्ग की 23.3 प्रतिशत लड़कियों का विवाह उनके 18 साल की होने से पहले यानी कानूनी रूप से शादी की वैध उम्र से पहले ही हो गया था। सुशिक्षित लोगों का प्रदेश माना जाने वाला पश्चिम बंगाल इस मामले में शीर्ष पर है जहां बाल विवाह की दर 41.6 प्रतिशत है। इसके बाद बिहार (40.8), त्रिपुरा (40.1), झारखंड (32.2) और असम (31.8) आते हैं। देश में बाल विवाह की सबसे ऊंची दर वाले दस जिलों में तीन पश्चिम बंगाल के और पांच बिहार के हैं। इन सभी जिलों में बाल विवाह की दर 50 प्रतिशत से ज्यादा है। पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले में बाल विवाह की दर 57.6 प्रतिशत है जबकि बिहार के लखीसराय और सुपौल में यह 56.1 और 55.9 प्रतिशत है। देश के 15 जिलों में बाल विवाह की दर 50 प्रतिशत से ज्यादा जबकि 45 जिलों में 40 प्रतिशत से ज्यादा है। बाल विवाह से पीड़ित दुनिया की एक तिहाई लड़कियां अकेले भारत में है। लेकिन सितंबर 2025 में जारी एक रिपोर्ट ‘टिपिंग प्वाइंट टू जीरो : एविडेंस टूवार्ड्स ए चाइल्ड मैरेज फ्री इंडिया’ के अनुसार देश में लड़कियों की बाल विवाह की दर में 69 प्रतिशत जबकि लड़कों के बाल विवाह की दर में 72 प्रतिशत की गिरावट आई है। जाहिर है कि ये आंकड़े अप्रत्याशित हैं। लेकिन बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी ज्यादा नागरिक संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के सहयोगी संगठन इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की पहल पर सेंटर फॉर लीगल एक्शन एंड बिहैवियरल चेंज फॉर चिल्ड्रेन (सी-लैब) की ओर से तैयार की गई इस सर्वे रिपोर्ट में बाल विवाह के आंकड़ों के बजाय इसमें गिरावट के कारणों को समझना कहीं अहम होगा। देश के पांच राज्यों के 757 गांवों से जुटाए गए इन आंकड़ों के अनुसार बाल विवाह की रोकथाम के लिए गिरफ्तारियों और एफआईआर जैसे कानूनी उपाय सबसे कारगर साबित हुए हैं। इसी का नतीजा है कि लड़कियों के बाल विवाह के खिलाफ सबसे बड़ी गिरावट असम में देखने को मिली जहां राज्य सरकार ने बाल विवाह के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान छेड़ रखा है। बिहार व महाराष्ट्र में लड़कियों के बाल विवाह की दर में 70 प्रतिशत जबकि राजस्थान में 66 प्रतिशत की कमी आई है और इन राज्यों में सर्वे में शामिल लोगों ने श्रेय जागरूकता अभियानों और प्रोत्साहन उपायों को दिया। हालांकि किसी निष्कर्ष पर अगले राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे या जनगणना के आंकड़ों से ही पहुंचना संभव होगा, लेकिन माना जा रहा है कि फिलहाल देश में बाल विवाह की दर घटकर 15 प्रतिशत के आसपास आ चुकी है। यह बाल विवाह की रोकथाम के लिए एक लंबी लड़ाई का नतीजा है जिसमें पहली बार सरकार, न्यायपालिका और नागरिक समाज एक साथ आए और समन्वित प्रयासों को अंजाम दिया। कानून पर सख्ती से अमल किया गया। वह दिन दूर नहीं, जब भारत जल्दी ही इस लड़ाई में ‘टिपिंग प्वाइंट’ यानी वह मुकाम जहां से समस्या अपने आप खत्म होने लगती है, तक पहुंच जाएगा जो हमें सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के करीब पहुंचाएंगे।

( लेखक बाल अधिकारों की मुहिम से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है



संकलित
## दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी पारिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नही है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।


# तुलसीदास जी द्वारा ब्राह्मण को जीवन दान



संकलित
## प्रेरणा

भक्तमाल में वर्णन है कि एक ब्राह्मण था, परंतु कुछ विद्वान बताते है कि वह ब्राह्मण नहीं, एक भुलई नाम का कलवार था जो भक्ति पथ और गोस्वामी जी की निन्दा किया करता था। उसकी मृत्यु हो गई, उसकी पत्नी उसके साथ सती होने के लिए जा रही थी। गोस्वामी तुलसीदास जी अपनी कुटी के द्वार पर बैठे हुए भजन कर रहे थे। उस ब्राह्मण की स्त्री ने उन्हें दूर से ही देखा तो फिर श्री चरणों में आकर इन्हें प्रणाम किया। तुलसीदास जी ने उसे आशीर्वाद देते हुए कहा कि सौभाग्यवती होओ। उस स्त्री ने कहा कि मेरे पति का देहांत हो गया है और मैं सती होने के लिए श्मशान घाट पर जा रही हूँ। तब इस आशीर्वाद का क्या अर्थ होगा? गोस्वामीजी ने कहा कि अब तो मेरे मुख से आशीर्वाद निकल चूका है, यदि तुम और तुम्हारे परिवार के लोग भगवान श्रीराम का भजन करें तो मै तुम्हारे मृत पति को जीवित कर दूँगा। यदि काल सत्य है, तो मेरे प्रभु काल के भी काल है, यह बात भी तो सत्य है। उस स्त्री ने अपने सभी कुटुम्बियों को बुलाकर कहा कि यदि आप लोग सच्चे हृदय से श्रीराम भक्ति करने की दृढ़ प्रतिज्ञा करे तो मेरे यह मृत पति जीवित हो जायेंगे। सभी ने गोस्वामीजी की बात को स्वीकार करते हुए श्रीराम नाम का संकीर्तन प्रारंभ किया। तब गोस्वामी जी ने उसे सुंदर भक्तिमय जीवन दान दिया। श्री राम की कृपा से उस ब्राह्मण को जीवन दान मिल गया और इससे प्रभावित होकर उसके परिवार के लोग भगवद्भक्त हो गए।

## सटाका




## आज की पाती

### सोने की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित किया जाए

भारतवर्ष कभी सोने की चिड़िया थी और भारत था भी सर्वाधिक सम्पन्न देश। टनों के हिसाब से सोना मंदिरों और पूजा-स्थलों में भरा था। आततायियों ने मंदिरों को तहस नहस कर अपने देशों को समृद्ध बनाया। ऐसा वे बार बार करते रहे और भारत के सोने के भंडार खाली नहीं होते थे। आजकल सोना इतना महंगा हो गया कि गरीब बेटी के हाथ पीले करने के बारे में सोच भी नहीं सकता, और गरीब की पहुंच से परे पीली धातु का होना एक अभिशाप बन गया। कारण चाहे कुछ भी हो, सोने के दाम एक लाख रुपए ऊपर चले जाना बड़ी एवं दु:खद बात है। एक बात स्पष्ट है कि एक विशाल सम्पन्न देश इसकी बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने में विफल है या नियंत्रण लगाना ही नहीं चाहता। इस पर नियंत्रण होना चाहिए।

*- परेश जैन, दुर्ग*

## ट्रेंड

### उर्वरकों पर सब्सिडी



हम किसान भाई-बहनों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में हमारी सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए रबी सीजन के लिए फॉस्फोरस और पोटाश उर्वरकों पर सब्सिडी को मंजूरी दी है। इससे उनकी कमाई भी बढ़ेगी।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### चुनाव आयोग निष्पक्ष



चुनाव आयोग निष्पक्ष रूप से काम कर रहा है और वह एक स्वायत्त संस्था है। निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर प्रक्रिया शुरू की गई परन्तु चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर भी कांग्रेस और आरजेडी ने आरोप लगा दिए।

**- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### जीव-जंतुओं का संरक्षण



मां नर्मदा जी का आशीर्वाद पूरे प्रदेश को मिल रहा है...प्रदेश सरकार जीव-जंतुओं के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के लिए सतत कार्य कर रही है। इसी क्रम में हाल ही में चंबल नदी में घड़ियालों का पुनर्वास किया गया था, कल जीवनदायिनी नर्मदा नदी में मगरमच्छ छोड़े जाएंगे।

**- डॉ. मोहन यादव, सीएम, मप्र**

### अफसरशाही से मुक्ति



देश में 75 साल में ऐसा सिस्टम बन गया कि एक भी सरकारी काम बिना रिश्वत या बिना चक्कर काटे नहीं होता। अब पंजाब में लोगों को अफसरशाही से मुक्ति मिलेगी, सिर्फ एक कॉल पर सुविधाएं घर बैठे मिलेंगी।

**- अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

## करंट अफेयर

# चीन ने भारी बर्फबारी से एवरेस्ट चोटी पर किया पर्वतारोहण बंद

चीन के स्थानीय अधिकारियों ने भारी बर्फबारी और बर्फीली परिस्थितियों के कारण तिब्बत क्षेत्र में स्थित एक लोकप्रिय पर्वतारोहण स्थल को बंद कर दिया जो दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी ‘एवरेस्ट’ तक जाने वाले मार्ग में है। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पर्यटन अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को जारी एक घोषणा के अनुसार, डिंगरी काउंटी में झूफेंग चोटी (जो एवरेस्ट चोटी के चीनी हिस्से के पास स्थित है) तक पर्वतारोहण को अगली सूचना तक बंद कर दिया गया है। इससे पहले अक्टूबर में, चीन के राष्ट्रीय अवकाश, जो पर्यटन का मौसम होता है, के दौरान आए भारी बर्फीले तूफान के बाद सैकड़ों पर्वतारोही कई दिनों तक एवरेस्ट पर फंसे रहे। स्थानीय मौसम पूर्वानुमान में बुधवार तक बर्फबारी और बर्फीली परिस्थितियों का अनुमान लगाया गया था, जो ऊंचाई पर रहने वाले पर्यटकों के लिए खतरा बन सकता है। हल्की बर्फबारी भी रास्तों और सड़कों की स्थिति को बाधित कर सकती है। कुछ समय पहले बचावकर्मियों ने 16,000 फुट की ऊंचाई पर फंसे 880 लोगों की मदद की थी। स्थानीय मीडिया के अनुसार, इनमें 580 पर्वतारोही, 300 गाइड और अन्य कर्मचारी शामिल थे। उस समय भी डिंगरी के अधिकारियों ने झूफेंग पर्यटन क्षेत्र को अस्थायी रूप से बंद कर दिया था।



## ऑफ बीट

# कभी हम दो हिस्सों में सोते थे अब लेते हैं आठ घंटे की नींद

आधुनिक युग में एक बार में आठ घंटे की लगातार नींद लेना आम बात है लेकिन यह कोई पुरानी बात नहीं है। कई लोग रात में तीन बजे अचानक जाग जाते हैं और सोचते हैं कि कुछ गलत तो नहीं। वास्तव में, यह बहुत मानवीय अनुभव है। मानव इतिहास के अधिकांश हिस्से में लोग एक बार में नहीं, बल्कि दो खंडों में सोते थे जिन्हें पहली नींद और दूसरी नींद कहा जाता था। प्रत्येक नींद कई घंटों की होती थी और इनके बीच में लगभग एक घंटे या उससे अधिक का जागरण काल रहता था। यूरोप, अफ्रीका, एशिया सहित विभिन्न क्षेत्रों के ऐतिहासिक अभिलेख बताते हैं कि लोग सूर्यास्त के तुरंत बाद सो जाते थे, आधी रात के आसपास कुछ देर के लिए जागते थे और फिर भोर तक दूसरी नींद लेते थे। रात को दो भागों में बाँटने से लोगों के लिए समय का अनुभव भी बदल जाता था। यह मध्यांतर रात्रि को एक स्पष्ट मध्य बिंदु देता था, जिससे सर्दी की रातों का समय कम भारी और अधिक व्यवस्थित महसूस होता था। बीच के समय में लोग छोटे-मोटे काम करते थे- जैसे आग सुलगाना या पशुओं को देखना। कई दंपति इस समय का उपयोग निजी क्षणों के लिए करते थे। प्राचीन यूनानी कवि होमर और रोमन कवि विरगिल तक के साहित्य में “पहली नींद के अंत का समय” जैसे उल्लेख मिलते हैं।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# 'उनके हिस्से का प्रेम' में रिश्तों की विडंबना तो 'गरीबनवाज' में दिखा उद्यमी का संघर्ष

## रबीन्द्र भवन में संभव आर्ट ग्रुप ने किया संतोष चौबे की कहानियों का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कथाकार संतोष चौबे की दो कहानियों 'उनके हिस्से का प्रेम' और 'गरीबनवाज' का मंचन प्रख्यात नाट्य निर्देशक देवेन्द्र राज अंकुर के निर्देशन में बुधवार को रबीन्द्र भवन में किया गया। यह मंचन वनमाली सृजन पीठ, आईसेक्ट पब्लिकेशन, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित हुआ, जिसमें संभव आर्ट ग्रुप, दिल्ली के कलाकारों ने प्रस्तुति दी।


नाटक में अपने कुशल अभिनय की प्रस्तुति देते कलाकार।


जब कलाकारों ने मंच पर अपनी प्रस्तुति दी तो दर्शकों की उन्हें खूब सराहना मिली।

### मेज, कलम, शीशा, कुर्सी, डायरी के माध्यम से जाहिर होते प्रेम संबंध

इसमें पहली कहानी 'उनके हिस्से का प्रेम' रही जिसमें एक संस्थान के बॉस के प्रेम संबंधों को लेकर उसके ऑफिस में स्थित उसकी मेज, कलम, शीशा, कुर्सी, डायरी के माध्यम से उसके प्रेम संबंधों को हमारे सामने लाने की नायाब कोशिश की गई है। यह सारे उपकरण दिखने में तो वस्तु है, लेकिन जिस तरह से वे अपने बॉस के आधे अधूरे प्रेम संबंधों की जांच पड़ताल करते हैं वह देखते ही बनता है।

### ऑफिस के पड़ोस में खुलती है गरीबनवाज चिकन शॉप

दूसरी कहानी गरीब नवाज उद्यमी विश्वमोहन की कहानी है, जिसने देश में पढ़ने के बाद अपने कॅरियर की शुरूआत अमेरिका की बड़ी कंपनी में की। शाकाहारी विश्वमोहन अमेरिका से वापस लौटकर भारत में एक बीपीओ कंपनी बनाता है। शहर में एक सुंदर और भव्य ऑफिस का निर्माण करता है। जल्द ही उसकी गिनती सफल प्रोफेशनल्स में होने लगती है। कुछ दिन बाद ही एक आदमी उसके इस शानदार ऑफिस के पड़ोस में गरीबनवाज चिकन शॉप नाम से गुमटी खोल देता है और यहां से शुरू होती है विश्वमोहन के संघर्ष की कहानी।


नाटक गरीब नवाज की प्रस्तुति देते कलाकार।


संघर्ष की कहानी बयां करते कलाकार।

### गुमठी खुलते ही बढ़ा संघर्ष

अब रोज-रोज चिकन कटते देखना काफी मुश्किलों भरा होता है। उसके बाद एक और व्यक्ति चाय और समोसे की गुमठी खोल लेता है तो यह संघर्ष और भी बढ़ जाता हैं। गरीबनवाज एक यथार्थवादी कहानी है। इसके अपने सामाजिक सरोकार हैं। इसमें श्रमजीवी पक्ष और वर्चस्ववादी पक्ष का यथार्थवादी द्वंद है।

---

## खबर संक्षेप

### रंगकुटी थिएटर सोसाइटी का नुक्कड़ नाटक आज

**भोपाल।** रंगकुटी थिएटर सोसाइटी द्वारा आज दोपहर 4 बजे साइबर क्राइम से सुरक्षा पर एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया जाएगा। न्यू मार्केट टॉप एंड टाउन के सामने मंचित इस 30 मिनट की नाट्य प्रस्तुति में कई पुलिस अधिकारी शामिल होंगे साथ ही नाटक में प्रस्तुति किसी व्यवसायिक कलाकारों द्वारा नहीं बल्कि बीएसएनएल के अधिकारियों के द्वारा की जाएगी।

### प्रधान जी के बाद अब हाजिर हैं चाचा जी


पूर्व में दी गई प्रस्तुति का चित्र।

**भोपाल ।** मशहूर अभिनेता, संगीतकार और थिएटर कलाकार रघुवीर यादव एक बार फिर रंगमंच के अपने पहले प्रेम की ओर लौट आए हैं। फणीश्वर नाथ रेणु की कालजयी कहानी पर आधारित उनका नया नाटक 'मारे गए गुलफाम' अब भोपाल में मंचित होने जा रहा है। इस संगीतप्रधान नाटक का आयोजन 31 अक्टूबर को रवींद्र भवन के हंस ध्वनि सभागार में होगा। इसे मनोज कुकरेजा की संस्था कुक स्पीक्स पेश करने जा रही है। करीब दो घंटे की इस प्रस्तुति में 25 से अधिक कलाकार रघुवीर यादव के साथ मंच साझा करेंगे।

### 3,51,111 दीपों से रोशन होगा रामचंद्र गमन पथ

**भोपाल।** श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास म प्र शासन द्वारा देव प्रबोधिनी एकादशी के पावन अवसर पर 1 नवंबर, विक्रम संवत 2082, कार्तिक शुक्ल एकादशी पर सायं-6.30 बजे से दीपोत्सव पर्व का आयोजन किया जा रहा है। न्यास के सीईओ एनपी नामदेव ने बताया कि राम पथ गमन के पवित्र 9 स्थलों पर 3,51,111 दीपों से श्रीरामचंद्र, माता सीता, मां नर्मदा, मां मंदाकिनी की दीप आराधना की जाएगी। साथ ही भक्ति संगीत संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। न्यास द्वारा यह आयोजन राम पथ गमन के चिह्नांकित जिलों में किया जा रहा है। समस्त जिलों में यह आयोजन जिला प्रशासन के सहयोग से संयोजित किया जाएगा।

### 67वां आकाशवाणी संगीत सम्मेलन 15 को

**भोपाल।** आकाशवाणी भोपाल द्वारा 67वां आकाशवाणी संगीत सम्मेलन के अंतर्गत एक भव्य संगीतमय संध्या का आयोजन शनिवार, 15 नवंबर को शाम 6.30 बजे से समन्वय भवन में किया जा रहा है। इस अवसर पर वायलिन वादक पंडित संतोष नाहर जो सेनिया घराने से संबंध रखते हैं। उन्होंने महान संगीतज्ञ उस्ताद विलायत खां से दीर्घकालीन प्रशिक्षण प्राप्त किया और वायलिन पर गायकी अंग की ऐसी विशिष्ट शैली विकसित की जिसमें ध्रुपद और खयाल की परंपराओं का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है तथा डॉ. दीपाली वात्तल एक सुप्रसिद्ध गजल गायिका हैं, जो अपनी भावपूर्ण गायकीके लिए जानी जाती हैं। दोनों कलाकार इस अवसर पर अपनी संगीतमयी प्रस्तुति देंगे।

---

### राज्य स्तरीय बाल रंग लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

# बाल रंग में महाकौशल के अहीर मालवा के गणगौर नृत्य की धूम

कला, संस्कृति और भारतीय ज्ञान परंपरा की विरासत संजोते आयोजित कार्यक्रम बालरंग में बुधवार को स्कूली छात्राओं ने कई प्रस्तुतियां दीं।


काली नृत्य प्रस्तुत करती एक छात्रा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों में कला, संस्कृति और भारतीय ज्ञान परंपरा की विरासत को संजोने के उद्देश्य से वर्ष 1995 से बाल रंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को सुभाष स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रदेश के नौ संभागों से कुल 180 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।


नर्मदापुरम संभाग की टीम ने गोंड जनजाति के प्रसिद्ध 'करमा नृत्य' की मनमोहक प्रस्तुति देते हुए।

### भोपाल ने दी बधाई नृत्य तो नर्मदापुरम ने दी कर्मा नृत्य प्रस्तुति

कार्यक्रम की प्रथम प्रस्तुति भोपाल संभाग की रही, जिसमें 'बधाई नृत्य' प्रस्तुत किया गया। यह नृत्य भारत में शुभ संस्कारों एवं मांगलिक अवसरों पर किया जाता है। इसके पश्चात नर्मदापुरम संभाग की टीम ने गोंड जनजाति के प्रसिद्ध 'करमा नृत्य' की मनमोहक प्रस्तुति दी, जो गोंड समाज के उल्लास पर्व को दर्शाता है।


देवी आराधना पर 'लांगुरिया नृत्य' की प्रस्तुति।

### ग्वालियर संभाग ने किया लांगुरिया तो रीवा ने दी राई नृत्य प्रस्तुति

रीवा संभाग की टीम ने बुंदेलखंड का 'राई नृत्य' प्रस्तुत किया। होली के अवसर पर किया जाने वाला यह नृत्य बुंदेलखंड की उत्सवप्रियता और उल्लास का प्रतीक है। ग्वालियर संभाग की टीम ने देवी आराधना पर आधारित 'लांगुरिया नृत्य' की प्रस्तुति दी, जो चैत्र माह में देवी उपासना के रूप में बुंदेलखंड क्षेत्र में प्रचलित है। सागर संभाग की प्रस्तुति में मध्य प्रदेश की आदिवासी परंपरा का 'मुनिया नृत्य' रहा, जो दीपावली पर्व पर किया जाता है।


अहीर नृत्य के दौरान कृष्ण रूप में एक छात्रा।


कार्यक्रम में अहीर नृत्य की प्रस्तुति देते स्कूली छात्र-छात्राएं।


भोपाल संभाग की छात्राएं बधाई नृत्य प्रस्तुत करते हुए।

---


पत्रकार वार्ता में आयोजन की जानकारी देते मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी व अन्य।

## लाल परेड ग्राउंड में 1 से 3 नवंबर तक होगा मप्र का स्थापना दिवस समारोह 'अभ्युदय मध्यप्रदेश'

प्रसिद्ध गायक जुबिन नौटियाल, हंसराज रघुवंशी और स्नेहा शंकर देंगे प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश का 70वां स्थापना दिवस समारोह 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' का आयोजन 1 से 3 नवम्बर तक लाल परेड ग्राउंड में होगा। प्रदेश की सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक यात्रा के उत्सव रुप में यह आयोजन उद्योग एवं रोजगार वर्ष की थीम पर केंद्रित होगा, जो राज्य के निरंतर विकास, सांस्कृतिक समृद्धि और जनभागीदारी की भावना को दर्शाता है। यह जानकारी संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में संस्कृति, पर्यटन एवं धर्मस्व राज्य मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने दी।

### समारोह की प्रमुख गतिविधियां

- मुख्य समारोह प्रतिदिन सायं 6:30 बजे से शुरू होगा। पहले दिन समारोह का शुभारंभ 2000 ड्रोन के भव्य शो से होगा, जो विरासत से विकास को आकर्षक आकृतियों के माध्यम से प्रदर्शित करेगा। इसके बाद 500 से अधिक कलाकारों की विश्ववंद - श्रीकृष्ण की सांगीतिक यात्रा की समवेत प्रस्तुति होगी। अंत में, सुप्रसिद्ध पार्श्वगायक जुबिन नौटियाल एवं ग्रुप, मुम्बई द्वारा सुगम संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान भव्य आतिशबाजी भी की जाएगी।
- समारोह के दूसरे दिन 2 नवम्बर को उज्जैन की संस्था विशाला सांस्कृतिक समिति द्वारा महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का मंचन किया जाएगा, जो हमारे प्रदेश के इतिहास और सुशासन की गाथा को जीवंत करेगा। इसके पश्चात, सुप्रसिद्ध गायक हंसराज रघुवंशी, चंडीगढ़ अपनी सुगम संगीत प्रस्तुति देंगे।
- समारोह के तीसरे और अंतिम दिन 3 नवम्बर को जन सामान्य की मांग पर महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का पुनः मंचन किया जाएगा। समारोह का समापन सुप्रसिद्ध गायिका स्नेहा शंकर, मुम्बई की सुगम संगीत प्रस्तुति से होगा।

---

## कैंडल लाइट का भोपाल में भव्य आगमन: ताज लेकफ्रंट पर एक यादगार शाम संगीत के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के लोगों का इंतजार आखिरकार खत्म हुआ। 1 नवंबर को, लाइव यूअर सिटी द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध कैंडल लाइट सीरीज झीलों की नगरी में अपना भव्य आगाज करने जा रही है। यह एक ऐतिहासिक पल है क्योंकि यह विश्व प्रसिद्ध संगीत कार्यक्रम अब भारत के बड़े महानगरों से आगे बढ़कर मध्य प्रदेश के दिल में पहुंच रहा है। इस खास शाम को और भी रोमांचक बनाने के लिए खूबसूरत ताज लेकफ्रंट में दो शानदार ट्रिब्यूट कॉन्सर्ट एक के बाद एक आयोजित किए जाएंगे, जो पूरे स्थल को मोमबत्तियों की रोशनी में संगीत की एक अद्भुत दुनिया में बदल देंगे। यह आयोजन न केवल भोपाल के दर्शकों को एक वैश्विक अनुभव से रूबरू कराएगा, बल्कि शहर की समृद्ध संगीत और सांस्कृतिक विरासत का भी जश्न मनाएगा।


ताज लेकफ्रंट पर होने वाले आयोजन की ऐसी तैयारियां की गई हैं।

### दो महान संगीतकारों को समर्पित होगी शाम

यह कार्यक्रम एक ही शाम में सिनेमा के दो महान संगीतकारों को समर्पित है। शाम की शुरूआत कैंडललाइट: ट्रिब्यूट टू आर.डी. बर्मन से होगी, जिसमें उन अमर धुनों को प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद, कैंडललाइट: ट्रिब्यूट टू ए.आर. रहमान में संगीत के इस महान उस्ताद की अनोखी रचनाओं की यात्रा होगी। सूफी संगीत की क्लासिक धुनों से आधुनिक भारतीय संगीत को नई दिशा देने वाले गीतों तक। ताज लेकफ्रंट की भव्य वास्तुकला इस संगीत अनुभव को और भी खास बना देगी, जहां हर सुर अलग तरह से गूंजेगा और हर पल बेहद करीबी और सामूहिक रूप से यादगार महसूस होगा।


सेमिनार को संबोधित करते मुख्य वक्ता हेमराज चौहान।

### आईईएचई में साइबर सुरक्षा विषय पर सेमिनार का आयोजन

**भोपाल ।** उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में बुधवार को विवि अनुदान आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका प्रमुख उद्देश्य साइबर स्वच्छता, डिजिटल सुरक्षा, जिम्मेदार ऑनलाइन आचरण और डिजिटल संपत्तियों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। मुख्य वक्ता हेमराज चौहान ने साइबर सुरक्षा संबंधी व्याख्यान में डिजीटल उपकरणों के प्रयोग में विशेष सावधानी पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने आर्थिक धोखाधड़ी व्यक्तिगत डेटा की चोरी जैसे मैसेज के साथ ही ओटीपी का मिस यूज कैसे किया जाता है, को स्पष्ट किया।

## मिस एंड मिस टिन मप्र ग्लेम एवं मिस भोपाल ग्लेम के ऑडिशन का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एन.सी.एफ.आई. द्वारा आयोजित फैशन शो मिस एण्ड मिस टिन मध्यप्रदेश ग्लेम -2025 एवं मिस भोपाल ग्लेम-2025 का ऑडिशन गुरुवार दोपहर 4 बजे से एन.सी.एफ.आई. जोन2, एम.पी.नगर, भोपाल में आयोजित किया गया। इस फैशन शो का लक्ष्य ऐसे टेलेंट को सामने लाना है जिसका व्यक्तित्व में साकारात्मक दृष्टिकोण, श्रेष्ठता और समझदारी का बेहतरीन सहयोजन देखने को मिलता है। इस प्रतियोगिता में 387 से अधिक युवाओं रजिस्टर्ड कराया। जिनमें से 127 युवाओं ने ऑडिशन दिया। दो दिन चले ऑडिशन में मिस एण्ड मिस टिन भोपाल ग्लेम के लिये 15 मॉडल का चयन व मिस मध्यप्रदेश ग्लेम के लिये 12 मॉडल का चयन किया गया। चयनित प्रतिभागियों को 15 दिन की ग्रूमिंग दी जायेगी। जिससे वह अपने स्तर पर अपने आप को निखार सकें। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, विदिशा, बैतूल के प्रतिभागियों को दिसम्बर में होने वाले फिनाले में भाग लेंगे।


प्रतियोगिता में रैंप वॉक करतीं मॉडल्स।

---

## जिसकी भरी है जेब उसने रोज मना ली, कैसे मनाएं पर्व अगर जेब हो खाली..

### रेल साहित्य परिषद की दीपावली विशेष काव्य गोष्ठी संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिसकी भरी हो जेब उसने रोज मना ली, कैसे मनाएं पर्व अगर जेब हो खाली, जैसे ही यह पंक्तियां वरिष्ठ कवि घनश्याम मैथिल अमृत ने पढ़ीं तो पश्चिम मध्य- रेल का ओबीसी सभागार तालियों से गूंज उठा। अवसर था रेल साहित्य परिषद की दीपावली विशिष्ट काव्य गोष्ठी का। कवि राजेंद्र विश्वकर्मा ने पढ़ा, घर-आंगन में दीप जल उठे देखो आई दिवाली, गांव शहर हैं खुशियां छाईं देखो आई दिवाली।


गोष्ठी में इन कवियों ने प्रस्तुत की रचनाएं।

गजलकार बी एन तिवारी ने अगर मिलते ना तुमसे से तो दिल लगाने हम कहां जाते... सुनाया। अनिल रंगोठा ने आइनों पर धूल इतनी मिला रखी है... सुनाकर श्रोताओं की खूब तालियां बंटोरीं।

### भोजपुर क्लब में साहित्यकार मधुलिका श्रीवास्तव के कहानी संग्रह अंतर्मन की गूंज का लोकार्पण सम्पन्न

## विवाह बाद नाम बदलने की बाध्यता से महिलाओं को मुक्त होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोजपुर क्लब में साहित्यकार मधुलिका श्रीवास्तव के कहानी संग्रह 'अंतर्मन की गूंज' का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार मुकेश वर्मा, निदेशक वन माली सृजन पीठ ने कहा कि कहानी लेखन में प्रेम और मर्यादा का बड़ा स्थान होता है। उन्होंने संग्रह की कहानी 'नाम क्या है' को केंद्र में रखते हुए कहा कि विवाह के बाद नाम बदलने की बाध्यता से महिलाओं को मुक्त होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि महिला लेखिकाओं को एकरूपता में बंधकर नहीं लिखना चाहिए, बल्कि अपनी विशिष्ट शैली और नए विषयों पर प्रयोग करते रहना चाहिए।


भोजपुर क्लब में कहानी संग्रह 'अंतर्मन की गूंज' का लोकार्पण करते अतिथि साहित्यकार।

### नारी की प्रगति में परिवार के सदस्यों का महत्वपूर्ण भूमिका

कार्यक्रम की अध्यक्षता बृजमोहन श्रीवास्तव ने करते हुए कहा कि हर पुरुष की प्रगति के पीछे एक नारी का हाथ होता है और नारी की प्रगति में परिवार के सभी सदस्यों का सहयोग होता है। विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष लेखिका संघ अनीता सक्सेना एवं वरिष्ठ कहानीकार डॉ. स्वाति तिवारी ने कहानी के बदलते स्वरूप पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का कुशल संचालन कीर्ति श्रीवास्तव ने किया तथा डॉ. नीता खरे ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।






## चुनाव प्रचार में वार
पलटवार का दौर तेज, निशाना साधने में कोई पीछे नहीं

# भाजपा ने महागठबंधन पर किया चौतरफा हमला और जंगलराज का किया जिक्र, राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में की अभद्र टिप्पणी

गृहमंत्री शाह ने दिया लालू-सोनिया को साफ संदेश

## सीएम और पीएम के लिए सीटें खाली नहीं राजद और कांग्रेस के घोटालों को गिनाया

एजेंसी ▶▶ पटना

गृह मंत्री अमित शाह ने दरभंगा के अलीनगर में चुनावी रैली को संबोधित किया। भाजपा प्रत्याशी मैथिली ठाकुर के लिए वोट मांगने पहुंचे शाह ने मिथिलावासियों से लोकगायिका को वोट देने की अपील की है। पीएम मोदी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न और स्वर कोकिला स्व. शारदा सिन्हा को पद्म विभूषण देकर मिथिलावासियों को सम्मान देने का काम किया।शाह ने राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लालू और सोनिया को मैं कहना चाहता हूं कि सीएम या पीएम की सीट खाली नहीं है। वहां पीएम मोदी हैं और यहां पर सीएम नीतीश कुमार हैं। मैं बताता हूं कि लालू-राबड़ी ने लैंड फॉर जॉब, बाढ़ राहत घोटला समेत कई घोटले किए। कांग्रेस पार्टी ने 2004 से 2014 तक 12 लाख करोड़ के घोटाले किए।

### पीएम मोदी ने पीएफआई वालों को जेल भेजा



शाह ने कहा कि हमारी ही सरकार ने पीएफआई वालों को जेल भेजा। मोदी सरकार ने इस देश में आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देने की परंपरा कायम की। पटना के फुलवारीशरीफ में पीएफआई वाले पहुंचे गए। कांग्रेस की सरकार में पीएफआई बना लेकिन किसी ने बैन नहीं लगा। लेकिन, पीएम मोदी ने पीएफआई पर बैन लगाया और सलाखों के पीछे भेज दिया।

मंत्री व चुनाव प्रभारी प्रधान का राहुल पर हमला

### सारी हदें पार की, बिहार की प्रगति बर्दाश्त नहीं

भाजपा के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छठ पर्व के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने सारी हदें पार कर दीं। प्रधान ने कहा कि राहुल ने जो कहा, उसकी निंदा करने के लिए कोई शब्द पर्याप्त नहीं है। राहुल को बिहार की प्रगति बर्दाश्त नहीं है।

### आरजेडी अब झूठे वादों से फिर बरगला रही: राजनाथ

दरभंगा में बिहार चुनाव 2025 को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महागठबंधन पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि आरजेडी ने सिर्फ देश में



ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में बिहार की छवि खराब की है। पूरे परिवार पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं, यहां तक कि एक पूर्व मुख्यमंत्री को जेल में सालों रहना पड़ा, क्या यह हर बिहारी के लिए शर्म की बात नहीं है? सिंह ने आरजेडी के घोषणापत्र पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनका वादा पूरी तरह अव्यावहारिक और जनता को गुमराह करने वाला है। सिंह ने जनता से अपील की कि वे तय करें, उन्हें 'विकसित बिहार' चाहिए या 'जंगलराज' की वापसी।

### अब बिहार में 'सब बा' सीएम योगी ने की डबल इंजन सरकार की तारीफ



योगी ने ओसोमा को टिकट देने पर भी आरजेडी पर निशाना साधा। योगी जो लोग अपराध से जुड़ी सोच का समर्थन करते हैं, वे बिहार को पीछे ले जाना चाहते हैं। एनडीए की सरकार ने बिहार में विकास, सुरक्षा और सम्मान की गारंटी दी है। अब बिहार में सब बा, किसी चीज की कमी नहीं। उन्होंने कहा कि बिहार कभी पहचान के संकट से जूझ रहा था, लेकिन आज डबल इंजन की एनडीए सरकार ने राज्य को नई दिशा दी है।

### राहुल पॉलिटिकल टूरिस्ट रविशंकर ने कसा तंज

लोक सभा सांसद रवि शंकर प्रसाद ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा



कि राहुल गांधी पॉलिटिकल टूरिस्ट हैं। उन्होंने कहा कि वह नॉन सीरियस पॉलिटिशन हैं। वो विपक्ष के नेता हैं अपनी क्षमता से नहीं बल्कि अपने परिवार की वजह से हैं। उन्होंने कहा कि- पीएम मोदी के नाचने वाले बयान की भर्त्सना करता हूं। उन्होंने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि जमीन के बदले नौकरी लेकर जो काम किया गया। उनके राज में जंगलराज था, जिसमें भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा, अपराध और पुलिस की कार्रवाई नहीं हो रही थी।

### कांग्रेस-इंडी गठबंधन कर रहा वोट बैंक की राजनीति


हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बिहार चुनाव को लेकर



कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन का घोषणा पत्र पूरे बिहार की जनता की आकांक्षाओं का नहीं, बल्कि केवल एक विशेष वर्ग के हितों का प्रतिनिधित्व करता है। सैनी ने कहा कि इनके घोषणा पत्र में आम नागरिक की चिंता नहीं, बल्कि वोट बैंक की राजनीति झलकती है। ये जब भी वोट मांगते हैं तो एक वर्ग विशेष वर्ग के लोगों को साधने की कोशिश करते हैं।

विपक्ष के नेता राहुल ने मुजफ्फरपुर में कहा

## वोट के लिए नाच भी सकते हैं पीएम मोदी, नीतीश का इस्तेमाल कर रहे



चुनाव की घोषणा होने के बाद पहली बार राहुल गांधी चुनावी मैदान में एक साथ नजर आएं। वे मुजफ्फरपुर के सकरा विधानसभा में जनसभा को संबोधित कर रहे। उनके साथ नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी भी मुजफ्फरपुर में पहुंचे। राहुल ने पीएम मोदी और एनडीए सरकार पर हमला बोला। राहुल ने कहा कि नीतीश कुमार के चेहरे का इस्तेमाल हो रहा है, जबकि रिमोट कंट्रोल भाजपा के हाथ में है। प्रधानमंत्री और भाजपा सामाजिक न्याय के खिलाफ हैं।बिहार में 20 साल से नीतीश जी सरकार चला रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए उन्होंने क्या किया? राहुल ने अपनी रैली में कहा कि आज की तारीख में पीएम मोदी वोटों के लिए कुछ भी कर सकते हैं। राहुल ने कहा कि उन्हें सिर्फ आपका वोट चाहिए। अगर आप कहोगे नरेंद्र मोदी जो आप ऐसा ड्रामा करो वे कर देंगे। आप कहेंगे कि हम आपको वोट देंगे आप स्टेज पर आकर नाचिए तो वो स्टेज पर आकर नाच भी देंगे।

### खेड़ा ने एनडीए का फुलफॉर्म बताया

टनाः कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि एनडीए का फुलफॉर्म है- नो



दूल्हा अवाइलेबल। मुस्लिम डिप्टी सीएम के मुद्दे पर कहा कि सबको मौका दिया जाएगा। सब कुछ तय कर लिया गया है। खेड़ा ने कहा कि हमारा नियम ही सामाजिक न्याय है।

### बिहार को नंबर वन बनाएंगे

महागठबंधन के सीएम फेस और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को समस्तीपुर



के सरायरंजन और मुजफ्फरपुर में चुनावी सभाओं में एनडीए पर तीखा हमला बोला और जनता से एक मौका देने की अपील की। उनकी सरकार बनते ही हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी, अपराधियों को जेल भेजा जाएगा।

### दम है तो अरेस्ट करो पीके का ईसी को चैलेंज

दोहरी मतदाता सूची में नाम होने के आरोप पर चुनाव आयोग के नोटिस



पर प्रशांत किशोर ने चुनौती देते हुए कहा कि अगर मैंने कोई कानून तोड़ा है तो मुझे गिरफ्तार करें। लोगों को डराने में विफल रहने के बाद उन्हें धमकाने के लिए भेजा गया है।

एडीआर की रिपोर्ट में खुलासा

### पहले चरण के चुनाव में 32 फीसदी आपराधिक छवि के प्रत्याशी शामिल



बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 6 नवंबर को वोटिंग होगी। पहले चरण में कुल 1,314 उम्मीदवार मैदान में हैं और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने 1,303 के शपथ पत्रों की जांच की। पहले चरण में लगभग 32% उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 27% पर हत्या और महिलाओं के खिलाफ अपराध हैं।

### राजद और माले में सर्वाधिक दागी

प्रमुख दलों में जन सुराज पार्टी के 114 उम्मीदवारों में से 50 (44%), बसपा के 89 उम्मीदवारों में से 18 (20%), राजद के 70 उम्मीदवारों में से 53 (76%), जेडीयू के 57 उम्मीदवारों में से 22 (39%), भाजपा के 48 उम्मीदवारों में से 31 (65%), आप के 44 उम्मीदवारों में से 12 (27%), कांग्रेस के 23 उम्मीदवारों में से 15 (65%), सीपीआई(एमएल)(एल) के 14 उम्मीदवारों में से 13 (93%), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 13 उम्मीदवारों में से 7 (54%), सीपीआई के 5 उम्मीदवारों में से 5 (100%) और सीपीआई(एम) के 3 उम्मीदवारों में से 3 (100%) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं।

## खबर संक्षेप

### कर्नाटक के विजयपुरा में भूकंप से दहशत

**विजयपुरा।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले में लगातार आ रहे भूकंपों ने




लोगों की नींद उड़ा दी है। पिछले दो महीनों में 11 झटके दर्ज किए गए हैं। मंगलवार रात 11:41 बजे के बाद बुधवार सुबह भी करीब 5:30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। लोग घरों से बाहर भागे।

### राणा को फिर मिली जान से मारने की धमकी

**मुंबई।** महाराष्ट्र की भाजपा नेता और पूर्व सांसद नवनीत राणा को



एक बार फिर से जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी स्पीड पोस्ट के जरिए आए एक पत्र में लिखकर भेजी गई है। धमकी हैदराबाद से भेजी है। नवनीत ने इसकी शिकायत अमरावती के राजापेठ पुलिस स्टेशन में की।

### केरोसिन ऑयल के गोदाम में भीषण आग

**जयपुर।** यहां के गलता गेट इलाके की कल्लन शाह कॉलोनी में



बुधवार शाम को केरोसिन ऑयल के एक गोदाम में भीषण आग लगने से इलाके में अफरातफरी मच गई। चंद मिनटों में ही पूरा गोदाम आग की लपटों से घिर गया। आसपास का इलाका धुएं से भर गया। विस्फोटों से छत का कुछ हिस्सा उड़ गया है।

### सिमडेगा में मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतरे

**रांची।** झारखंड के सिमडेगा जिले में बुधवार सुबह एक मालगाड़ी के



डिब्बे पटरी से उतर गए जिससे रेल सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह हादसा रांची डिवीजन के दक्षिण पूर्व रेलवे में कनारोआन रेलवे स्टेशन के पास सुबह करीब 10:15 बजे हुआ।

## कांग्रेस की बैठक में बांग्लादेश का राष्ट्रगान गाने का आरोप

# असम में बड़ा राजनीतिक विवाद हो गया खड़ा हिमंता सरकार ने दिए मुद्दे की जांच के आदेश

एजेंसी ▶▶ सिलचर

असम की बराक घाटी में कांग्रेस कार्यक्रम के दौरान एक गाने को लेकर बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता बिधु भूषण दास ने एक बैठक में कथित तौर बांग्लादेश का राष्ट्रगान अमर सोनार बांग्ला, आमी तोमाय भालोबाशी गीत गाया। यह घटना सोमवार को श्रीभूमि जिले के इंदिरा भवन, स्थानीय कांग्रेस कार्यालय में हुई। यहां करीमगंज (श्रीभूमि) जिला सेवा दल की कार्यकारिणी समिति की बैठक चल रही थी। सेवा दल के पूर्व जिला अध्यक्ष रह चुके हैं दास ने अपने भाषण की शुरुआत करते हुए यह गीत गाया। यह गीत नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर ने 1905 में ब्रिटिश शासन के दौरान बंगाल के प्रथम विभाजन के समय लिखा था। असम सरकार ने अधिकारियों को कांग्रेस की एक बैठक में कथित तौर पर बांग्लादेश का राष्ट्रगान गाने के मामले की जांच करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने बताया कि श्रीभूमि जिले में कांग्रेस सेवा दल की एक हालिया बैठक में कथित तौर पर बांग्लादेश का राष्ट्रगान गाया गया। हालांकि कांग्रेस ने भाजपा सरकार की आलोचना की और कहा कि सरकार गैर जरूरी विवाद पैदा करने की कोशिश कर रही है।

### कांग्रेस ने कहा- अनावश्यक विवाद पैदा करने की कोशिश हो रही

### श्रीभूमि जिला प्रशासन ने की गीत गाने की पुष्टि

जिला सेवा दल की कार्यकारिणी समिति की बैठक



श्रीभूमि जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि की और बताया कि राज्य सरकार के मंत्री कृष्णेंदु पॉल ने मामले की जांच करने के मौखिक निर्देश दिए हैं। जिसके बाद जांच की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मंगलवार को श्रीभूमि शहर में कांग्रेस जिला कार्यालय इंदिरा भवन में कांग्रेस सेवा दल की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक की शुरुआत में बांग्लादेश के राष्ट्रगान 'आमार सोनार बांग्ला' की दो लाइनें गायी गईं। नोबेल पुरस्कार विजेता भारतीय कवि रवींद्रनाथ टैगोर ने बांग्लादेश का राष्ट्रगान लिखा है।

### असम के मंत्री ने कांग्रेस को बताया दिशाहीन पार्टी

घटना के बाद यह मामला तेजी से राजनीतिक रंग लेने लगा। मंगलवार को असम के मंत्री कृष्णेंदु पॉल ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मुझे खबर मिली है कि कांग्रेस के एक नेता ने बांग्लादेश का राष्ट्रगान गाया है। कांग्रेस में कुछ भी हो सकता है। यह पार्टी पूरी तरह दिशाहीन है। उन्हें यह तक नहीं पता कि कब और क्या गाना चाहिए। पॉल ने यह भी कहा कि वह कार्यक्रम का वीडियो देखेंगे और पुलिस से जांच कराने की सिफारिश करेंगे। अगर यह सही पाया गया, तो कार्रवाई जरूरी होगी।



### कांग्रेस ने दी सफाई: भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं, विवाद पैदा कर रही

कांग्रेस की इस बैठक का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद विवाद हो गया। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि 'कांग्रेस ने पाकिस्तान को जन्म दिया। अब कांग्रेस द्वारा, पड़ोसी देश के प्रति अपना प्यार दिखाने के लिए बांग्लादेश का राष्ट्रगान गाया जा रहा है।' विवाद पर श्रीभूमि जिला कांग्रेस अध्यक्ष तापस पुरकायस्थ ने कहा कि 'हमारे गौरव रवींद्रनाथ टैगोर के नाम पर राजनीति न करें। दास ने गीत की सिर्फ दो लाइनें गाईं। इसकी आलोचना करने का मतलब है टैगोर की आलोचना। असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने भी भाजपा की आलोचना की और कहा कि 'लोगों का ध्यान भटकाने के लिए सत्ताधारी पार्टी गैर-जरूरी विवाद पैदा कर रही है। भाजपा के पास कोई और मुद्दा नहीं है।

### आरोपों को बताया 'राजनीतिक साजिश'

कांग्रेस ने इस विवाद को पूरी तरह राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया है।जिला कांग्रेस समिति के मीडिया विभाग के प्रमुख शाहादत अहमद चौधरी ने बिधु भूषण दास का बचाव करते हुए कहा दास साहब ने सिर्फ एक रवींद्र संगीत प्रस्तुत किया था, बांग्लादेश का राष्ट्रगान नहीं। इस पर सियासी साजिश हो रही है।

### कांग्रेस 'भारत के टुकड़े-टुकड़े' पर चल रही : पूनावाला

भाजपा प्रवक्ता पूनावाला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का एक बड़ा नेता बांग्लादेश का



राष्ट्रगान गाता है, जिसने हाल ही में भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र, खासकर असम को अलग करने के लिए एक भड़काऊ बयान दिया था। कांग्रेस आधिकारिक तौर पर 'भारत के टुकड़े-टुकड़े' एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए सामने आई है।

किसानों की पूर्ण ऋण माफी की मांग

## नागपुर-मुंबई समृद्धि राजमार्ग पर लगा सात किमी लंबा जाम

### 2 दिन से फंसे सैकड़ों ट्रक ड्राइवर



एजेंसी ▶▶ नागपुर

महाराष्ट्र में किसानों की पूर्ण ऋण माफी की मांग को लेकर बच्चू कडू के नेतृत्व में पिछले दो दिन से नागपुर में अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है। बुधवार को किसानों ने नागपुर-मुंबई समृद्धि राजमार्ग को दो घंटे तक जाम रखा। गुस्साए किसानों ने नागपुर-मुंबई समृद्धि राजमार्ग पर दो घंटे तक वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बाधित कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि यह धरना किसानों के अधिकारों की निर्णायक लड़ाई है।

### किसानों ने सरकार को दी चेतावनी

स्वराज्य पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत डिक्कर ने कहा कि अगर सरकार किसानों के आंदोलन पर ध्यान नहीं देती है और सामान्य ऋण माफी पर कड़ा रुख नहीं अपनाती है, तो हम राज्य भर में किसानों का एक बड़ा आंदोलन करेंगे। हमने सरकार को चेतावनी दे दी है। इस आंदोलन के कारण राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया है और पुलिस प्रशासन अलर्ट पर है। यह तय हो चुका है कि जब तक किसानों की मांगें नहीं मान ली जातीं, यह आंदोलन समाप्त नहीं होगा।

### हाईकोर्ट ने तत्काल खाली करने को कहा

नागपुर हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि किसान प्रदर्शनकारी शाम छह बजे तक धरना स्थल खाली करें। बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर खंडपीठ के न्यायमूर्ति रजनीश व्यास ने स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। कोर्ट ने कहा कि प्रदर्शन की अनुमति केवल 24 घंटे के लिए दी गई थी।

### फडणवीस बोले- उचित समय पर कर्जमाफी देंगे

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सरकार ने आंदोलन से पहले भी



सरकार ने बैठक बुलाई थी। उन्होंने आधी रात मुझे मैसेज किया कि हम बैठक के लिए वहां आ नहीं सकते। आज भी बावनकुले साहब ने उनसे संपर्क किया। मुद्दों पर चर्चा कर रोडमैप तैयार करना होगा। हमने कमेटी भी गठित की है। किसान की मदद करना प्राथमिकता है। हम किसानों को उचित समय पर कर्ज माफी देंगे। हम कर्जमाफी के वादे से नहीं मुकर रहे।

कांग्रेस ने उठाए सवाल

## धनखड़ 100 दिन से खामोश अब तक विदाई समारोह नहीं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बुधवार को कहा कि पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने इस्तीफे के बाद 100 दिनों से पूरी तरह मौन साध रखा है। रमेश ने यह भी कहा कि उन्हें कम से कम उनके सभी पूर्ववर्तियों की तरह एक विदाई समारोह का अधिकार है।

### जयराम ने कहा कहीं दिखे नहीं

पार्टी के महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि भारतीय राजनीतिक इतिहास में एक अभूतपूर्व घटना को ठीक 100 दिन हो गए हैं। 21 जुलाई की देर रात अचानक और चौंकाने वाली बात यह हुई कि भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा दिया। यह स्पष्ट था कि उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर किया गया था, भले ही वह दिन-रात प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते रहे हों। जो पूर्व उपराष्ट्रपति रोजाना सुर्खियों में रहते थे, सौ दिनों से खामोश हैं।

आंध्र प्रदेश तट से टकराने के बाद कमजोर पड़ा तूफान मोंथा

## ओडिशा में कई जगहों पर भूस्खलन, लोगों को सुरक्षित पहुंचाया

एजेंसी ▶▶ गजपति

गंभीर चक्रवाती तूफान 'मोंथा' आंध्र प्रदेश तट से टकराने के बाद कमजोर पड़ गया है। कई तटीय जिलों में भारी बारिश हुई और तेज हवाएं चलीं। सरकार ने प्रभावित जिलों में नियंत्रण कक्ष बनाए हैं और हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। ओडिशा के गजपति में भूस्खलन की घटनाएं हुईं। प्रशासन ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। मौसम विभाग के वैज्ञानिक एस. करुणासागर ने कहा कि मध्य बंगाल में बना तूफान आंध्र प्रदेश के तट को पार कर गया। यह आधी रात 11.30 से 12.30 बजे के बीच तट से टकराया और उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ा और सुबह ढाई बजे बजे तक यह चक्रवाती तूफान में कमजोर हो गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी तैयारियों की समीक्षा की।

### केंद्र सरकार ने दिया मदद का आश्वासन, मुख्यमंत्री बोले- रख रहे नजर



### हमारी टीमें किसी भी स्थिति के लिए तैयार: माझी



ओडिशा के सीएम मोहन माझी ने लैंडफॉल से पहले स्थिति का जायजा लेने के लिए विशेष राहत आयुक्तालय के नियंत्रण कक्ष का दौरा किया। माझी ने कहा कि ओडिशा अभी खतरे में नहीं है और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। हमने नियंत्रण कक्ष में चक्रवात मोंथा की स्थिति का जायजा लिया।

### हेल्पलाइन नंबर जारी

आंध्र प्रदेश में चक्रवात मोंथा से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं। हेल्पलाइन नंबर चित्तूर (08572-242777, 9491077325), नेल्लोर (0861-2331261, 7995576699), काकीनाडा (0884-2356801), बापटल (0863-2234014), गुंटूर (0864-3220226) और वाईएसआर कडपा (08562-246344)।

### कई जगहों पर भूस्खलन हुआ: जिलाधिकारी

ओडिशा के गजपति की जिला अधिकारी मधुमिता ने बताया कि प्रशासन ने रातभर काम किया, ताकि किसी तरह की जनहानि न हो। उन्होंने कहा कि लगातार बारिश की वजह से कई जगहों पर भूस्खलन हुआ है। हमने सुबह उन जगहों को खाली कर दिया। शून्य जनहानि का लक्ष्य पाने के लिए 10 हजार लोगों को संवेदनशील इलाकों से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। कर्मचारी लगातार जमीन पर काम कर रहे हैं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ऐतिहासिक राफेल उड़ानः अंबाला से फ्लाइट सूट पहनकर जेट में हुईं सवार

**कहां से उड़ान भरी अंबाला एयरबेस | रनवे पर वापस लैंड दोपहर 11:59 बजे**

***आसमान में कब तक रहीं: 33 मिनट***

एजेंसी ▶▶ अंबाला

बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंबाला एयरबेस से 4.5 जैनरेशन के लड़ाकू विमान राफेल में 33 मिनट की उड़ान भरी। इस दौरान उनका विमान ग्रुप कैप्टन अमित ने उड़ाया, जबकि एयरचीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने दूसरे राफेल से उनको एस्कॉर्ट किया। इन सबके बीच स्कवाड्रन लीडर शिवांगी भी राष्ट्रपति के साथ दिखाई दीं। वे फाइटर प्लेन पायलट हैं और आपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने उनको पकड़ने का दावा किया था। राष्ट्रपति के साथ वे काफी सहज और विश्वास से भरी दिखाई दीं।

राष्ट्रपति जिस राफेल विमान में सवार थीं, उसने अंबाला एयरबेस के रनवे से 11 बजकर 26 मिनट पर उड़ान (टेकआफ) भरी। वे 33 मिनट तक उड़ान में रहीं। इसके बाद 11:59 बजे राफेल ने रनवे पर लैंड किया।



राष्ट्रपति का वायु सेना प्रमुख एपी सिंह (बाएं से दूसरे) ने स्वागत किया



राष्ट्रपति मुर्मू टेकऑफ के लिए तैयार



टेकऑफ 11 बजकर 26 मिनट पर किया

**राफेल में उड़ान भरने वाली वे पहली राष्ट्रपति**

*लैंड करने के बाद वे राफेल से नीचे उतरीं। यहां पर उनको राफेल की तकनीकी जानकारी भी दी। राफेल में उड़ान भरने वाली वे पहली राष्ट्रपति हैं। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सुबह साढ़े नौ बजे भारतीय वायुसेना के विमान से एयरबेस पर पहुंचीं। यहां पर एयरचीफ मार्शल ने उनका स्वागत किया।अब अंबाला एयरबेस से राष्ट्रपति ने राफेल में उड़ान भरी है। राफेल में उड़ान भरने वाली वे पहली राष्ट्रपति हैं। साल 2009 में राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल ने पुणे के लोहगांव एयरफोर्स बेस से सुखोई-30 एमकेआई में उड़ान भरी थी। अंबाला एयरबेस से तत्कालीन रक्षा मंत्री जार्ज फर्नांडीस ने भी मिग-21 में उड़ान भरी थी।*

## खबर संक्षेप

### 51 नक्सलियों का सरेंडर 9 महिला भी शामिल



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में बड़ी सफलता मिली है। 51 माओवादी कैडरों ने बीजापुर में सरेंडर किया है। मुख्यधारा में शामिल होने वाले इन कैडरों में 9 महिला और 42 पुरुष सदस्य शामिल हैं। सरेंडर करने वालों में 20 ऐसे नक्सली शामिल हैं, जिन पर इनाम था। इनमें 8 लाख के इनामी 5 नक्सली, 5 लाख का इनामी एक नक्सली, 2 लाख के इनामी 7 नक्सली, वहीं एक लाख के इनामी सात नक्सली शामिल हैं। एसपी डॉ. जितेंद्र कुमार यादव ने कहा कि सरकार की पुनर्वास नीति माओवादियों को आकर्षित कर रही है।

### भारत में स्टारलिंक के लॉन्च की तैयारी



**मुंबई।** मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट कंपनी स्टारलिंक भारत में अपनी सर्विस लॉन्च करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इसी क्रम में कंपनी 30 और 31 अक्टूबर को मुंबई में सिक्योरिटी और टेक्निकल डेमो रन आयोजित करेगी। सूत्रों के मुताबिक, यह डेमो देश की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सामने किया जाएगा ताकि यह साबित किया जा सके कि स्टारलिंक ने सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाओं के लिए तय सभी सुरक्षा और तकनीकी मानकों का पालन किया है। यह डेमो उस अस्थायी स्पेक्ट्रम पर आधारित होगा, जो कंपनी को परीक्षण के लिए आवंटित किया गया है।

गहरे होंगे भारत-जापान के संबंध!

# पीएम मोदी ने जापान की नई पीएम से की बातचीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान की पीएम जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची के साथ खास बातचीत की। उन्हें पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी और आर्थिक सुरक्षा, रक्षा सहयोग और प्रतिभा गतिशीलता पर केंद्रित भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को आगे बढ़ाने के हमारे साझा दृष्टिकोण पर चर्चा की। इस बात पर सहमत हुए कि वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए भारत-जापान के मजबूत संबंध अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

जापान बीते कुछ महीनों से गहरे राजनीतिक संकट से गुजर रहा था, जुलाई 2025 में हुए संसदीय चुनावों में लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) को करारी हार का सामना करना पड़ा। पार्टी की इस हार के बाद देश में राजनीतिक खींचतान और नेतृत्व संकट शुरू हो गया था। पूर्व प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा, जो मुश्किल से एक साल सत्ता में रहे।

### ड्रमर से लेकर शीर्ष नेता तक

*साने ताकाइची का जीवन सफर प्रेरणादायक है. 64 वर्षीय ताकाइची ने अपने करियर की शुरुआत हेवी-मेटल ड्रमर और मोटरसाइकिल प्रेमी के रूप में की थी, लेकिन जल्द ही वे राजनीति की ओर मुड़ीं और 1993 में अपने गृह नगर नारा से पहली बार सांसद बनीं। उन्होंने आर्थिक सुरक्षा, आंतरिक मामलों और लैंगिक समानता जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों का नेतृत्व किया। वे जापान की पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की करीबी सहयोगी रही हैं और उनकी रूढ़िवादी नीतियों की समर्थक मानी जाती हैं। ताकाइची अपने आदर्श के रूप में ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर का उल्लेख करती हैं, जो उनके मजबूत नेतृत्व और स्पष्ट विचारों की झलक है।*

### ताकाइची को मिली थी सफलता

उन्होंने 15 अक्टूबर को इस्तीफा दे दिया. इसी के साथ एलडीपी में नेतृत्व बदलने की प्रक्रिया शुरू हुई। इस सत्ता शून्यता को खत्म करने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने साने ताकाइची का नाम आगे बढ़ाया, जो लंबे समय से एलडीपी के दक्षिणपंथी गुट से जुड़ी हुई थीं। ताकाइची ने जापान इनोवेशन पार्टी के साथ गठबंधन करके नया समीकरण तैयार किया है। इस गठबंधन ने संसद में बहुमत के करीब सीटें हासिल कीं और ताकाइची को प्रधानमंत्री पद पर पहुंचाया।

मरीनटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव में बोले पीएम मोदी

# देश का मरीनटाइम सेक्टर ग्रोथ का नया इंजन विकसित देशों से बेहतर हैं भारत के बंदरगाह


संबोधित करते पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मुंबई में इंडिया मरीनटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के इस कालखंड में भारत का समुद्री क्षेत्र बड़ी तेजी और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि देश के बंदरगाह अब विकासशील देशों में सबसे कुशल बंदरगाहों में गिने जाते हैं।

- परिचालन जलमार्ग 3 से 42 हो गए

पीएम मोदी ने कहा कि साल 2025 भारत के मरीनटाइम सेक्टर के लिए बहुत अहम साल रहा है। इंडिया मरीनटाइम वीक 2025 कार्यक्रम में उपलब्धियों को गिनाते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हाल ही विझिंजम बंदरगाह पहला गहरे पानी का अंतर्राष्ट्रीय केंद्र है, जिसका परिचालन शुरू हो गया है।

*अंतर्देशीय जलमार्ग कार्गो में 700 प्रतिशत की वृद्धि*

*समुद्री दृष्टि ने 100 और नए संग्रहालय बनाए हैं*

*भारत का औसत कंटेनर समय 3 दिन कम हुआ*



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस

### समुद्री क्षेत्र में सुधार, नए आधुनिक कानून लागू

*पीएम मोदी ने कहा कि इस वर्ष समुद्री क्षेत्र में भी सुधार हुए हैं, हमने औपनिवेशिक कानूनों को हटाकर नए आधुनिक कानून लागू किए हैं। ये कानून समुद्री बोर्ड को सशक्त बनाते हैं और बंदरगाहों पर डिजिटलीकरण को बढ़ावा देते हैं। हमने विधेयक को वैश्विक स्तर पर सुसंगत बनाया है और व्यापार में आसानी को बढ़ावा दिया है, जिससे निवेशकों को लाभ हो रहा है। तटीय नौवहन अधिनियम व्यापार को आसान बनाने के लिए बनाया गया है और आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा को समर्थन प्रदान करती है।*

### भारतीय मरीनटाइम में निवेश करने का यही सही समय है

पीएम मोदी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 70000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, जिससे रसद क्षमता, दीर्घकालिक वित्तपोषण, हरित और भूरा क्षेत्र, उन्नत समुद्री विकास होगा और लाखों नौकरियां पैदा होंगी। 76000 करोड़ रुपये का वधावन बंदरगाह, आप सभी इस यात्रा में हमारे भागीदार हैं और हम आपके नवाचार और निवेश का स्वागत करते हैं। पीपीपी बढ़ रहा है, मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड को भी इस कार्यक्रम के माध्यम से सब्सिडी दी जा रही है।

**हरित हाइड्रोजन सुविधा शुरू**

वर्ष 2024-25 में भारत के प्रमुख बंदरगाहों में अधिकतम कार्गो हैंडलिंग की जा रही है, जो एक नया रिकॉर्ड बनाएगी। पहली बार किसी भारतीय बंदरगाह कांडला बंदरगाह में मेगावाट पैमाने पर हरित हाइड्रोजन सुविधा शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि जेएनपीटी जो कि भारत-मुंबई कंटेनर टर्मिनल है, उसकी हैंडलिंग क्षमता दोगुनी हो गई है और यह भारत का सबसे बड़ा कंटेनर बंदरगाह बन गया है।

### भारत के समुद्री क्षेत्र पर दुनिया को विश्वास

*मरीनटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव में पीएम मोदी ने आगे कहा, "साल 2016 में मुंबई में ही इस आयोजन की शुरूआत हुई थी और ये हम सभी के लिए खुशी की बात है कि आज ये समिट एक ग्लोबल इवेंट बन चुका है। आज यहां इस कार्यक्रम में दुनिया के 85 से अधिक देशों की भागीदारी अपने आप में एक बहुत बड़ा संदेश दे रही है। अभी यहां शिपिंग सेक्टर से जुड़ी कई योजनाओं का शुभारंभ हुआ है और शिपिंग सेक्टर्स में हुए लाखों-करोड़ों के एमओयू भी जारी हुए हैं। ये दिखाता है कि भारत के मैरीटाइम सेक्टर पर दुनिया का कितना विश्वास है। उन्होंने कहा कि मरीनटाइम इंडिया विजन के तहत 150 से ज्यादा पहल शुरू की गई हैं, जिसके परिणामस्वरूप समुद्री क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के प्रमुख बंदरगाहों की क्षमता दोगुनी हो गई है और टर्नअराउंड समय में काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि क्रूज पर्यटन ने काफी तेजी पकड़ी है और अंतर्देशीय जलमार्गों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे माल ढुलाई में 700 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि हुई है।*

1 घंटे में 1508 किमी भर सकता है उड़ान

# अमेरिका ने बनाया ध्वनि की गति से तेज उड़ने वाला सुपरसोनिक विमान


एक्स-59 का चित्र

एजेंसी ▶▶ कैलिफोर्निया

अमेरिका ने ध्वनि की गति से भी तेज उड़ने वाले एक्स-59 सुपरसोनिक विमान की पहली सफल उड़ान भरके पूरी दुनिया को चौंका दिया है। इसे अब भविष्य की उड़ान कहा जा रहा है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और लॉकहीड मार्टिन सोमवार को बड़ा ऐतिहासिक क्षण रचते हुए प्रायोगिक सुपरसोनिक विमान एक्स-59 को पहली सफल उड़ान के गवाह बने। खास बात यह है कि उड़ान भरते समय यह ज्यादा आवाज नहीं करता।

वैज्ञानिकों ने दावा किया कि यह 'शांत' विमान ध्वनि की गति से तेज उड़ान भर सकता है।यह सिंगल-सीटर विमान मच 1.4 (लगभग 937 मील प्रति घंटा) यानि 1508 किलोमीटर प्रतिघंटा की अधिकतम गति तक पहुंच सकता है।

# स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर एकता परेड की रिहर्सल




**अहमदाबाद।** भारत की एकता और अखंडता के सूत्रधार लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर गुजरात के एकतानगर में भव्य आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। बुधवार को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर एकता परेड की रिहर्सल किया गया। रिहर्सल के दौरान कलाकारों ने अलग-अलग प्रस्तुतियां दीं। अलग-अलग राज्यों की झांकियां भी निकाली गईं। जवानों ने मोटरसाइकिल स्टंट शो किया। इसमें खासियत यह रही कि एक बाइक पर 6 जवान थे, जो अलग-अलग धर्मों की वेशभूषा में दिखे। वहीं ऊपर सरदार पटेल की वेशभूषा के साथ एक जवान खड़ा था। सरदार पटेल की 150वीं जयंती 31 अक्टूबर को एकता नगर स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हिस्सा लेंगे।

# युद्धविराम के बावजूद गाजा में मृतकों की संख्या हुई 81

**नई दिल्ली।** गाजा में जारी युद्धविराम के बावजूद इजरायल ने रातभर हवाई में हमला किए। चिकित्सा अधिकारियों के अनुसार, गाजा में रात भर हुए इजराइली हमलों में मरने वालों की संख्या 81 हो गई है। गाजा की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने हमास पर अपने सैनिकों पर हमला करने और अमेरिका द्वारा मध्यस्थता किए गए युद्धविराम का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। दरअसल, गाजा में हुए हवाई हमले में पहले 30 से ज्यादा लोगों के मौत की खबर आई। उसके बाद कई बच्चों समेत कम से कम 60 लोगों के मारे जाने की खबर थी। अभी भी वहां शांति कोसों दूर है।

दोनों देशों की बिजली क्षमता बढ़ेगी

# भारत-नेपाल के बीच बिजली को लेकर हुआ बड़ा समझौता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और नेपाल के बीच 400 केवी बिजली परियोजनाओं को लेकर समझौता हुआ है। नेपाल के ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्री कुलमान घिसिंग ने बुधवार को नई दिल्ली में भारत के केंद्रीय विद्युत एवं आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल से भारत-नेपाल के बीच सीमापार बिजली व्यापार, क्षेत्रीय ग्रिड संपर्क और जलविद्युत परियोजनाओं के विकास पर विस्तृत चर्चा की। इसी दौरान दोनों देशों के बीच दो प्रमुख बिजली प्रसारण परियोजनाओं को लेकर समझौते भी किए गए। केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के अनुसार, भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी पावरग्रिड निगम लिमिटेड और नेपाल विद्युत प्राधिकरण के बीच संयुक्त उपक्रम और अंशधारक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।


अनुबंध आदान-प्रदान किया गया

कॉन्सर्ट रद्द करने की मांग

# खालिस्तानी संगठन ने दिलजीत दोसांझ को दे डाली बड़ी धमकी!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के संगठन, सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने पंजाबी गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ को धमकी दी है। इसके अलावा 1 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया में गायक के होने वाले म्यूजिक कॉन्सर्ट को रद्द करने के लिए कहा है। समूह का आरोप है कि सिंगर के कृत्य से 1984 के नरसंहार पीड़ितों का अपमान हुआ है। संगठन ने दिलजीत दोसांझ के आगामी कॉन्सर्ट को बायकॉट करने की मांग की है। उन्होंने कहा है सिंगर ने 'स्मृति दिवस का मजाक' बनाया है। साथ ही कहा कि यह उन पीड़ितों के साथ अन्याय हुआ है, इसलिए 1 नवंबर को गायक के होने वाले कॉन्सर्ट को रद्द करने के लिए कहा है। बताते चलें कि 1 नवंबर को सिख नरसंहार स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### कनाडा में हत्या, बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी



*कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गैंग ने कनाडा के एबॉट्सफोर्ड स्थित एक भारतीय मूल के उद्योगपति की हत्या और एक पंजाबी गायक के घर पर गोलीबारी की जिम्मेदारी ली है। ये दोनों घटनाएं राजस्थान पुलिस की ओर से लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सक्रिय सदस्य जगदीप सिंह उर्फ जग्गा को अमेरिका में गिरफ्तार किए जाने के एक दिन बाद हुई हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में बिश्नोई गैंग के गोल्डी ढिल्लों ने कहा कि भारतीय मूल के उद्योगपति दर्शन सिंह साहसी की हत्या के पीछे उनका गैंग था। गिरोह का दावा है कि साहसी एक बड़े ड्रग कारोबार से जुड़ा था और उसने उससे पैसे मांगे थे। पैसे न मिलने पर गैंग ने उसकी हत्या कर दी।*

# ड्रग माफिया के खिलाफ ब्राजील में बड़ा एक्शन, गोलीबारी हुई


पुलिस ने ड्रग माफिया के ठिकानों पर हेलिकॉप्टर से किया हमला

## माफिया ने ड्रोन से की बमबारी, 4 पुलिस अफसरों समेत 64 की मौत

एजेंसी ▶▶ रियो डि जेनेरियो

ब्राजील के रियो डि जेनेरियो में पुलिस ने ड्रग संगठन 'रेड कमांड' के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन चलाया है। राजधानी रियो डि जनेरियो में मंगलवार सुबह 2500 पुलिसकर्मियों ने हेलिकॉप्टर से अपराधियों के इलाकों पर छापा मारा। जैसे ही पुलिस की टीमें आगे बढ़ीं, रेड कमांड गैंग के सदस्यों ने फायरिंग शुरू कर दी। अधिकारियों के मुताबिक, गैंग ने सड़कों पर जलते हुए बैरिकेड्स लगाए और ड्रोन से बम गिराए।

*◆ 200 किलो से ज्यादा ड्रग्स, कई राइफलें और दूसरे हथियार बरामद, पुलिस ने 80 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया*


गलियों में बिछी लाशें


बड़ी संख्या में हुई गिरफ्तारियां

### समिट से पहले कार्रवाई

यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब अगले कुछ दिनों में रियो में संयुक्त राष्ट्र के जलवायु कार्यक्रमों से जुड़े कई अंतरराष्ट्रीय आयोजन होने वाले हैं। रियो अगले हफ्ते सी40 मेयर समिट और प्रिंस विलियम के अर्थशॉट प्राइज की मेजबानी करेगा। इसमें कई अंतरराष्ट्रीय हस्तियां शामिल होने वाली हैं। यह आयोजन नवंबर में अमेजन शहर बेलें में होने वाली यूएन की कॉप 30 क्लाइमेट समिट की तैयारियों का हिस्सा है।

### जेल में बनाया रेड कमांड

कमांडो वर्मेल्हो (सीवी) ब्राजील का सबसे पुराना और सबसे ताकतवर अपराधी संगठन है। यह ड्रग और हथियार तस्करी को अंजाम देता है। अंग्रेजी में इसे रेड कमांड कहा जाता है। इसकी स्थापना 1970 के दशक में हुई थी। ब्राजील में सरकार ने वामपंथी विचारधारा वाले नेताओं को जेल भेज दिया था। जेल में इन कैदियों ने आम अपराधियों के साथ मिलकर पुलिस के अत्याचार से खुद बचाने के लिए गठबंधन किया।



# साउंड हीलिंग थेरेपी ध्वनि से संभव तन-मन का उपचार

बदलती जीवनशैली की वजह से आज के दौर में अधिकतर लोग मानसिक रूप से परेशान नजर आते हैं। इसका असर शारीरिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। इनसे राहत के लिए साउंड हीलिंग थेरेपी बहुत कारगर हो सकती है।

**नेचुरोपैथी**
**बुशरा फातमा**



बीते एक दशक में जितनी तेजी से हमारी लाइफस्टाइल में बदलाव आया है, उसने पूरी तरह हमारे मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को बदल दिया है। छोटी-छोटी बातों पर तनावग्रस्त हो जाना या डिप्रेशन में चले जाना, आम समस्या बनती जा रही है। भारत उन देशों की कतार में भी आगे होता जा रहा है, जहां डिप्रेशन के मरीजों की संख्या अधिक है। बढ़ता तनाव और उससे जुड़ी शारीरिक समस्याएं, लोगों को फिर से उन प्राचीन यौगिक क्रियाओं और प्राकृतिक चिकित्सा की तरफ मोड़ रहा है, जो एक समय में हमारे देश में बहुत प्रचलित हुआ करती थीं। साउंड हीलिंग थेरेपी एक ऐसी ही थेरेपी है, जिसे लेकर लोगों में में रुझान बढ़ रहा है, जो तनाव कम करने में कारगर साबित हो रहा है।

**कैसे काम करती है थेरेपी:** साउंड हीलिंग एक ऐसी थेरेपी है, जिसमें ध्वनि तरंगों का इस्तेमाल किया जाता है, जो हमारे शरीर के सातों चक्रों पर काम करते हैं। इन सात चक्रों से संबंधित सात अलग-अलग बाउल का यूज किया जाता है, जिनके अलग नोट्स होते हैं और वो शरीर पर उसी नोट्स के हिसाब से काम करते हैं। ये बाउल मुख्यतः हाथों से बने होते हैं, जिनमें सात धातुओं का मिश्रण होता है, जिन्हें पूर्णिमा की रात में बनाया जाता है। इन बाउल में इतने वाइब्रेशन मौजूद होते हैं कि ये हमारे शरीर के चक्रों को सीधे प्रभावित करते हैं। इसलिए जब अलग-अलग चक्र के बाउल्स हमारे आस-पास बजाए जाते हैं, तब उनसे जो वाइब्रेशंस निकलती हैं, वो हमारे चक्रों के ब्लॉक को तोड़ देती हैं। चूंकि शरीर में मौजूद चक्रों के असंतुलन से ही मानसिक और शारीरिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं। ऐसे में साउंड हीलिंग थेरेपी हमारे चक्रों को बैलेंस करने का काम करता है।



साउंड हीलिंग उन लोगों के लिए बहुत लाभदायक है, जो किसी मानसिक समस्या से गुजर रहे हैं और अपने दैनिक जीवन में तनाव को आसानी से हैंडल नहीं कर पाते हैं। चूंकि मन का स्वास्थ्य, तन के स्वास्थ्य से जुड़ा होता है, इसलिए कई ऐसे लोग जो किसी गंभीर बीमारी से भी गुजर रहे हों तो साउंड हीलिंग उनके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकता है।

**तनाव-चिंता से दिलाए राहत:** साउंड हीलिंग थेरेपी में अलग-अलग ध्वनि के वाइब्रेशन शरीर को अलग-अलग तरीके से ही प्रभावित करते हैं, जो हमारी चिंता और तनाव को काफी हद तक कम करने में मदद करते हैं। ये वाइब्रेशन, कोशिकाओं को शांत करती है, जिससे तनाव कम महसूस होने लगता है। कई बार जब आप ये थेरेपी लेंगे तो सर भारी महसूस होगा लेकिन कुछ सेशन लेने के बाद आप अपने तनाव को कम होता महसूस करेंगे।

**अच्छी नींद में मददगार:** जिन लोगों को कम नींद या नींद न आने की समस्या हो उनके लिए ये थेरेपी रामबाण की तरह काम करती है। शरीर में मौजूद चक्र जब धीरे-धीरे संतुलन में आने लगते हैं तो दिमाग शांत होने लगता है और उससे अच्छी नींद आती है।

**एकाग्रता बढ़ाने में सहायक:** बढ़ते काम का बोझ हो या स्टूडेंट्स की पढ़ाई का बढ़ता स्ट्रेस दिमाग को अशांत तो बनाता ही है। साथ ही ये एकाग्रता को भी कम करता है। साउंड हीलिंग थेरेपी एकाग्रता को बढ़ाने में मदद करती है और फोकस में वृद्धि करती है। रैटल शेकर इस थेरेपी में इस्तेमाल किया जाने वाला एक ऐसा अद्भुत यंत्र है, जिसे ऋषिकेश के जंगलों में पाए जाने वाले एक पेड़ के बीज से बनाया जाता है। हमारा दिमाग चार अलग-अलग वेव्स पर काम करता है अल्फा, बीटा, डेल्टा और गामा और जब हम किसी बात को लेकर ओवर थिंकिंग करते हैं तो वो दिमाग अल्फा, बीटा के स्टेट में चला जाता है। जब रैटल शेकर को मस्तिष्क पर रखा जाता है तो उससे निकलने वाली आवाज से शरीर प्रतिक्रियाएं देता है और दिमाग शांत होता चला जाता है।

**कोर्टिसोल हॉर्मोन पर नियंत्रण:** हमारे शरीर में मौजूद कोर्टिसोल हॉर्मोन बहुत-सी बीमारियों को जन्म देती है और शरीर के जिस हिस्से में यह बढ़ता है, वहां म्यूकस पैदा होता है। डिप्रेशन के मरीजों में कोर्टिसोल हॉर्मोन की मात्रा बहुत बढ़ जाती है और साउंड हीलिंग थेरेपी में ये हॉर्मोन रिएक्ट करता है इसलिए रेगुलर सेशन के बाद मरीज खुद को काफी शांत और हल्का महसूस करता है।


**लाइफस्टाइल में बदलाव है जरूरी:** डिजिटल और सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल ने लोगों को बहुत इंपल्सिव और ईसिक्योर बना दिया है और लोग शांति और सुकून की तलाश में अपने पुराने दौर की जीवनशैली की तरफ दोबारा बढ़ रहे हैं। लेकिन अगर अपने लाइफस्टाइल में हेल्दी बदलाव लाया जाए तो मानसिक तनाव पर बहुत हद तक काबू पाया जा सकता है। अच्छे खान-पान की आदत, अच्छी नींद और हार्मोनल बैलेंस के लिए सुबह-सुबह घास पर नंगे पांव चलना न सिर्फ फिजिकली फिट रखने में मदद करता है बल्कि यह हमारे मानसिक स्वास्थ को भी ठीक करता है। पूरे दिन में एक घंटे की फिजिकल एक्टिविटी जैसे वॉक, योग या जॉगिंग भी मेंटल फिटनेस के लिए बहुत जरूरी है। *

**(होलिस्टिक हीलर शुभांगी चौहान से बातचीत पर आधारित)**

अस्त-व्यस्त जीवनशैली समेत कुछ अन्य वजहों से इन दिनों अनेक लोग थाइरॉयड प्रॉब्लम से ग्रस्त रहने लगे हैं। हालांकि पुरुषों की तुलना में महिलाएं इससे अधिक ग्रस्त रहती हैं लेकिन पुरुषों में भी इसे काफी देखा जाने लगा है। ध्यान ना देने पर कई बार यह रोग गंभीर रूप भी ले लेता है। इसलिए यहां आपको इस रोग के कारणों, लक्षणों, उपचार और बचाव के बारे में डिटेल में बता रहे हैं।

# कई अन्य समस्याओं की वजह बन सकती है थाइरॉयड प्रॉब्लम

**डॉक्टर्स एडवाइस**
**डॉ. विकास अग्रवाल**
**जनरल फिजीशियन, कोलकाता**



अगर आप अकसर बिना किसी कारण के खुद को बेचैन महसूस करते हैं, घबराए हुए से रहते हैं और जरा भुलक्कड़ भी हो गए हैं। किसी कार्य में एकाग्रचित्त नहीं हो पाते हैं। अचानक आपका शारीरिक वजन घटने या बढ़ने लगा है। जरूरत से ज्यादा थकान महसूस होती रहती है तो सावधान हो जाएं ऐसा थाइरॉयड प्रॉब्लम की वजह से भी हो सकता है। इंडियन थाइरॉयड सोसाइटी से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक भारत में 4.2 करोड़ से ज्यादा लोग थाइरॉयड के मरीज हैं, जिनमें 60 प्रतिशत महिलाएं हैं।

## क्या है थाइरॉयड प्रॉब्लम

हमारे गले में अखरोट के आकार की थाइरॉयड ग्लैंड होती है, जो दो तरह के हारमोन टी3 और टी4 बनाती है। यह शरीर की सबसे महत्वपूर्ण ग्रंथियों में से एक है, जो कई शारीरिक क्रियाओं को कंट्रोल में रखती है। अच्छी नींद, स्वस्थ पाचन तंत्र, मेटाबॉलिज्म, लिवर फंक्शन, शरीर के तापमान को नियमित रखना और उसका विकास आदि। इस तरह आप थाइरॉयड ग्रंथि को शरीर का सेंट्रल कंट्रोलर मान सकते हैं। यह समस्या दो प्रकार की हो सकती है- हाइपोथाइरॉयडिज्म और हाइपरथाइरॉयडिज्म। हाइपो में वजन बढ़ने लगता है और भूख कम लगती है। हाथ पांव में सूजन आ जाती है। सुस्ती और ठंड लगने से व्यक्ति परेशान रहता है। महिलाओं में मासिकधर्म में गड़बड़ी और याददाश्त में कमी हो जाती है। आयोडीन की कमी के अलावा खान-पान पर ध्यान नहीं देना और जरूरत से ज्यादा तनावयुक्त जीवन थाइरॉयड समस्या को बढ़ावा देता है।

हाइपरथाइरॉयडिज्म समस्या में मरीज का वजन कम हो जाता है और बार-बार भूख लगती है। हमेशा टेंशन महसूस होना, ध्यान केंद्रित ना कर पाना, तेज या धीमी धड़कन और ब्लड प्रेशर की समस्या, वजन का तेजी से गिरना या बढ़ना, गले में सूजन, ज्यादा पसीना आना, मासिकधर्म की परेशानी, नींद में कमी, थकान को मिटाने के लिए बार-बार कुछ खाने की इच्छा, गैस्ट्रिक अल्सर, बार-बार यूरिन आना इसके लक्षणों में शामिल हैं। हाइपर थाइरॉयडिज्म की तुलना में हाइपोथाइरॉयडिज्म में यह समस्या ज्यादा देखी जाती है। ऐसा तब होता है, जब शरीर के कुछ सेल्स थाइरॉयड ग्लैंड की सेल्स को खत्म करना शुरू कर देते हैं। इसीलिए इसे ऑटो इम्यून बीमारी भी कह सकते हैं। पहले के दौर में यह समस्या काफी ज्यादा हुआ करती थी, लेकिन आजकल लोग इसके प्रति सचेत हो गए हैं।

## थाइरॉयड रोग के लक्षण

इसके लक्षण इस बात पर निर्भर करते हैं कि थायराइड ग्रंथि अधिक सक्रिय (हाइपरथाइरॉयडिज्म) है या कम सक्रिय (हाइपोथाइरॉयडिज्म) है। थाइरॉयड के लक्षण हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकते हैं और धीरे-धीरे विकसित हो सकते हैं।



**कम सक्रिय थाइरॉयड के लक्षण:** थकान और कमजोरी, वजन बढ़ना, ठंड लगना, त्वचा और बालों का रूखापन, बाल झड़ना, कब्ज, मांसपेशियों में दर्द या जकड़न, डिप्रेशन या मूड स्विंग्स, धीमी हृदय गति, अनियमित या हैवी ब्लीडिंग, याददाश्त कमजोर होना, चेहरा या आंखों के आस-पास सूजन इसके लक्षणों में शामिल हैं।

**अधिक सक्रिय थाइरॉयड के लक्षण:** वजन कम होना (भूख बढ़ने के बावजूद), घबराहट, चिंता या बेचैनी महसूस होना, तेज हृदय गति या धड़कन, पसीना आना या गर्मी लगना, असहज लगना, नींद में परेशानी, बार-बार मल त्याग या दस्त, मांसपेशियों में कमजोरी, हाथों में कंपन, महिलाओं में अनियमित पीरियड्स, बालों का पतला होना, आंखों में उभार होना।

## थाइरॉयड प्रॉब्लम के साइड इफेक्ट्स

इससे हड्डियां भी कमजोर पड़ने लगती हैं। थाइरॉयड के मरीजों को ऑस्टियोपोरोसिस होने की आशंका हो सकती है। पैरों में दर्द और वाटर रिटेंशन की समस्या भी थाइरॉयड प्रॉब्लम से ही जुड़ी है।

थाइरॉयड ग्लैंड में असंतुलन होने की वजह से हारमोंस में असंतुलन होता है। इससे दिल की बीमारी से लेकर इनफर्टिलिटी तक भी हो सकती है। थाइरॉयड कैंसर भी इसी असंतुलन का ही नतीजा है। गले में दर्द, सूजन और हमेशा भारीपन महसूस होना इसकी वजह से हो सकता है। हाइपोथाइरॉयडिज्म, प्रेगनेंसी में काफी खतरनाक हो सकता है। यह गर्भ में पल रहे शिशु के विकास और उसके मस्तिष्क के लिए काफी नुकसानदेह होता है। इसलिए महिलाएं जब भी प्रेगनेंसी प्लान करें, तो अपना थाइरॉयड टेस्ट जरूर कराएं।

थाइरॉयड हारमोंस से जुड़ी समस्या है, इसीलिए इसका सीधा असर सेक्स इच्छा और इनफर्टिलिटी पर पड़ता है। पुरुषों और महिलाओं में भी थाइरॉयड, सेक्स को प्रभावित करता है। अचानक आए मूड में बदलाव के लिए डॉक्टर से कंसल्ट करके थाइरॉयड टेस्ट कराएं और एंडोक्राइनोलॉजिस्ट से मिलें। थाइरॉयड की दवाएं लेने पर व्यक्ति नॉर्मल सेक्सुअल लाइफ जी सकता है। थाइरॉयड की समस्या ज्यादातर स्त्रियों में ही देखने को मिलती है। पुरुषों में थाइरॉयड की समस्या स्त्रियों की तुलना में कम देखने को मिलती है। इसके लक्षण दिखने पर डॉक्टर को जरूर बताएं। इससे जुड़ी सावधानियों और दवाओं के बारे में वे बताएंगे। जब तक थाइरॉयड नार्मल नहीं हो तब तक महिलाओं को प्रेगनेंसी प्लान करने से बचना चाहिए।

## टेस्ट-ट्रीटमेंट

थाइरॉयड प्रॉब्लम की जांच के लिए डॉक्टर की सलाह पर TSH, T3, T4 जैसे ब्लड टेस्ट करवाए जा सकते हैं। थाइरॉयड की समस्या का इलाज दवाओं, सही आहार और जीवनशैली में बदलाव से संभव है। थाइरॉयड के उपचार के लिए डॉक्टर द्वारा बताई गई दवा फायदेमंद होती है। इससे मोटापा और थकान कंट्रोल में हो जाता है। थाइरॉयड की गोली ताउम्र खानी पड़ सकती है, पर कुछ केस में यह दवा छूट सकती है। दवा खाने और ना खाने का निर्णय आप डॉक्टर से कंसल्ट कर ही तय कर सकते हैं। *




**प्रस्तुति: शिखर चंद जैन**

# नारियल पानी पीने से पहले...

**प्रिकॉशन**
**राजकुमार 'दिनकर'**

हम अकसर हरे नारियल को कटवाकर उसमें सीधे स्ट्रॉ लगाकर उसका पानी पीते हैं। क्या आपको पता है कि नारियल पानी को इस तरह सीधे नारियल से पीना, हमारे लिए फंगल इंफेक्शन का भी कारण बन सकता है। हालिया हुए एक अध्ययन से खुलासा हुआ है कि नारियल पानी को सीधे नारियल से पीना हमारी सेहत के लिए नुकसानदेय हो सकता है। क्योंकि इन हरे नारियल को आमतौर पर किसी ठंडी जगह पर स्टोर नहीं किया जाता, उन्हें एक बार तोड़ने के बाद एक जगह से दूसरी जगह लाकर बेचा जाता है। इस प्रक्रिया में नारियल कभी ठंडे, तो कभी बेहद गर्म वातावरण में रहते हैं। नम वातावरण में भी लगातार महीनों ऐसे ही रहने के कारण इनमें खतरनाक बैक्टीरिया, कवक और विषाक्त पदार्थ भी पैदा हो सकते हैं।



**हो सकती हैं इस तरह की समस्याएं:** प्रदूषित नारियल पानी बासी होने के कारण बहुत किस्म के हानिकारक बैक्टीरिया का घर हो सकते हैं। जिस पानी को पीने से हमें पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसे पीने के बाद उल्टी, पेट दर्द और दस्त हो सकता है। दूषित नारियल पानी में नाइट्रोप्रोपियोनिक एसिड जैसे विषाक्त पदार्थ हमारे तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है, जिसमें चक्कर आना, मांसपेशियों में सिकुड़न होने के लक्षण दिखाई देते हैं। अगर नारियल के भीतर मौजूद पानी ज्यादा प्रदूषित हो तो सांस लेने में भी कठिनाई महसूस होती है। इससे सीने में जकड़न या फेफड़ों में तरल पदार्थ का जमाव हो सकता है। अगर ऐसे लक्षण दिखाई दें या असहज महसूस हो तो समझ जाएं कि नारियल पानी में कोई कमी है। तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

**सावधानी बरतें:** नारियल पानी पीते समय कुछ सावधानी बरतें।

- नारियल सीधे न पिएं क्योंकि इसके बाहरी आवरण पर मौजूद दरारों से सूक्ष्मजीव नारियल में प्रवेश करते हैं।
- नारियल या नारियल पानी लाने के बाद उसको फ्रिज में रखें ताकि इसमें फफूंद और जीवाणु पनप न सकें।
- नारियल पानी पीते समय अगर आपको उसके स्वाद में खट्टापन, महक महसूस हो तो समझ जाएं कि यह भीतरी तौर से प्रदूषित है।
- कहीं भी खुले में नारियल खरीदने की बजाय सीलबंद पॉश्चराइज्ड नारियल पानी ही चुनें, जिनको सावधानीपूर्वक संरक्षित किया गया हो।
- अगर नारियल के खोल पर दरारें दिखती हैं तो ऐसे नारियल को न खरीदें। यह जरूरी नहीं कि रेफ्रिजरेटर में रखे नारियल भी पीने के लिहाज से सुरक्षित हों। इसलिए पीने से पहले हमेशा उसके स्वाद और गंध की जांच कर लें। *



सर्दी के मौसम ने दस्तक दे दी है। आने वाली कड़ाके की सर्दियों में स्वस्थ रहने के लिए अभी से तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। इसीलिए हम आपको कुछ सरल योगासनों के बारे में बता रहे हैं, जिनके अभ्यास से आप सर्दी के मौसम में भी स्वस्थ रहेंगे।

# सर्दियों में आप रहेंगे स्वस्थ जब रोज करेंगे ये योगासन

**योगोपचार**
**दिव्यज्योति 'नंदन'**

सर्दियों में हमारे स्वास्थ्य की सच्ची रखवाली दवाइयां नहीं बल्कि कई तरह की हमारी शारीरिक गतिविधियां करती हैं। इनमें ही योगासन भी शामिल हैं। हल्की सर्दियां शुरू होते ही किस तरह हमारे शरीर और सेहत के लिए ये सीधे, सरल योगासन महत्वपूर्ण हैं। ये न केवल इन दिनों हमारे शरीर को गर्म रखते हैं बल्कि मन को भी सक्रिय और उत्साहित रखते हैं, जिससे हम प्रसन्न और एक्टिव रहते हैं, तो आइए सरल ढंग से जानें कि ये छह सीधे सरल योगासन कौन से हैं?

**सूर्य नमस्कार:** सूर्य नमस्कार हमारे योगशास्त्र का पहला और सबसे महत्वपूर्ण अध्याय है। सूर्य नमस्कार सही मायने में अकेला ही हमारे स्वास्थ्य का सबसे मजबूत रखवाला है। सूर्य नमस्कार, शरीर को भीतर से गर्म रखता है। हमारे रक्त संचार को तेज करता है, जिसकी इन दिनों हमें जरूरत होती है। साथ ही यह योगासन सर्दी के दिनों में शरीर की हर मांसपेशी को सक्रिय बनाता है, जिस कारण ठंड से होने वाले आलस्य और थकान से राहत मिलती है। इस तरह हर दिन सुबह खाली पेट अगर पांच से छह राउंड केवल सूर्य नमस्कार के कर लिए जाएं, तो सर्दियों में स्वस्थ रहने के लिए यह सबसे अच्छी गतिविधि है।



**वज्रासन:** इस मौसम में हमारी सेहत के लिए यह भी जरूरी आसनों में से एक है। भोजन के बाद वज्रासन की मुद्रा में बैठना शरीर के लिए सर्वश्रेष्ठ गतिविधियों में से एक होता है। यह आसन करने से ठंड के मौसम में हमारा पाचन दुरुस्त रहता है, साथ ही इस आसन के करने से हमारा शरीर शांत और संतुलित रहता है। वास्तव में वज्रासन करने से शरीर का भारीपन, गैस और अपच जैसी परेशानियां दूर होती हैं। सर्दी के मौसम में नियमित रूप से वज्रासन करने से हमारी सेहत सही रहती है। *



**भुजंगासन:** सर्दी के मौसम में जो दूसरा आसन हमारे लिए बेहद उपयोगी है, उसका नाम है- भुजंगासन या कोबरा पोज। यह आसन हमारी रीढ़ और पीठ को लचीला बनाता है। इन दिनों में कई लोगों की छाती, अतिरिक्त रूप से जकड़न का शिकार रहती है, उसे यह आसन अच्छी तरह से खोलता है, जिससे ठंडी हवा से जकड़े हमारे फेफड़ों को राहत मिलती है और सर्दी जुकाम से हम बचे रहते हैं। हर दिन भुजंगासन करने से हम सर्दी के दिनों में सर्दी लगने से भी बचे रहते हैं। इसके चलते हमारा शरीर इन दिनों गर्म रहता है।



# आज से भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबला, 3 महीने बाद पंत करेंगे वापसी

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारत ए और दक्षिण अफ्रीका ए के बीच गुरुवार से शुरू हो रहे चार दिवसीय अनौपचारिक टेस्ट मैच में ऋषभ पंत की चोट के कारण तीन महीने के ब्रेक के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी मुख्य आकर्षण होगी।

पंत को 23 जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान पैर में चोट लग गई थी और यह विकेटकीपर बल्लेबाज तब से रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजर रहा है। पंत इस बीच वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। लेकिन बीसीसीआई के सीओई मैदान पर होने वाले दो अनौपचारिक टेस्ट मैच से उन्हें विश्व चैंपियन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले मैच अभ्यास का महत्वपूर्ण मौका मिलेगा।

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट में कप्तानी करेंगे पंत

दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ होने वाले इन मैच में वह भारत ए की कप्तानी भी करेंगे। यह 28 वर्षीय खिलाड़ी सीनियर टीम में ध्रुव जुरेल की जगह ले सकता है, जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे।पंत वास्तविक मैच की स्थिति में मैदान पर कुछ अच्छा समय बिताने के लिए उत्सुक होंगे, बशर्ते इस हिस्से में लगातार बारिश खेल में खलल न डाले।

## पंत की कप्तानी में टेस्ट मैच सुबह 9.30 बजे से होगा शुरू



### टीमें इस प्रकार

**भारत-ए** : ऋषभ पंत (कप्तान, विकेटकीपर), आयुष म्हात्रे, एन जगदीसन (विकेटकीपर), साई सुदर्शन (उप कप्तान), देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार, हर्ष दुबे, तनुष कोटियन, मानव सुथार, खलील अहमद, गुरनूर बराड़, अंशुल कंबोज, यश ठाकुर, आयुष बडोनी, सारांश जैन।

**दक्षिण अफ्रीका-ए** : मार्केस एकरमैन, तेम्बा बावुमा (केवल दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए), ओकुहले सेले, जुबैर हमजा, जॉर्डन हरमन, रुबिन हरमन, रिवाल्डो मूनसामी, त्शेपो मोरेकी, मिहलाली मपोंगवाना, लेसेगो सेनोकवाने, प्रेनेलन सुब्रायेन, काइल सिमंड्स, त्सेपो नदवांडवा, जेसन स्मिथ, तियान वान वुरेन, कोडी यूसुफ।



### सुदर्शन के पास निखार लाने का मौका

साई सुदर्शन ने अपना अंतिम मैच इस महीने की शुरुआत में दिल्ली में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में खेला था और ये दो मैच उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले अपने खेल में निखार लाने का मौका प्रदान करेंगे। तमिलनाडु के इस बल्लेबाज ने फिलहाल तीसरे नंबर पर अपनी जगह पक्की कर ली है लेकिन वह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए हैं। वह यहां बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे।जहां दक्षिण अफ्रीका का सवाल है तो वह जुबैर हमजा के प्रदर्शन पर नजर रखेगा, जिन्हें लगभग दो साल के अंतराल के बाद टेस्ट टीम में वापस बुलाया गया है।

## खबर संक्षेप

### लौरा ने बनाया रिकॉर्ड पूरे किए 5 हजार रन



**गुवाहाटी।** महिला वनडे वर्ल्ड कप का पहला सेमीफाइनल साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में साउथ अफ्रीकी कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक ठोका। उन्होंने वनडे क्रिकेट में नया रिकॉर्ड अपने नाम किया है। लौरा वोल्वार्ट ने इस पारी के दौरान अपने वनडे करियर में 5000 रन पूरे किए। ऐसा करने वाली वह साउथ अफ्रीका की पहली और दुनिया की छठी खिलाड़ी बनी हैं।

### द. अफ्रीका ने पाकिस्तान को 55 रन से हराया



**रावलपिंडी।** स्टार बल्लेबाज बाबर आजम की टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी यादगार नहीं रही और वह खाता भी नहीं खोल पाए, दक्षिण अफ्रीका की अपेक्षाकृत कमजोर टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में पाकिस्तान को 55 रन से हरा दिया। पाकिस्तान की टीम कोर्बिन बॉश के दोहरे झटकों से नहीं उबर पाई और उसकी टीम 195 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 139 रन पर आउट हो गई।

### सूर्यकुमार बने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 150 छक्के लगाने वाले पांचवें बल्लेबाज

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टी20 चढ़ा बारिश की भेंट, सूर्यकुमार ने छुआ एक और मुकाम

एजेंसी ▶▶| कैनबरा

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव कुछ शानदार शॉट के साथ लय में वापसी करते दिखे, लेकिन खराब मौसम और बारिश के कारण बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच रद्द करना पड़ा। बारिश के कारण 9.4 ओवर के खेल के बाद जब दूसरी बार खेल रोका गया तब सूर्यकुमार 24 गेंद में 39 रन बनाकर नाबाद थे। उन्होंने शानदार लय में चल रहे उपकप्तान शुभमन गिल (20 गेंदों पर नाबाद 37) के साथ दूसरे विकेट के लिए 35 गेंद में 62 रन की साझेदारी के साथ बड़े स्कोर की नींव तैयार कर दी थी। भारत ने खेल रोको जाने से पहले एक विकेट पर 97 रन बना लिए थे। वहीं इस पारी में भारतीय कप्तान ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।

सूर्यकुमार अब टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 या उससे अधिक छक्के लगाने वाले पांचवें बैटर बन गए हैं।



### सूर्यकुमार ने टी20 इंटरनेशनल में पूरे किए 150 सिक्स

सूर्यकुमार यादव अब दुनिया के उन चुनिंदा बल्लेबाजों की लिस्ट में शुमार हो गए हैं, जिन्होंने टी20 इंटरनेशनल में 150 छक्के लगा दिए हैं। टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा छक्के अभी भी रोहित शर्मा के ही नाम हैं, जिन्होंने 205 सिक्स लगाए हैं। खास बात ये है कि रोहित शर्मा ही दुनिया के अकेले ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने इस फॉर्मेट में 200 सिक्स का आंकड़ा पार किया है। इसके बाद यूएई के मोहम्मद वसीम का नंबर आता है,जिन्होंने अब तक 187 सिक्स लगाए हैं। न्यूजीलैंड के मार्टिन गप्टिल ने 173 और इंग्लैंड के जॉस बटलर ने 172 छक्के टी20 इंटरनेशनल में लगाए हैं। अब उसके बाद सूर्यकुमार यादव का नाम आ गया है, जिन्होंने 150 सिक्स पूरे करने में कामयाबी हासिल की है।

### वसीम के बाद सबसे तेज इस मुकाम तक पहुंचे सूर्या

वैसे तो अब तक कुल मिलाकर दुनियाभर के 5 बल्लेबाज टी20 इंटरनेशनल में 150 से अधिक छक्के पूरे कर चुके हैं, लेकिन सबसे तेज इस मुकाम तक पहुंचने के मामले में भारत के सूर्यकुमार यादव दूसरे नंबर पर हैं। यूएई के मोहम्मद वसीम ने 66 पारियों में ही 150 छक्के लगा दिए थे। सूर्यकुमार यादव आज अपनी 86वीं पारी खेलते हुए इस मुकाम तक पहुंचे हैं। बाकी बल्लेबाजों की बात करें तो मार्टिन गप्टिल 101, रोहित शर्मा 111 और जॉस बटलर ने 120 पारियों में 150 टी20 इंटरनेशनल छक्के पूरे किए हैं।

### गिल ने दिखाया आक्रमण और धैर्य का शानदार मिश्रण

गिल ने दूसरे छोर से आक्रमण और धैर्य का शानदार मिश्रण दिखाया। उन्होंने वामहस्त स्पिनर मैथ्यू कुहनेमन के खिलाफ काऊ कॉर्नर (डीप मिडविकेट और लांग लेग के बीच में) पर दर्शनीय छक्का जड़ा। गिल ने इस छक्के के अलावा चार दिलकश चौके भी जड़े। इससे पहले 4.4 ओवर के बाद भी बारिश के कारण खेल को रोकना पड़ा था। बारिश के पहले व्यवधान के बाद जब खेल दोबारा शुरू हुआ तो मैच को 18 ओवर प्रति टीम कर दिया गया था। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया था, जिसके बाद अभिषेक शर्मा (14 गेंद में 19 रन) ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई। एलिस ने हालांकि उन्हें खतरनाक होने से पहले ही चलता कर टीम को पहली सफलता दिलाई।

### महिला वनडे विश्व कप

# भारत को ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का करना पड़ेगा सामना



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय टीम को महिला वनडे विश्व कप के गुरुवार को होने वाले दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा और उसे उम्मीद रहेगी कि कप्तान हरमनप्रीत कौर आठ साल पहले खेली गई जादुई पारी जैसा करिश्मा दिखाने में सफल रहेगी।

हरमनप्रीत की 2017 में इंग्लैंड के डर्बी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 115 गेंदों में नाबाद 171 रन की पारी एक महत्वपूर्ण क्षण था, जिसने महिला क्रिकेट को सुर्खियों में ला दिया था। सात बार के विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पर जीत से न केवल भारत का आत्मविश्वास बढ़ेगा बल्कि आईसीसी खिताब जीतने की उसकी उम्मीदों को भी पंख लग जाएंगे। भारतीय टीम के प्रदर्शन में अभी तक निरंतरता का अभाव रहा है और उसके पास ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को पराजित करने का यह सुनहरा मौका है लेकिन इसके लिए उसके खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

### हरलीन दे सकती है मंधाना को सहारा

हरलीन ने सात मैचों में 75.11 की औसत से बिना किसी अर्धशतक के 169 रन बनाए हैं, जो आकर्षक नहीं लगते हैं लेकिन क्रीज पर टिके रहने की उनकी क्षमता भारत को शीर्ष पर मजबूती प्रदान कर सकती है और मंधाना को एक परिचित सहारा भी दे सकती है, जो रावल दूसरे छोर से प्रदान करती हैं। बेमौसम बारिश के पूर्वानुमान के बावजूद पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल बनी हुई है और बड़े स्कोर का दबाव लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को परेशानी में डाल सकता है। इसके अलावा यह भी बड़ा सवाल है कि क्या भारत को बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव को टीम में बनाए रखना चाहिए या नहीं क्योंकि वह एक कुशल क्षेत्र रक्षक हैं और पिछले मैच में उन्होंने अच्छी गेंदबाजी भी की थी।

**भारतीय टीम** : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, श्रीचरणी, राधा यादव।

## स्थानीय खेल समाचार

### विदिशा में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ आज

# केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया और पूर्व क्रिकेटर कपिल देव करेंगे शुभारंभ

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया और देश को 1983 में क्रिकेट का वर्ल्ड कप जिताने वाले, देश के गौरव, पूर्व भारतीय कप्तान और महान क्रिकेटर कपिल देव कल भोपाल आ रहे हैं। मंडाविया और कपिल यहां से विदिशा जाएंगे और वहां 30 अक्टूबर से 25 दिसंबर तक चलने वाले सांसद खेल महोत्सव में स्थानीय सांसद शिवराज सिंह चौहान के साथ शामिल होंगे। वहीं, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी सांसद खेल महोत्सव में शिरकत करेंगे। मनसुख मांडविया विदिशा जिला खेल परिसर में शाम साढ़े 5 बजे सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। खेलों के प्रति उत्साह और जनजागरूकता बढ़ाने के लिए 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को संपूर्ण संसदीय क्षेत्र में टॉर्च रिले निकाली जाएगी। अब तक कुल 37 हजार 38 खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया है। सांसद खेल महोत्सव में प्रतियोगिताएं तीन स्तरों पर ग्राम पंचायत, विधानसभा और संसदीय स्तर पर आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि देशी खेलों को फिर से स्थापित करने के उद्देश्य से कबड्डी और क्रिकेट प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगी। इन खेलों का आयोजन संसदीय क्षेत्र स्तर तक किया जाएगा।



केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख माडविया का फाइल फोटो



पूर्व क्रिकेटर कपिल देव का फाइल फोटो

### ग्राम पंचायत, विस और संसदीय स्तर पर आयोजित की जाएंगी प्रतियोगिता

सांसद खेल महोत्सव में प्रतियोगिताएं तीन स्तरों पर ग्राम पंचायत, विधानसभा और संसदीय स्तर पर आयोजित की जाएंगी। वहीं देशी खेलों को फिर से स्थापित करने के उद्देश्य से कबड्डी और क्रिकेट प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगी। इन खेलों का आयोजन संसदीय क्षेत्र स्तर तक किया जाएगा। पहले मंडल स्तर पर टीमें अपने मैच खेलेंगी। मंडल के विजेता विधानसभा स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रत्येक आठ विधानसभा क्षेत्रों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके बाद इन विजेता टीमों में से चुनी गई आठ-आठ टीमें संसदीय स्तर पर भिड़ेंगी। उन्होंने कहा कि संसदीय स्तर पर भी प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिए जाएँगे। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि मन को भी आनंद देते हैं। इसलिए पंचायत स्तर पर ऐसे खेलों का आयोजन किया जाएगा जिनमें ग्रामीण जन आसानी से भाग ले सकें। इनमें रस्साकशी, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़ जैसे हल्के-फुल्के खेल शामिल किए जाएँगे।

### 37 हज़ार से ज़्यादा खिलाड़ियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

ग्रामीण स्तर से लेकर संसदीय स्तर तक खिलाड़ियों में जोश देखने को मिल रहा है। हजारों युवा इस महोत्सव में भाग लेकर खेलों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखा रहे हैं। खेलों के प्रति उत्साह और जनजागरूकता बढ़ाने के लिए 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को संपूर्ण संसदीय क्षेत्र में टॉर्च रिले निकाली जाएगी। अब तक कुल 37 हजार 38 खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया है। 2 नवंबर से 19 नवंबर के बीच ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर पर रस्साकशी, म्यूज़िकल चेयर और नींबू दौड़ की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। वहीं 20 नवंबर से 30 नवंबर तक मंडल स्तर की, 5 दिसंबर से 12 दिसंबर तक विधानसभा स्तर की और 15 दिसंबर से 25 दिसंबर तक संसदीय स्तर की फाइनल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

बीडीसीए स्व. गोविंद नारायण सिंह 'दाऊ साहब' कप अंडर -15 बॉयज इंटर क्लब, अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट

# सेंचुरियन, अभय गोस्वामी और उड़ान अकादमी की टीम जीतीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन (बीडीसीए) द्वारा आयोजित (स्व. गोविंद नारायण सिंह दाऊ साहब कप) अंडर -15 बॉयज इंटर क्लब/ अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को तीन मैच खेले गए। बाबे अली, फ़ेथ क्लब और डीपीएस, बाबे अली क्रिकेट मैदान पर अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी और कनारा क्रिकेट क्लब के मध्य मैच खेला गया, कनारा ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी ली, अभय गोस्वामी अकादमी ने 50 ओवर में 6 विकेट पर 210 रन बनाए। इनमें अभय गोस्वामी अकादमी से धैर्य तिवारी ने 107 रन की शतकीय पारी खेली, दिव्यांश गोयल ने 50 रन बनाए। वहीं कनारा के राजीव धाकड़ और मृत्युंजय भट्ट ने 2-2 विकेट एवं अरिन, वेदांत ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में कनारा ने 41.3 ओवरों में 108 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस तरह अभय गोस्वामी अकादमी ने कनारा को 102 रन से हराया।



धैर्य तिवारी 107 रन



प्रखर सिंह 84 रन



युग सिंह 93 रन

### उड़ान क्रिकेट अकादमी ने रोबिन मेनन की टीम को 212 रन से हराया

टूर्नामेंट का दूसरा मैच फ्रेथ क्रिकेट मैदान पर उड़ान क्रिकेट अकादमी और रोबिन मेनन अकादमी के मध्य खेला गया, रोबिन मेनन अकादमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी ली, उड़ान ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 262 रन बनाए, जिसमें युग सिंह ने 93 रन और प्रखर सिंह ने 84 रन ठोके। जवाब में रोबिन मेनन ने 26.3 ओवर में 50 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस तरह उड़ान क्रिकेट अकादमी ने रोबिन मेनन क्रिकेट अकादमी को 212 रनों से हराया ।

### सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी ने ओल्ड फ्रेंड्स को 300 रन से हराया

*टूर्नामेंट का तीसरा मैच डीपीएस मैदान पर सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी और ओल्ड फ्रेंड्स अकादमी के मध्य खेला गया जिसमें सेंचुरियन ने टॉस जीतकर 50 ओवर में 4 विकेट पर 364 रन बनाए, जिसमें नवीन ने 123 रन की शतकीय पारी खेली, आर्य ने 60, अनिमेश सक्सेना ने 50 रन बनाए। जवाब में ओल्ड फ्रेंड्स 38 ओवर में 64 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी ने ओल्ड फ्रेंड्स को 300 रनों से हराया*

### एलएनसीटी, 6वीं सब-जूनियर राज्य स्तरीय रग्बी 7एस प्रतियोगिता

# बालक वर्ग में सीहोर एवं बालिका वर्ग में नर्मदापुरम बना विजेता



एलएनसीटी में पुरस्कार वितरण के दौरान सीहोर बालकों की टीम।



पुरस्कार वितरण के दौरान नर्मदापुरम की बालिकओं की टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मध्य प्रदेश रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा एलएनसीटी यूनिवर्सिटी कोलार रोड में आयोजित 6वीं सब-जूनियर राज्य स्तरीय रग्बी 7एस (बालक-बालिका) प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेले गए सब-जूनियर बालक वर्ग फाइनल के रोमांचक फाइनल मुकाबले में सीहोर जिले ने देवास जिले को 20-10 से हराकर खिताब हासिल किया। हार्डलाइन मुकाबले में रतलाम ने देवास कॉरपोरेशन को 05-00 से हराकर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। सब-जूनियर बालिका वर्ग फाइनल मुकाबले में नर्मदापुरम ने रतलाम को 05-00 से हराकर विजेता का खिताब हासिल किया। हार्डलाइन मुकाबले में बैतूल ने देवास को 10-05 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर डॉ. श्वेता चौकसे प्रो चांसलर एलएनसीटी विद्यापीठ यूनिवर्सिटी इंदौर, अबरार अहमद शेख सचिव रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन मध्यप्रदेश, पंकज कुमार जैन कोषाध्यक्ष रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन मध्यप्रदेश, संदीप जाधव टेक्निकल डायरेक्टर, डॉ देव शर्मा स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी यूनिवर्सिटी,सचिन पुरबिया,अमित कुमार द्वारा विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों के खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बालक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड आरुष पटेल (देवास) एवं बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड आकांक्षा (नर्मदापुरम) को दिया गया।

# भोपाल की सौम्या तिवारी की पारी से मप्र वूमेन टी-20 के फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल



टूर्नामेंट के दौरान विजयी मुद्रा में सौम्या।

सूरत गुजरात के लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में बुधवार को एमपीसीए और केएससीए के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। 20 ओवर के मैच में बारिश ने खलल डाला और मध्य प्रदेश को फाइनल में पहुंचने के लिए 10.3 ओवर में टारगेट पूरा करना था जो कि मध्य प्रदेश ने 10 ओवर में ही टारगेट को पूरा कर दिया और फाइनल में प्रवेश किया। सौम्या ने बखूबी टारगेट को अपने जहां में रखते हुए जरूरी शॉट लगा लगाकर मैच को जिता दिया। इस तरह सौम्या ने पारी में नाबाद रहते हुए कुल 44 रन ठोके। वहीं ओपनर जिंसी जार्ज 4 रन बनाकर ही हिटविकेट हो गईं। वहीं उनके साथ ही पिच पर उतरीं अनुष्का शर्मा सहाना पवार की गेंद पर शून्य रन के स्कोर पर निक्की प्रसाद के हाथों कैच आउट हो गई। इनके बाद आयुषी शुक्ला ने मैच संभाला लेकिन वे भी 37 रन बनाकर रन आउट हो गईं। इनके बाद सौम्या तिवारी ने लड़खड़ाती पारी को संभाला और पारी को जीत दिलाई। जब वे क्रीज पर थीं तो दूसरे छोर पर संस्कृति गुप्ता एक रन के सकोर पर खेल रही थीं। फाईनल मे मध्य प्रदेश का मुकाबला महाराष्ट्र से 31 अक्टूबर को सूरत मे डे नाइट मेच होगाजिसका लाइव प्रसारण किया जाएगा।




## खबर संक्षेप

### एसआईआर में 50 लाख वोटर हटाने की तैयारी: नेता प्रतिपक्ष सिंघार

**भोपाल।** एमपी सहित 12 राज्यों में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया को लेकर मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए है। भोपाल में अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिंघार ने कहा कि चुनाव आयोग ने इसे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन का नाम दिया है, लेकिन वे इसे सिलेक्टिव इंटेंसिव रिमूवल मानते हैं यानी वोटर लिस्ट से चुनिंदा नाम हटाने की प्रक्रिया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब आयोग हर साल स्पेशल समरी रिवीजन करता आया है, तो अब रकफ की आवश्यकता क्यों पड़ी। हर साल जनवरी में नाम जोड़ने और हटाने का काम होता है, तो क्या आयोग को अपनी ही प्रक्रिया पर विश्वास नहीं है। अगर आयोग को खुद पर भरोसा नहीं, तो जनता उस पर कैसे भरोसा करेगी। आयोग ही गड़बड़ी कर रहा, तो एसआईआर पर विश्वास कैसे करें।

### एसआईआर के सिर हार का ठिकरा फोड़ने की तैयारी में कांग्रेस: सोलंकी

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने एसआईआर को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा लगाए गए आरोपों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। डॉ. सोलंकी ने इन आरोपों को मनगढ़ंत बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगी दल जिस तरह से इस एसआईआर की प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं, उन्होने चोर की दाढ़ी में तिनका वाले मुहावरे को चरितार्थ कर दिया है। वास्तविकता यह है कि एसआईआर की प्रक्रिया भारत देश की लोकतंत्र की पवित्रता को धता बताने वाले फर्जी मतदाताओं की पहचान के लिए है, लेकिन कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोग अपनी वोट बैंक की राजनीति के चलते एसआईआर की प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं।

## प्रतिनियुक्ति पर जमे अधिकारी-कर्मचारी भी रहेंगे नेताओं के निशाने पर

# नगर निगम परिषद की बैठक आज, विपक्ष करेगा हंगामा

**एजेंडे में शामिल दो एमएलडी पानी देने के मामले का होगा विरोध**

### नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन की होगी पहली निगम परिषद बैठक

- भाजपा—कांग्रेस पार्षद दलों की हुई बैठक, रणनीति बनाई, परिषद अध्यक्ष ने तैयारियों का लिया जायजा
- चार हजार कर्मचारी भाजपा के इसको लेकर कांग्रेस पार्टी के नेता परिसर के बाहर करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम परिषद की गुरुवार को सुबह 11 बजे परिषद हाल में होने वाली बैठक हंगामेदार होने के आसार हैं। जहां विपक्ष एजेंडे में शामिल दो एमएलडी पानी देने के मामले का विरोध करेगा तो वहीं निगम में प्रतिनियुक्ति पर जमे अधिकारी-कर्मचारी भी नेताओं के निशाने पर रहेंगे।

बुधवार को सुबह भाजपा पार्षद दल की बैठक हुई तो शाम को कांग्रेस की। दोनों पार्टियों के पार्षदों ने अपनी रणनीति तय कर ली है। कांग्रेस पार्षद दल एजेंडे में शामिल एकमात्र बिंदु को लेकर विरोध की बात कह चुका है। परिषद अध्यक्ष का कहना है कि सहमति से जनहित के मुद्दों पर भी चर्चा हो सकेगी। निगमायुक्त जैन की यह पहली बैठक होगी।



फाइल फोटो

**परिषद सभागृह का अध्यक्ष ने किया निरीक्षण**

आईएसबीटी बस टर्मिनस स्थित कुशाभाऊ ठाकरे बस टर्मिनल स्थित परिषद सभागृह बैठक के लिए तैयार है। बुधवार को नगर निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने तैयारियों का जायजा लिया।

**जनहित के मुद्दे शामिल न करने पर सत्ता पक्ष रहेगा विपक्ष के निशाने पर**

कांग्रेस पार्षद दल सत्ता पक्ष को घेरने के लिए एजेंडे में जनहित के मुद्दों को शामिल नहीं करने को लेकर घेरेगा। सड़क, बिजली, पानी, सीवेज आदि की समस्या को लेकर एजेंडे में कोई बिंदु नहीं है।

**कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं: सूर्यवंशी**

नगर निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी का कहना है कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है। एमआईसी की सहमति से एजेंडा आता है। अध्यक्ष की अनुमति से जनहित के मुद्दों पर भी चर्चा हो सकती हैं।

**एमआईसी ने पॉवर का दुरुपयोग किया: शबिस्ता**

नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी का कहना है कि एमआईसी ने अपने पॉवर का दुरुपयोग किया है। एजेंडे में जनहित के मुद्दा ही गायब हैं। शहर में लोग समस्याएं बढ़ रही हैं, उस पर ध्यान नहीं है।

**यह एकमात्र बिंदु है एजेंडे में**

परिषद सचिव की ओर से जारी एजेंडे में भारत सरकार की योजना 2.0 के लिए ग्राम बांदीखेडी बैरसिया में दो एमएलडी पानी सप्लाई के लिए स्वीकृति प्राप्त करने संबंधी विभागीय प्रस्ताव मेयर-इन कौंसिल की अनुशंसा सहित निगम परिषद को विचार के लिए प्राप्त हुआ को शामिल किया गया है।

**झांसी से आने वाली बस में आ रही थी, बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया**

# शिवपुरी जिला अस्पताल से बच्चा चोरी कर भागी महिला सागर में पकड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिवपुरी जिला अस्पताल से एक दिन का बच्चा चोरी कर भागी महिला को सागर पुलिस ने बुधवार रात पकड़ा लिया है। उसके कब्जे से बच्चे को सुरक्षित बरामद किया गया। बच्चे को सागर बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जहां उपचार चल रहा है।

महिला को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। मामले की सूचना शिवपुरी पुलिस को दे दी गई है। शिवपुरी जिला अस्पताल में भर्ती प्रसूता रोशनी आदिवासी ने बच्ची को जन्म दिया था। वार्ड में मौजूद एक अन्य महिला पिछले करीब एक दिन से परिवार के संपर्क में थी और लगातार उनके साथ बातचीत कर रही थी। वह मंगलवार सुबह करीब 5 बजे प्रसूति वार्ड से एक दिन की नवजात को पति को दिखाने का बोलकर उठाकर ले गई। लेकिन वह काफी समय तक वापस नहीं लौटी। परिजन ने आसपास तलाश किया। लेकिन बच्चा और महिला नहीं मिले।

तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। शिवपुरी पुलिस ने नाकाबंदी कर तलाश शुरू की। इसी बीच महिला की लोकेशन सागर जिले के आसपास मिली।

लोकेशन मिलते ही सागर पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही सागर पुलिस ने जिले में नाकाबंदी की। सभी थानों की पुलिस टीमें लगाई गई।

**300 पुलिस जवानों ने चेकिंग कर महिला को पकड़ा**

सागर पुलिस ने बच्चे की तलाश में 300 से अधिक पुलिसकर्मी मैदान में उतारे। जगह-जगह चेकिंग पॉइंट लगाकर बसों की जांच शुरू की। इस दौरान शिवपुरी, झांसी, ग्वालियर की ओर से आने वाली बसों की विशेष रूप से चेकिंग की गई। महिला का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर सामने आया। तभी पता चला कि झांसी की ओर से आ रही बस में महिला मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम कैंट थाना क्षेत्र के पगारा के पास पहुंची। जहां बस को रुकवाया। बस में तलाशी ली तो महिला सीट पर बच्चे के साथ बैठी मिली।

# राजभवन को लोक कल्याण का केंद्र बनाया दूरस्थ पिछड़े क्षेत्रों से जीवंत संवाद किया

- *गोवा के सूचना एवं प्रचार विभाग के प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात*
- *प्रतिनिधि दल पांच दिवसीय प्रवास पर मध्यप्रदेश आया*


राज्यपाल पटेल से प्रतिनिधि दल ने मुलाकात की।

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि उन्होंने राजभवन को लोक कल्याण का केन्द्र बनाया है। प्रदेश के दूरस्थ पिछड़े और वंचित क्षेत्रों के साथ जीवंत संवाद कायम किया है।

कार्यकाल के पहले दो वर्षों में ही प्रदेश के सभी जिलों का भ्रमण किया है। वंचितों के साथ आत्मीयता के सूत्र कायम किए है। वे प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के घर पर परिजनों के साथ सह भोज करते है। प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सजग करने की मंशा से पूर्व में पांच गांवों के भ्रमण का कार्यक्रम देते हैं। पटेल बुधवार को राजभवन में गोवा से मिलने आए सूचना एवं प्रचार विभाग के प्रतिनिधि मंडल से चर्चा कर रहे थे। प्रतिनिधि दल पांच दिवसीय प्रवास पर मध्यप्रदेश आया है। दल इंदौर, उज्जैन और भोपाल में जनसंपर्क, मीडिया हाऊसेस के साथ चर्चा करेगा। उनकी कार्यप्रणाली का अध्ययन करेगा। इन स्थानों के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों का भ्रमण भी करेगा।

**गतिविधियों की दी जानकारी**

राज्यपाल पटेल ने मध्यप्रदेश के वनों, दर्शनीय स्थलों के संबंध में भी दल को जानकारी दी। प्रदेश के विकास कार्यों और गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने दल को बताया कि धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं प्रधानमंत्री जनमन योजना की पहल अभूतपूर्व है। योजनाओं के माध्यम से देश के हर जनजातीय परिवार को लाभान्वित करने का प्रयास है। उन्होंने आदि कर्मयोगी योजना के माध्यम से जनजातीय जन जागरण के प्रयासों का भी ब्यौरा दिया।

**सागर के देवरीकलां की घटना**

# बेटे ने सब्बल से हमला कर माता-पिता की हत्या की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टिकरिया चौराहे पर छोटे बेटे ने अपने मां-बाप की हत्या कर दी। दोनों के शव घर के सामने खून में लथपथ हालत में पड़े हुए हैं। सूचना मिलने पर एसडीओपी शशिकांत सरयाम एवं टीआई गजेंद्र सिंह बुंदेला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, और हत्या के आरोपी बेटे शिवराज को हिरासत में ले लिया है।

बेटे ने मां-बाप की हत्या क्यों की है, इसका राजफाश पुलिस ने अभी नहीं किया है। टीआई गजेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया कि घटना करीब आठ बजे रात्रि की है। उन्होंने बताया कि नेशनल हाईवे 44 के टिकरिया चौराहे के पास घर के बाहर से गणेशराम सेन 55 साल और उनकी पत्नी शांतिबाई सेन 52 साल की दोनों के शव लहूलुहान हालत में बरामद किए। दोनों शवों को पुलिस ने रात्रि में ही पोस्टमार्टम केंद्र भिजवाया है। पुलिस ने बताया कि हत्या की वजह अभी पता नहीं चल सकी है।

**हार्ट ट्रांसप्लांट के बाद महिला को आया होश**

# एम्सः डॉक्टरों को 'थम्सअप' का इशारा कर बताया 'मैं ठीक हूं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल में हुए हार्ट ट्रांसप्लांट के बाद महिला को बुधवार शाम होश आया। महिला को होश में देख डॉक्टरों ने जब मरीज से उनका हाल पूछा तो महिला ने 'थम्सअप' का इशारा कर बताया 'मैं ठीक हूं'।

होश आने के बाद बुधवार शाम से महिला को लिक्विड डाइट देना शुरू कर दिया गया है। महिला में लगाया गया हृदय सामान्य रूप से काम कर रहा है। सभी पैरामीटर ब्लड प्रेशर, हार्ट पंपिंग और पल्स रेट सामान्य हैं। वहीं किडनी ट्रांसप्लांट वाले 30 वर्षीय युवक की हालत में भी सुधार है। वर्तमान में उसे हाई डिपेंडेंसी यूनिट (एचडीयू) में रखा गया है। बुधवार शाम तक की स्थिति पर बोलते हुए एम्स प्रबंधन से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि हार्ट ट्रांसप्लांट वाली 41 वर्षीय महिला की स्थिति स्थिर है। वह अब वेंटिलेटर सपोर्ट से बाहर आ गई हैं। साथ ही अब होश में हैं।

# सीबीएसई की बिना मान्यता के कैंपियन स्कूल का संचालन करने पर प्रिंसिपल को एक साल की सजा

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

कैंपियन स्कूल के प्रिंसिपल एलेक्स लकड़ा को सीबीएसई की बिना मान्यता के स्कूल का संचालन करने के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी लोकेश तारण ने दोषी ठहराते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास एंव एक हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

कैंपियन स्कूल के द्वारा वर्ष 2012 से 2013 तक विद्यालय की डायरी, वेबसाइट और अन्य दस्तावेजों में विद्यालय को सीबीएसई मान्यता प्राप्त बताते हुए प्रचारित किया गया था। इसी आधार पर 1409 से अधिक बच्चों का प्रवेश कराया गया और उनसे फीस के नाम पर भारी राशि वसूली गई। परिवादी नितेश लाल एवं गोपाल मुखरैया ने अधिवक्ता रवि गोयल के माध्यम से न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत कर बताया था कि कैंपियन स्कूल के द्वारा वर्ष 2012 से 2013 तक विद्यालय की डायरी, वेबसाइट और अन्य दस्तावेजों में विद्यालय को सीबीएसई मान्यता प्राप्त बताते हुए प्रचारित किया गया था। इसी आधार पर 1409 से अधिक बच्चों का प्रवेश कराया गया।

# प्रदेश में 118 विभिन्न मुख्य खनिज ब्लॉकों की हुई सफल नीलामी : उमाकांत उमराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत सरकार के खान मंत्रालय के सचिव पीयूष गोयल ने कहा कि मप्र में बंद पड़ी खदानों को शुरू करने में सराहनीय कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नीलाम किए गए खनिज ब्लॉकों में भी मप्र राज्य ने उत्कृष्ट कार्य किया है।

गोयल ने ब्लॉक के सफल बोलीदारों के साथ खनन संचालन प्रारंभ करने के लिए चर्चा की। उन्होंने बोलीदारों को वैधानिक अनुमति प्राप्त करने में आ रही कठिनाइयों के निराकरण के लिए सुझाव दिया। यह बात सचिव गोयल ने होटल ताज लेंक फ्रंट भोपाल में मुख्य खनिज ब्लॉक के संचालन की समीक्षा बैठक में कही।

उन्होंने खदान संचालन के लिए वैधानिक कठिनाई दूर करने के लिए नीलाम किए जाने के पहले जिला स्तर पर नीलाम ब्लॉक में शामिल भूमि के परीक्षण के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में वन, राजस्व एवं खनिज साधन विभाग की कमेटी गठित किए जाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में संचालक प्रशासन एवं खनिकर्म फ्रेंक नोबल, पीसीसीएफ मनोज अग्रवाल, सचिव पर्यावरण अतुल मिश्रा, मेंबर सेक्रेटरी सिया दीपक आर्य तथा भारत सरकार खान मंत्रालय, पर्यावरण मंत्रालय, सफल बोलीदारों, उनके प्रतिनिधि और खनिज साधन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। सचिव गोयल ने भारत सरकार की ओर से किए जा रहे नीतिगत प्रयासों की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि खनन संचालन के लिए वैधानिक अनुमति प्राप्त करने में लगने वाले समय को न्यूनतम किए जाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है, लेकिन इसमें सफल बोलीदार को भी अपने स्तर पर प्रयास करना होंगे।




**केंद्रीय मंत्री शिवराज ने कहा- राष्ट्र को श्रेष्ठ बनने के लिए व्यक्तियों का श्रेष्ठ होना आवश्यक**

# अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रांत स्तरीय युवा चिंतन शिविर का शताब्दी वर्ष के संकल्पों के साथ भव्य समापन

**स्थित शारदा विहार आवासीय विद्यालय में हुआ आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केरवा डैम मार्ग पर स्थित शारदा विहार आवासीय विद्यालय में दिनांक 27 से 29 अक्टूबर तक चले अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रांतीय युवा चिंतन शिविर का बुधवार को भव्य आयोजन के साथ समापन हुआ। इस तीन दिवसीय चिंतन शिविर में पूरे प्रदेश के सभी जिलों के चयनित 3000 से अधिक युवाओं ने एवं संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं को समाज के प्रति अपने दायित्व का बोध कराकर विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम के तीसरे दिन प्रातः काल विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गायत्री परिवार के साथ अपनी संबद्धता को व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को श्रेष्ठ बनने के लिए व्यक्तियों का श्रेष्ठ होना आवश्यक है और व्यक्तित्व परिष्कार का यही लक्ष्य, यही सूत्र लेकर गायत्री परिवार विगत लगभग 70 वर्षों से यह काम कर रहा है। कार्यक्रम की स्मृति के रूप में शारदा विहार आवासीय विद्यालय के परिसर में सीता अशोक के वृक्ष का रोपण किया। सभा में जितेन्द्र गुप्ता, (अभा संयोजक स्वावलंबी भारत मिशन) और सुधीर दाते (सचिव, शारदा विहार व क्षेत्रीय संयोजक, स्वदेशी जागरण मंच) ने भी ओजस्वी उद्गारों से युवाओं को प्रेरणा दी। गायत्री परिवार के केंद्र शांतिकुंज से पधारे व्यवस्थापक योगेंद्र गिरी ने आगामी वर्ष 2026 में वंदनीय माताजी की जन्म शताब्दी एवं अखंड दीप के प्राकट्य के शताब्दी वर्ष पर हमें क्या करना चाहिए, शांतिकुंज से क्या अपेक्षा व्यक्त की गई है, इस पर विस्तार से प्रकाश डाला इसके इसके साथ ही कार्यक्रम में पधारे हुए सभी युवा प्रतिभागियों को पाथेय के रूप में अपना संदेश देते हुए युवा प्रकोष्ठ शांतिकुंज के केंद्रीय समन्वयक केदार प्रसाद दुबे ने कहा कि प्रत्येक युवा को एक श्रेष्ठ कार्यकर्ता बनना है। अतः हमारे जीवन में राष्ट्र प्रेम, अनुशासन एवं नैतिक गुणों का समावेश अनिवार्य रूप से होना चाहिए। हम यहां से जाएं तो जिन संकल्पों को हमने व्यक्त किया है उन संकल्पों को पूर्ण करने के लिए प्राणपण से जुट जाना पड़ेगा।


गायत्री परिवार के साथ केंदीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान


कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930